धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
29.09.2024

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 80 | * * नगर संस्करण । पेज : 12



दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत: मोदी

## न्यूज डायरी

### राज्य में 99 फीसदी सीटों पर निर्णय पूरा : हिमंता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी ने हिमंतस विश्वा सरमा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी, जदयू और भाजपा के साथ गठबंधन होगा। 99 प्रतिशत सीटों पर फैसला हो चुका है। कुछ सीटों की ही चर्चा बाकी है। पितृ पक्ष समाप्त होते ही गठबंधन की घोषणा हो जायेगी।

### सीबीआइ ने धनबाद में घूस लेते दो को दबोचा

**रांची।** सीबीआइ ने कोल परियोजना के प्रबंधक और एक कर्मी को घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। सीबीआइ टीम ने कोलियरी मैनेजर के आवास के पास जाल बिछाया और धनबाद के ईसीएल मुगमा क्षेत्र स्थित श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा और क्लर्क गौर गोराई को 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। घर की तलाशी में कुछ कागजात व लैपटॉप जब्त कर लिया। पेशी के बाद जेल भेज दिया।

### सीएम करेंगे नये नगर निगम भवन का उद्घाटन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक अक्टूबर को हजारीबाग नगर निगम के नये भवन का उद्घाटन करेंगे। नगर विकास विभाग के निर्देश पर जुडको ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस भवन का परिसर 60,912 वर्गफुट में फैला हुआ है। इसे 24.95 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इसमें महापौर, उप महापौर और नगर आयुक्त के कार्यालय हैं। इसके अलावा स्थाई समितियों की बैठकों के लिए स्थान, और अधिकारियों के लिए कार्यालय भी बनाये गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार इसके अलावा 1000 क्षमता वाला बोर्ड रूम, 35 लोगों की क्षमता का कोर्ट रूम, 21 सदस्यों के लिए स्टैंडिंग कमेटी का कक्ष, कैफैटेरिया उपलब्ध है।

### भारत ने यूएनओ में पाक को दी कड़ी चेतावनी

**नयी दिल्ली।** भारत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के उन बयानों पर कड़ा ऐतराज जताया जिसमें उन्होंने नई दिल्ली पर कश्मीर में तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया था। भारत ने महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है। भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से उसे भुगतने पड़ेंगे।

### भारत इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास ने कहा है कि भारत फिलहाल 14 करोड़ चालीस लाख टन उत्पादन के साथ इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। उन्होंने शनिवार को नयी दिल्ली में स्वच्छ इस्पात उत्पादन पर तीन दिन के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस्पात क्षेत्र में कुशलता और तकनीकी नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे वैश्विक इस्पात उत्पादन दो अरब टन के करीब हो गया है।

## शत प्रतिशत स्कॉलरशिप पर उच्च शिक्षा के लिए 22 युवाओं को सौंपा स्वीकृति पत्र

# 20 लाख आवास विहीन परिवारों को देंगे पक्का मकान : मुख्यमंत्री

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति शिलान्यास, नियुक्ति पत्र और परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से झारखंड के 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों के 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण को माफ किया। राज्य सरकार झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है वहीं पुराने बिजली बिल को माफ भी किया गया है। यह बातें मुख्यमंत्री उन्होंने शानिवार को खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति शिलान्यास, नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में कही।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ स्कॉलरशिप पाने वाले विद्यार्थी।

**पारदेशीय छात्रवृत्ति के लाभुक छात्रों की संख्या में होगी वृद्धि** : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का एकमात्र राज्य है जहां की सरकार बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। उन्होंने कहा कि इस बार अधिक आवेदन आए हैं। इसकी संख्या बढ़ाने की बात कही गई है। श्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार 100 बच्चों को स्कॉलरशिप देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस पर ठोस निर्णय के साथ आगे बढ़ेंगे। सरकार ने आम लोगों से कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से आप जो भी कार्य करना चाहते हों, इस योजना का लाभ लें।

उन्होंने पूर्व की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में योजनाएं तो बनीं लेकिन उसका लाभ गरीबों को नहीं मिल पाया लेकिन झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की हमारी सरकार ने जनहित की योजनाओं का रूप ऐसा बनाया है ताकि सीधे हर जनता को उसका लाभ मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। अब पदाधिकारी पंचायत, गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

**सभी पात्र लोगों को मिला सर्वजन पेंशन योजना का लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार में झारखंड देश का पहला राज्य बना, जहां सभी जरूरतमंद को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। उनकी सरकार ने दलाली करने वाले बिचौलियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। लोग अगर 50 वर्ष के हो गए तो आधार कार्ड लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास जाएं तत्काल वृद्धा पेंशन का कार्ड बन जायेगा।

**नारी शक्ति को सम्मान के साथ आर्थिक रूप से कर रहे मजबूत**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत बहन-माताओं को मजबूत बना रहे हैं। राज्य के नौजवानों को नौकरी दे रहे हैं। आदिवासी, मूलवासियों की हितों के लिए राज्य सरकार ने झारखंड विधानसभा से सरना धर्मकोड पारित कर केंद्र सरकार को भेजा लेकिन उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हमारी सरकार ने स्थानीय नीति बनाई उस पर ग्रहण लगा दिया गया। उन्होंने कहा कि सिर्फ झारखंड ही इस देश में ऐसा राज्य है, जहां गरीबों को रोटी, कपड़ा, मकान, बच्चों के शिक्षा के लिए ऐसा रास्ता खोलने का प्रयास कर रहे हैं जो भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। हमारी सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना लागू की है, इस योजना का लाभ लेकर आप अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी अधिकारी, वकील और पत्रकार बना सकते हैं। गुरुजी क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बिना कोई गारंटी के बैंक आपको 15 लाख रुपये तक शिक्षा ऋण उपलब्ध करायेगा।

## आइटीआइ प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# आज के तकनीकी युग में दक्ष व हुनरमंद होना जरूरी : हेमंत

सुनहरा अवसर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को जैप-1, डोरंडा के शौर्य सभागार में आयोजित नव चयनित 444 आइटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है। अब हर व्यक्ति को दक्ष और हुनरमंद होना आवश्यक हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कई चुनौतियां रही है, लेकिन हमारी सरकार ने कभी हार नहीं मानी। राज्य सरकार न रुकी न थकी, क्योंकि आम लोगों का समर्थन और प्यार हमारी सरकार को हमेशा प्राप्त होता रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रोजगार के रास्ते पर नौजवानों को नयी दिशा देने का अथक प्रयास कर रही है। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए गए हैं।

**प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से संबंधित सभी कड़ियों को जोड़ा** : मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों में नौकरियों के सृजन के लिए उनकी सरकार ने विसंगतियों को दूर कर नयी नियुक्ति नियमावली बनायी। उनकी सरकार ने रिकॉर्ड दिनों में परीक्षा संचालित कर नियुक्तियां भी दीं।

**युवा निरंतर आगे बढ़ रहे** : सीएम ने कहा कि पॉलिटेक्निक केंद्रों में कैंपस सलेक्शन में इस वर्ष लगभग 3 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों जैसे टाटा मोटर्स, हिताची, होंडा, मारुति सुजुकी में रोजगार राज्य सरकार के प्रयास से उपलब्ध कराया गया है।

## इलेक्ट्रॉल बॉन्ड में जबरन वसूली का आरोप

# केंद्रीय वित्त मंत्री के खिलाफ बेंगलुरु में एफआइआर दर्ज

**एजेंसी**



**बेंगलुरू/नयी दिल्ली।** बेंगलुरू की एक विशेष अदालत के निर्देश पर शनिवार को तिलकनगर पुलिस स्टेशन में चुनावी बॉन्ड में पुलिस ने जबरन वसूली के आरोप में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जन अधिकार संघर्ष संगठन से जुड़े आदर्श अय्यर ने उनके खिलाफ शिकायत कर आरोप लगाया था कि सीतारमण और अन्य ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के नाम पर जबरन वसूली की है। शिकायत में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक भाजपा के तात्कालीन अध्यक्ष नलिन कुमार कुटील और डीवाई विजेंद्र के खिलाफ शिकायत दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कॉर्पोरेट संस्थाओं को हजारों करोड़ के इलेक्टोरल बांड खरीदने के लिए विवश किया गया। इन इलेक्ट्रॉल बॉन्ड का इस्तेमाल भाजपा नेताओं ने केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर किया है।

वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है।

# हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी राज्य सरकार

घुसपैठ मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संथाल इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने और इसकी जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश को राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। राज्य सरकार अगले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करेगी और कर हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करने की मांग करेगी। राज्य सरकार हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देगी, जिसमें अदालत ने घुसपैठ की जांच के लिए केंद्र और राज्य सरकार से फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित करने और इसके लिए दो अधिकारियों का नाम 30 सितंबर से पूर्व अदालत को बताने का निर्देश दिया था।



बता दें कि जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा संथाल के इलाके में घुसपैठ का मामला उठाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इस याचिका पर अब तक की हुई सुनवाई में केंद्र सरकार ने जवाब में कहा है कि संथाल इलाके में आदिवासियों की संख्या घटी है और वहां की जमीन मुस्लिम धर्म के लोगों को गिफ्ट डीड के जरिये दी जा रही है। वहीं केंद्र ने अपने हलफनामे में यह बताया है कि संथाल इलाके में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या कई गुणा बढ़ी है और आदिवासियों की आबादी 44 फीसदी से घटकर 28 फीसदी रह गयी है। वहीं बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा घुसपैठ किये जाने को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी गयी है।

## औचक निरीक्षण



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मेकॉन चौक से सिरमटोली चौक तक बन रहे फ्लाईओवर का शनिवार को औचक निरीक्षण किया।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा 2024 में अनियमितता मामला

# जेएसएससी ने रांची और हजारीबाग के उपायुक्त से 24 घंटे में मांगी जांच रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारीय चयन आयोग ने संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) में अनियमितता की शिकायत पर रांची और हजारीबाग के उपायुक्त से 24 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है।

बता दें कि सीजीएल परीक्षा में अनियमितता की शिकायत की जांच गठित कमेटी के अध्यक्ष सह जेएसएससी के सचिव सुधीर गुप्ता हैं। उन्होंने कहा है कि अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से शिकायत की थी।

आयोग के सचिव ने रांची के उपायुक्त को पत्र भेजकर कहा है कि शिकायत पत्र के अनुसार प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल (परीक्षा केंद्र कोड 711) में 21 सितंबर को पहली पाली की परीक्षा में तीसरे पत्र की जगह दूसरे पत्र का प्रश्न पत्र दे दिया गया। वहीं, आंसर बुकलेट तीसरे पत्र का दिया गया, जो प्रश्न से पहले दिया जाता है। फिर एक घंटे समय बीत जाने के बाद तीसरा पत्र दिया गया। इसके कारण आंसर बुकलेट और क्वेश्चन बुकलेट मैच नहीं किया। सचिव ने हजारीबाग के उपायुक्त से कहा है कि अभ्यर्थियों द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि हिन्दू हाई स्कूल, हजारीबाग (परीक्षा केंद्र कोड 492) में कमरा संख्या चार में एक पुलिस अधिकारी एक लड़की को उत्तर लिखवा रहे थे। एक लड़की ने व्हाइस मैसेज के माध्यम से जानकारी शिकायतकर्ता अभ्यर्थियों को दी है। उन्होंने इस बिंदु पर जांच कर ही रिपोर्ट देने को कहा है। श्री गुप्ता ने आयोग में शिकायत करनेवाले छह शिकायतकर्ताओं को एक बार फिर पत्र भेजकर साक्ष्य के साथ आने को कहा है।

### 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**रांची/गिरिडीह।** झारखंड सरकार की आत्मसर्मपण नीति नयी दिशा एक नयी पहल से प्रभावित होकर जोनल कमिटी मेंबर 10 लाख के इनामी नक्सली 70 वर्षीय रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा उर्फ नीलेश उर्फ अमर दा ने गिरिडीह पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि रामदयाल का अपराधिक इतिहास बहुत बड़ा रहा है। गिरिडीह जिले में बच्चन के खिलाफ अलग-अलग थानों में 65 मामले दर्ज हैं। धनबाद जिला में भी 11 मामलों में संलिप्ता है। राम दयाल महतो उर्फ बच्चन दा उर्फ नीलेश उर्फ अमर दा गिरिडीह जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के पीपराडीह गांव का रहनेवाला है।

## राजस्थान के सीएम ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

# आदिवासियों को बहका रही है राज्य सरकार : भजन लाल शर्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/देवघर।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तहत शनिवार को केकेएन स्टेडियम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झामुमो, कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा और कहा कि ये आदिवासियों को बहका रही हैं और राज्य सरकार के घोषणा पत्र में किए गए वादों का पालन नहीं कर रही हैं। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं का उल्लेख कर कहा कि भाजपा परिवारवाद और वंशवाद के खिलाफ है। वहीं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में परिवर्तन की सुनामी आ रही है। उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का आरोप लगाते हुए विकास विरोधी सरकार को हटाने की बात कही।

### सरकार कराये उत्पाद सिपाही बहाली मामले की जांच : हिमंता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिश्व सरमा ने कहा कि झारखंड हाई कोर्ट की टिप्पणी है कि राज्य को घुसपैठियों ने हाईजैक कर रखा है। मंत्री इरफान अंसारी को इस बारे में सोचना चाहिए। श्री सरमा ने कहा कि उत्पाद सिपाही नियुक्ति मामले में जांच का दायित्व राज्य सरकार का है। अगर उन्हें लगता है कि उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख सकते हैं। अगर वे ऐसा करते हैं तो भारतीय जनता पार्टी उसका स्वागत करेगी।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 94000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## नाशपाती, अरहर और मूंगफली समेत कई फसलों के लिए झारखंड की भूमि उपजाऊ

# झारखंड के पलामू से अरहर दाल खरीदेगी केन्द्र सरकार : कृषि मंत्री

कृषि पर फोकस

**एजेंसी**

**पलामू।** केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि पलामू की अरहर दाल काफी मशहूर है। केन्द्र यहां से दाल खरीदेगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जायेगा। किसानों की खेतों पर सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जायेगा। यहां की नदियों का पानी बहकर बेकार हो जाता है। इसे उपयोग में लाया जाएगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को पलामू से वीसी के जरिए हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान के एक्जीक्यूटिव छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।




केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पलामू की भूमि उर्वरा है। यहां कृषि उपज की संभावना असीम है। सरकार यहां मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायेगी। श्री चौहान ने संस्थान के नामकरण की जटिलता को लेकर कृषि उच्चाधिकारियों से नाराजगी जतायी और इसे उसके काम के अनुरूप बनाने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को उसके उद्देश्य का पता चल सके।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि नाशपाती, अरहर दाल और मूंगफली समेत कई फसलों के लिए पलामू और झारखंड की भूमि उपजाऊ है। इसके समुचित विकास की जरूरत है। केन्द्र सरकार हर मदद देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह योजना बना कर चरणबद्ध तरीके से पलामू समेत पूरे झारखंड को कृषि क्षेत्र कार्य के लिए जल्द ही कार्यक्रम को गति प्रदान करेंगे। उन्होंने पलामू के उपायुक्त शशि रंजन को भरोसा दिलाया कि केंद्र उन्हें हर संभव मदद करेगा, जिससे किसानों के आय में वृद्धि हो सके।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पलामू डीसी शशि रंजन, एसडीएम सुलोचना मीणा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## गरीबों के सपने पूरे होने से भाजपा परेशान

# हेमंत के नेतृत्व में फिर बनेगी झारखंड में सरकार : कल्पना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर हेमंत के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनेगी। अबुआ सरकार झारखंडियों के सपनों को पूरा कर रही है, तो भाजपा वालों को परेशानी हो रही है। माताओं और बहनों का झामुमो को फिर से आशीर्वाद मिलेगा और हमारी सरकार बनेगी। कल्पना सोरेन इन दिनों चंपई सोरेन के गढ़ कोल्हान की यात्रा पर हैं। खरसावां में सभा के बाद कल्पना सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि 2019 से ही सरकार गिराने की साजिश हो रही है। पर साजिशकर्ता सफल नहीं हो रहे हैं। कल्पना सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को क्रांतिकारी कदम बताया। वहीं कुछ लोग कोर्ट में पीआइएल दाखिल कर इस योजना को बंद कराना चाहते है। उन्होंने कहा कि जब ऐसे ही कार्यक्रम दूसरे राज्यों में बनते हैं तो वह संवैधानिक हो जाते हैं लेकिन झारखंड में हेमंत सोरेन कुछ भी करें तो वह असंवैधानिक कैसे हो सकता है।



## बेरूत पर हमला

### हिजबुल्लाह का शीर्ष नेता हसन नसरल्लाह मारा गया

**बेरूत।** इजराइली रक्षा बलों ने दावा किया है कि बेरूत पर कल किये गये उनके हमलों में हिजबुल्लाह का शीर्ष नेता हसन नसरल्लाह मारा गया है। इजरायली सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने एक्स पर यह घोषणा की। लेबनान की सेना ने इस्राइल के इस दावे की पुष्टि की है। नसरल्लाह 32 वर्षों से अधिक समय से ईरान समर्थित इस समूह का नेतृत्व कर रहा था। उसने एक आध्यात्मिक और राजनीतिक नेता के रूप में कार्य करते हुए हिजबुल्लाह को लेबनान में प्रमुखता से स्थापित किया था और वह उसे निर्देश भी देता था। बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह में हवाई हमले में हिजबुल्लाह के दक्षिणी मोर्चे का कमांडर अली कार्की और अन्य हिजबुल्लाह कमांडर भी मारे गये हैं।

## हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह तीन को भाजपा में होंगे शामिल



**रांची।** एनसीपी (अजीत पवार गुट) के विधायक कमलेश सिंह भाजपा में शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक, तीन अक्तूबर को रांची में आयोजित मिलन समारोह में वह भाजपा की सदस्यता लेंगे। कमलेश सिंह ने एनसीपी के अजीत पवार गुट में रहते हुए झारखंड में बीते दिनों एनडीए को समर्थन दिया था। बीते राज्यसभा चुनाव में भी उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया था। हुसैनाबाद सीट पर भाजपा ने बीते चुनाव में कोई प्रत्याशी नहीं उतारा था। भाजपा के द्वारा एक निर्दलीय प्रत्याशी विनोद सिंह को समर्थन दिया गया था। विनोद सिंह भी फिलहाल भाजपा में ही हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा**
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**शुद्धि पत्र**

PR.No.336941 Road(24-25)#D से अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना Tender Ref No-RCD/KODERMA/1007/2024 दिनांक–24.09.2024 द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–5 में कार्य पूर्ण करने की अवधि को 2 माह के स्थान पर 45 दिन पढ़ा जाय।

शेष निविदा की शर्तें यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डलकोडरमा

PR 337487 (Road)24-25*D



**HAZARIBAG MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAG**

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

**RATE CONTRACT OF SUPPLY OF TRACTOR WITH TROLLY.**

Hazaribag Municipal Corporation (HMC) invites Tenders for selection of manufacturer/supplier of Tractor with Trolly, supply of Tractor with Trolly by registered company/proprietorship/firm.

**SUBMISSION OF PROPOSALS.**

Request for proposal (RFP) consisting of scope of work and technical may be seen in office notices board. Interested applicants may submit their proposals along with a Demand Draft of Rs. 10,000/-(Ten Thousands) as a tender fee (Non Refundable) & EMD of 2,00,000.00 in favour of "**Municipal Commissioner, Hazaribag Municipal Corporation**" Payable at **Hazaribag**.

**DETAILED SCHEDULE OF BIDDING PROCESS:-**

| Sl No. | Particular | Important Instructions |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate contract for Supply of Hydrolic Tractor with Trolly |
| 2 | Time of Delivery | 20 days |
| 3 | Date of Publication of Tender | 27.09.2024 |
| 4 | Mode of Submission of BID | By speed post/Registred/Hand |
| 5 | Last Date of Submission of Tender& Tender Fee and EMD | 08.10.2024 up to 2:00 PM |
| 6 | Date of opening of technical Bid | 08.10.2024 up to 3:00 PM |
| 7 | Tender Fee in term of DD | 10,000/-(Ten Thousands) |
| 8 | EMD in Terms of DD | 2,00,000/-(Two lac) |
| 9 | Validity of proposal | 90 Days from due date of submission of proposal. |
| 10 | Validity of RFP | One year |

More details such as Scope of Work, General Terms & Conditions etc. are provided in document which can be seen notice board of HMC.

PR 337530 Urban Development and Housing(24-25).D

Municipal Commissioner,
Hazaribag Municipal Corporation


# बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालेगी भाजपा : बाबूलाल

## सरकार ने सिर्फ अपना और अपने परिवार की भरी तिजोरी

- चुनाव आया तो याद आयी मंईया सम्मान योजना
- युवाओं को नौकरी नहीं दी, दौड़ाकर ले ली जान
- मुंबई, कोलकाता और अन्य शहरों में बेचा जा रहा बालू
- भाजपा ही महिलाओं का सम्मान करेगी




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पोड़ैयाहाट मैदान में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में अगर कोई सबसे ज्यादा कोई प्रभावित हुए हैं तो वो हमारे आदिवासी समाज के लोग हैं। आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी सबसे ज्यादा आदिवासियों की जमीन और आदिवासियों की इज्जत लूटी गयी है। सरकार ने 1000 करोड़ का खनन घोटाला किया है। साथ ही सेना की जमीन को भी लूट खाया, हेमंत सरकार ने झारखंड को लूट और झूठ के सिवाय कुछ नहीं दिया है। बंग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है। अगर यही हाल रहा तो आगामी दिनों में आदिवासियों के लिए खतरा है। बाबूलाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो बंग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा।

**प्रदेश में बनानी होगी भाजपा की सरकार :** भाजपा ही आदिवासियों के माटी, रोटी और बेटी की रक्षा कर सकती है। इसके लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी होगी। 1951 में आदिवासियों की संख्या 36 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 26 प्रतिशत रह गयी है। वहीं संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत थी, जो कम होकर 28 प्रतिशत पहुंच गयी है। झारखंड में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है।

**सीएम ने ही सबसे अधिक किया सीएनटी एक्ट का उल्लंघन :** बाबूलाल ने कहा कि झारखंड के बालू को मुंबई, कोलकाता और अन्य शहरों में बेचा जा रहा है। पहाड़ों से पत्थर की खुदाई की जा रही है और उसे बेचा जा रहा है। सेना की जमीनों को भी नहीं छोड़ा गया।

झामुमो सीएनटी एक्ट की रक्षा करने का दावा करती है और दूसरी ओर हेमंत सोरेन ने ही सीएनटी एक्ट का सबसे अधिक उल्लंघन किया है। सीएनटी एक्ट में फर्जीवाड़ा कर झारखंड की जमीन बेचने का काम किया है।

लोगों की जमीन में गड़बड़ी की है और अब जब लोग जमीन का दस्तावेज ठीक कराने जा रहे हैं तो अफसर उनसे पैसे मांग रहे हैं। मरांडी ने वादा किया कि अगर भाजपा की सरकार बनी तो गांव-गांव में अफसर जाकर लोगों की जमीन के दस्तावेज ठीक करने का काम करेंगे, अगर नहीं करेंगे तो उन्हें जेल भेजा जायेगा।

### युवाओं को नौकरी नहीं दी, लेकिन दौड़ाकर ले ली जान

सीएम हेमंत सोरेन मंईंया सम्मान योजना लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में भाजपा सरकार महिलाओं को सम्मान निधि दे रही है, झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो भाजपा ही महिलाओं का सम्मान करेगी। आगे कहा कि अगर हेमंत सोरेन की नीयत ठीक होती तो पहले ही इस योजना को लेकर आते। इस सरकार ने नौकरी तो दी नहीं लेकिन उत्पाद सिपाही बहाली के नाम पर युवाओं को इतना दौड़ाया की उनकी मौत हो गयी। भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसने किसी को ठगने का काम नहीं किया। भाजपा जो वादा करती है, उसे पूरा करती है।

### चार सार्जेंट मेजर का तबादला, एक का ट्रांसफर रद्द

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर का तबादला किया है। वहीं एक सार्जेंट मेजर का ट्रांसफर रद्द कर दिया है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, ब्रजेश कुमार को स्पेशल ब्रांच, अजीत कुमार चौबे को जामताड़ा, राजेश रंजन को सीटीसी मुसाबनी और विधान चंद्र शर्मा को सीटीसी मुसाबनी में तबादला किया गया। जबकि अभिनव पाठक का ट्रांसफर रद्द करते हुए उन्हें केंद्रीय वस्त्र भंडार रांची में पदस्थापित किया गया।

## कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में जनता से ली गई राय

# प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- बनाएंगे जन घोषणा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कांग्रेस के मेनिफेस्टो कमिटी की बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में रांची प्रेस क्लब सभागार में हुई। बैठक में इस बात का मंथन हुआ कि किन मुद्दों को जगह दी जाए ताकि घोषणा पत्र वास्तविक रूप से जन घोषणा पत्र का स्वरूप ले सके। मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य के रूप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अजय नाथ शाहदेव, अशोक चौधरी, जगदीश साहू, सतीश पॉल मुंजनी, शहजादा अनवर सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। वहीं अपरिहार्य कारणों से मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की बैठक की समाप्ति के बाद पहुंचे।

**समाज के सभी वर्गों के लोगों से लिए गए सुझाव :** समाजसेवी बलराम के साथ-साथ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गठ्ठानी, झारखंड प्रदेश टैक्सी और एप बेस्ड वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की परामर्श बैठक में सामाजिक संगठनों, समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग, सिविल सोसाइटी, गिग वर्कर,आम जनों के साथ कांग्रेस के मेनिफेस्टो के संबंध में चर्चा की गई और उनसे परामर्श लिया गया।

**हमारे लिए हर एक सुझाव महत्वपूर्ण : केशव महतो कमलेश :** बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की कला-संस्कृति, धार्मिक जैसे सभी चीजों का समुचित संरक्षण और खासकर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, गुड गवर्नेंस इन तीन-चार मुद्दों पर ज्यादा फोकस किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के सुझाव आये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो को जनता का मेनिफेस्टो बनाएगी।

**30 सितंबर को रांची में कांग्रेस की बड़ी बैठक :** बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि 30 जून को रांची के लालगुप्तवा में प्रदेश कांग्रेस की बड़ी बैठक होगी। जिसमें प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ-साथ मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश से लेकर प्रखंड तक के पार्टी पदाधिकारी की बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर कई अहम फैसले लिए जाएंगे।

### मेनिफेस्टो में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा

वहीं मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव ने मेनिफेस्टो कमेटी की परामर्श बैठक के बाद कहा कि जन सुझाव के लिए यह बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से परामर्श लिए गए हैं, ताकि मेनिफेस्टो में किन बातों को प्रमुखता से रखना चाहिए इसकी जानकारी मिल सके। उन्होंने झारखंड की जनता की सामूहिकता को ध्यान में रखकर कांग्रेस का मेनिफेस्टो बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाज के सभी वर्गों को लेकर चलने वाली पार्टी है। इसलिए आदिवासी-मूलवासी, किसान और मजदूर इन सबों को ध्यान में रखकर कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा।


**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
*Phone Number:- 06526-222064, email-id: zplohardaga@gmail.com*

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना), (Very Short term Tender Notice)**

लोहरदगा जिला अन्तर्गत लोहरदगा क्रिकेट स्टेडियम के Pavilion Building Section "A" & "B" एवं लोहरदगा Indoor Shooting Range में Silent Generator के अधिष्ठापन के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ता / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **07-10-2024** के **11:00** बजे पूर्वा० तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 07-10-2024 के 12:30 बजे (अपराह्न)** को खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा।

नोट :–विशेष जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यालय दिवस एवं अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 337477 Lohardaga(24-25)#D


# राज्य में 5277 पूजा पंडालों में 2931 को लाइसेंस ही नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** तीन से शारदीय नवरात्र की पूजा होगी। पूजा समितियों ने झारखंड के सभी जिलों में भव्य तरीके से पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया है। पूजा पंडाल का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। झारखंड पुलिस की रिपोर्ट की मानें तो राज्य में इस बार 5277 पंडालों में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जायेगा। इनमें 2346 पूजा पंडाल लाइसेंसी और 2931 गैर लाइसेंसी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जमशेदपुर में सबसे अधिक 408 लाइसेंसी दुर्गा पूजा पंडाल हैं। वहीं गढ़वा में 640 गैर लाइसेंसी दुर्गा पूजा पंडाल बन रहे हैं।

दुर्गा पूजा के दौरान राज्य में विधि व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न ना हो, इसको लेकर भी झारखंड पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रही है। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को विधि व्यवस्था रांची में एक अहम बैठक की थी। इसमें पुलिस के आला अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने पुलिस पदाधिकारियों को इस बैठक में जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक करने को कहा है। साथ ही समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को अपने साथ जोड़ने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने में उनकी मदद लेने को भी कहा है।

### शंकर साव हत्याकांड के सभी आरोपी बरी

**रांची।** सिविल कोर्ट ने शंकर साव हत्याकांड के तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अपर न्यायमुक्त मनीष रंजन की कोर्ट ने शंकर साव की हत्या के जुर्म में जेल में बंद उमेश साव, कविता देवी और संध्या साव को बरी किया है। शंकर साव की हत्या वर्ष 2022 में की गयी थी। हत्या के बाद शंकर की पत्नी ने उमेश साव, कविता देवी और संध्या साव को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। रांची के रातू थाना में तीनों के खिलाफ कांड संख्या 02/2022 दर्ज की गयी थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद इस मामले का स्पीडी ट्रायल हुआ। अभियोजक पक्ष की ओर से कुल सात गवाह कोर्ट में पेश किये गये। लेकिन गवाह यह साबित नहीं कर पाये कि शंकर की हत्या उमेश साव, कविता देवी और संध्या साव ने की है। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की।


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDD/SD/HZB/27/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDD/SD/HZB/27/2024-25 | बरकट्ठा | हजारीबाग जिला के बरकट्ठा प्रखण्ड के नयाडीह में कुंडलिया नदी पर पुल निर्माण। | 3,53,05,200.00 | 7,06,200.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.10.2024 से दिनांक 18.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 337482 Rural Development (24-25)_D


# कौन बनेगा करोड़पति में पूछा गया कल्पना से जुड़ा सवाल

## देश- विदेश में लोगों की जुबां पर आया गांडेय की पहली महिला विधायक कल्पना का नाम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** किचन से निकलकर चुनावी मैदान तक का सफर, पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद झामुमो पार्टी की कमान थामने वाली कल्पना सोरेन सोनी मैक्स में चल रहे चर्चित शो में भी छाई रही। कौन बनेगा करोड़पति में होस्ट अमिताभ बच्चन ने गांडेय की पहली महिला विधायक कल्पना सोरेन के बारे में प्रतिभागी से सवाल पूछा गया। अमिताभ बच्चन ने प्रतिभागी से पूछा कि कल्पना सोरेन किस राज्य की महिला विधायक हैं। इस सवाल का जबाब देकर हॉट सीट पर बैठे प्रतिभागी ने जीत सुनि्ति की।

वर्तमान समय में कल्पना सोरेन का नाम राज्य ही नहीं, देश-विदेश में भी गूंज रही हैं। पार्टी के कार्यकर्ता से लेकर नेता, जनता से लेकर मीडिया तक कल्पना सोरेन के नाम की डंका बज रहा है।

गौरतलब हो कि कल्पना सोरेन एक वर्ष पूर्व तक राजनीति में सक्रिय नहीं थी। घर में बच्चों का देखभाल एवं घरेलू कामकाज में व्यस्त रहने वाली कल्पना सोरेन ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि उन्हें राजनीति में आना पड़ेगा। लेकिन, परिस्थिति ने कल्पना सोरेन को किचन से चुनावी मैदान में निकलने को विवश कर दिया। वहीं, दूसरी ओर कल्पना सोरेन ने बच्चों को भी अपने पिता हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति का एहसास होने नहीं दिया। घर से निकलकर स्वयं चुनाव प्रचार कर गांडेय विधानसभा का चुनाव लड़ी और भारी मतों से विजय हासिल कर एक इतिहास रच डाला। कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा की पहली महिला विधायक है, जो 40 साल के बाद बनी।

बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजनेवाला है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने कार्यक्रम से जनता के बीच में जाकर झारखंड के विकास का रोड मैप बताने की जदोजहद कर रही है। राजनीति में कल्पना सोरेन के रूप में एक ऐसे चेहरे का पर्दापण हुआ है जो काफी कम दिनों में उम्मीद से ज्यादा लोकप्रियता हासिल कर चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की वाकपटुता और कुशल कार्यक्षमता से विपक्ष भी सकते में है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुंबा झारखंड में लगातार चुनावी सभाओं में सक्रिय था। वहीं, दूसरी ओर जेएमएम की ओर से कल्पना सोरेन ने सैकड़ों जनसभाएं की। इंडी गठबंधन में कुल लोकसभा के 14 सीटों में पांच सीटों पर जीत दर्ज किया। वर्तमान स्थिति को देखें तो कल्पना सोरेन का विकल्प किसी राजनीतिक दल में नहीं दिख रहा है। कल्पना सोरेन का संवाद जनता के बीच में पसंद किया जा रहा है।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ................................../ दिनांक ............................ /

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 21/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 04.10.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 05.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.10.2024 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| Group No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of A.C. Office with electrical work and aluminium partition work at Collectorate Builiding Block A Koderma Dist. | 8,23,343.00 | 1250.00 | 16500.00 | 2 Month |
| 2 | Repair and Tahshil kuchahri Bendi Halka No.10 in Chandwara Block at Koderma Dist. | 3,63,223.00 | 750.00 | 7300.00 | 2 Month |
| 3 | Renovation of Tahshil Kuchahari Bandachak Halka No.2 in Chandwara Block at Koderma Dist. | 6,82,842.00 | 1250.00 | 13700.00 | 2 Month |
| 4 | Emergent Repair Work to A.C. Chamber in Collectorate Building Block A at Koderma Dist. | 2,48,829.00 | 500.00 | 5000.00 | 1 Month |
| 5 | Repair work to C.O. Chamber and Office in Koderma block cum Circle Office at Koderma. | 6,90,953.00 | 1250.00 | 13900.00 | 2 Month |
| 6 | Renovation of Tahshil kutchahari Majhgawa halka No.3 in chandwara Block at Koderma Dist. | 7,50,746.00 | 1250.00 | 15100.00 | 2 Month |
| 7 | Renovation of Tahshil kutchahari Chandwara Halka No.9 in Chandwara Block at Koderma. | 7,14,824.00 | 1250.00 | 14300.00 | 2 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 337479 Building(24-25).D

सुप्रभात
रविवार 29.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 162
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# सीबीआई ने कोलियरी मैनेजर और हाजिरी बाबू को घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

## दूसरी कोलियरी से स्थानांतरित क्लर्क से पदस्थापन के एवज में लिये 20 हजार रुपये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** सीबीआई की टीम ने शुक्रवार की शाम करीब सात बजे ईसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी के मैनेजर प्रवीण कुमार मिश्रा एवं क्लर्क (हाजिरी बाबू) गौरचंद गोराई को बीस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने जाल बिछाकर कोलियरी मैनेजर के आवास से गिरफ्तारी की है।

गिरफ्तारी की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। सीबीआई की इस कार्रवाई से ईसीएल मुगमा एरिया में हड़कंप मच गया है। सीबीआई की टीम ने मैनेजर के आवास की गहनता से छानबीन भी की और कुछ कागजात व लैपटॉप जब्त किये हैं। सीबीआई इसके बाद दोनों को मुगमा स्थित ईसीएल के गेस्ट हाउस में ले आई, जहां रातभर इसे पूछताछ की। शनिवार सुबह नौ बजे सीबीआई की टीम दोनों को धनबाद ले गई। है। हालांकि सीबीआई की टीम ने कुछ भी बताने से इनकार किया। बताया जाता है कि मोहम्मद सलीम का स्थानांतरण हरियाजाम कोलियरी से श्यामपुर बी कोलियरी के मैगजीन कलर्क के पद पर हुआ था। पदस्थापन को लेकर कोलियरी मैनेजर पीके मिश्रा ने उनसे रिश्वत की मांग की। सलीम ने सीबीआई से शिकायत की थी।

सूत्रों ने बताया कि ईसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी के प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा मजदूरों से खदान के अंदर के सरफेस में कार्य आदेश के लिए पैसे की मांग करते हैं और जो कर्मचारी पैसे देता है, उनकी पोस्टिंग मनपसंद जगह पर करते थे। गौरचद्र गोराई जेनरल मजदूरों की हाजिरी बनाते हैं। उन्होंने ही मैनेजर प्रवीण कुमार मिश्रा के लिए 20 हजार रुपये लिये और पकड़े गए। पूछताछ में सीबीआई के समक्ष उसने स्वीकार किया कि रकम मैनेजर साहब के कहने पर उनके लिए लिया है। श्री गोराई के बयान पर सीबीआई ने मैनेजर प्रवीण कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया और दोनों से रात भर मुगमा क्षेत्रीय गेस्ट हाउस में पूछताछ की। शनिवार की सुबह दोनों को सीबीआई धनबाद ले गई, जहां उन्हें जेल भेजने की तैयारी कर रही है।



बता दें कि प्रवीण कुमार मिश्रा ने आईआईटी खड़गपुर से बीटेक करने के बाद ईसीएल मुगमा क्षेत्र में सहायक प्रबंधक के पद पर योगदान दिया। उसके बाद 2019 में उन्हें खुदिया कोलियरी में प्रबंधक के पद पर स्थानांतरित किया गया। वहां दिसंबर 2020 में लापारवाही बरतने के कारण खदान दुर्घटना में दो कर्मचारियों की मौत का आरोप था। अब श्यामपुर बी कोलियरी में भ्रष्टाचार के आरोप पर गिरफ्तारी हुई।

## रिश्वतखोरी में धराये मैनेजर को तीन दिनों की सीबीआई हिरासत

**धनबाद।** पदस्थापना के एवज में बीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए निरसा क्षेत्र के श्यामपुर–बी कोलियरी के मैनेजर प्रवीण मिश्रा और बिचौलिये गौर रवानी को सीबीआई ने शनिवार को अदालत में पेश किया। सीबीआई ने दोनों आरोपियों की चार दिनों की हिरासत देने की प्रार्थना अदालत से की, जिसका विरोध लीगल एट डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने किया । उभय पक्ष को सुनने के बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने दोनों आरोपियों को सशर्त तीन दिनों की सीबीआई हिरासत में देने का आदेश दिया। शुक्रवार को रात्रि 9 बजे सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने दोनों को मोहम्मद सलीम से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। सलीम ने सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी कि श्यामपुर बी कोलियरी के मैनेजर प्रवीण मिश्रा ने हरियाजाम कोलियरी से स्थानांतरित होकर श्यामपुर बी कोलियरी में पदस्थापित होने के लिए रिश्वत की मांग की थी।

## एक नजर में

### हावड़ा-नईदिल्ली हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट,69 गांव के रैयतों के साथ अधिरियों की रायशुमारी



**धनबाद।** नई दिल्ली से हावड़ा तक प्रस्तावित हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट को लेकर शनिवार को अपर समाहर्ता विनोद कुमार की अध्यक्षता में द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एन.एच.एस.आर.सी.एल.), ओवरसीज मिंट कंसलटेंट, टीला कंसल्टेंट्स तथा धनबाद जिले के 69 गांव के रैयतों के साथ समाहरणालय के सभागार में बैठक हुई। बैठक में भारत सरकार और रेलवे द्वारा तैयार एलाइनमेंट पर चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट का एलाइनमेंट बनाते समय घनी आबादी, स्कूल, हॉस्पिटल, धार्मिक स्थल प्रभावित नहीं हो, इसे ध्यान में रखकर डीपीआर तैयार किया गया है। साथ ही कहा कि प्रत्येक गांव में भूमि अधिग्रहण करने से पहले अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना के तहत जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। निर्धारित दर के अनुसार सरकार द्वारा प्रभावितों को मुआवजा दिया जाएगा। हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद झारखंड में कोडरमा और धनबाद में ट्रेन का ठहराव होगा। बैठक में 69 गांव के रैयतों ने अपने-अपने सुझाव भी रखें। बैठक में अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, द नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की सीनियर मैनेजर श्रीमती निकिता धवन, ओवरसीज मिंट कंसलटेंट के फील्ड एग्जीक्यूटिव आरिफ अजीज, फील्ड सुपरवाइजर प्रमोद शर्मा, टिला कंसल्टेंट्स के प्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में रैयत मौजूद थे।

### बी पी एल कोटा से प्राइवेट स्कूल में नहीं हो रहा गरीब बच्चों का नामांकन

**जोडापोखर।** बी पी एल कोटा से किसी भी प्राइवेट स्कूल में गरीब बच्चों का नामांकन नहीं हो रहा है। भाजपा भागा मंडल के महामंत्री तारकेश्वर तिवारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर कर यह आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि गरीब बच्चों के अभिभावक डी एस ई कार्यालय का चक्कर लगा कर थक चुके हैं। उन्होंने कहा है कि अब तक 150 आवेदन दिया गया है, जिसकी जांच शुरू भी नहीं की गई है। उन्होंने धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो को भी जानकारी दी है। सांसद ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री से बात की है। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

### नगर निगम सिंदरी अंचल कार्यालय में हर्ल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**सिंदरी।** स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत हर्ल सिंदरी खाद कारखाना प्रबंधन द्वारा नगर निगम सिंदरी अंचल कार्यालय में शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में धनबाद के असर्फी अस्पताल की टीम ने 126 मरीजों की जांच की। हर्ल सिंदरी हेड वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, हृदय से संबंधित इसीजी जांच और दंत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। शिविर में सिंदरी व आसपास के मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में असर्फी अस्पताल की चिकित्सीय टीम तथा नगर निगम सिंदरी अंचल की टीम ने सहयोग किया। शिविर में हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, हर्ल एच आर सुजीत दुबे, मंशुल जैन, सैयद मंसूर अली, हर्ल सिंदरी चिकित्सक डॉ ए एन सिंह, नगर निगम सिंदरी अंचल चिकित्सक डॉ दीपक कुमार सिंह, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ जफर रफीक, दंत चिकित्सक डॉ पल्लवी, नेत्ररोग विशेषज्ञ गोशिया निगर, मेरीला हाँसदा, अश्विनी कुमार, सागर सिंह, महेन्द्र कुमार पटेल, मिथिलेश सिंह मौजूद थे।

### आंखों में पट्टी बांध काम कर रहे परीक्षा विभाग को वास्तविकता दिखाई : एनएसयूआई



**धनबाद।** एनएसयूआई जिला इकाई ने शनिवार को आंख में पट्टी बांधकर परीक्षा विभाग को वास्तविकता दिखाने का काम किया। ज्ञात हो कि लगातार परीक्षा विभाग द्वारा बच्चों को परेशान किया जा रहा है। कभी एडमिट कार्ड में ऐश्वर्या राय का फोटो डालकर तो कभी संबंधित विषय को छोड़कर किसी और विषय का प्रश्न पत्र देकर। जाहिर है कि परीक्षा विभाग के कर्मचारी आंख पर पट्टी बांधकर कम कर रहे हैं। इससे विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों का रे ऑफ होप मरता जा रहा है। मौके पर रोहित पाठक, नितेश शर्मा, उत्तम कुमार, नवाजिश अफजल राज सिंह, मोहित मेहताब, सौरभ, सरफराज , रोहित आदि मौजूद थे।

### वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर भागलपुर के युवक की मौत



**मैथन।** भागलपुर के युवक (22) की कुमारधुबी में ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी। संभवत: पोल से टकराने से उसकी मौत हुई है। उसके सिर के पीछे गंभीर चोट के निशान थे। पोल संख्या 233/17 के पास वह औंधे मुंह मृत पड़ा था। शिवलीबाड़ी मुण्डाधौड़ा के लोगों ने सुबह उसे देखा। उसके जिंस पैंट की जेब में मोबाइल की घंटी बज रही थी। लोगों ने जेब से मोबाइल निकालकर परिजनों एवं कुमारधुबी पुलिस को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलने पर कुमारधुबी पुलिस व बराकर सीआरपीएफ की टीम पहुंची। कुमारधुबी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये धनबाद भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि मृतक का नाम अनुराग कुमार है। वह अपने बड़े भाई के साथ शुक्रवार देर रात वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रांची जा रहा था। बड़े भाई को सीएम हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र लेना था। बड़े भाई ने पुलिस को बताया कि देर रात वह शौच के लिये ट्रेन के शौचालय में गया तो वापस नहीं लौटा। शायद गेट पर वह खड़ा होगा। नींद की झपकी लगी होगी और ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### भूली नगर ए ब्लॉक में मनाई गई शहीद भगत सिंह की जयंती

**भूली।** भूली नगर ए ब्लॉक में कांग्रेस नेताओं ने शहीद भगत सिंह की 117 वी जयंती हर्ष और उत्साह के साथ मनाई। नेताओं ने भगत सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस नेता गंगा वाल्मीकि ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह जैसा क्रांतिकारी देशभक्त हो नहीं सकता। देश की आजादी के लिए हजारों कष्ट सहते हुए व ह हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए। उनकी कुर्बानी को देश युग युग तक याद करता रहेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भूली ओबीसी नगर अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल, राजेंद्र वर्मा, दीपक वाल्मीकि, आजाद रंजन, मोहम्मद साबिर, मनोज विश्वकर्मा, निर्मल वाल्मीकि, सूरज कुमार, कालीदास, किरण महतो, आकाश कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

### बीआईटी सिंदरी में बीसीएस का हुआ ऑनलाइन ओरिएंटेशन

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में नये छात्रों के लिए जारी छात्र प्रेरण कार्यक्रम के तहत शनिवार को बीआईटी कल्चरल सोसायटी ने ऑनलाइन ओरिएंटेशन वेबिनार आयोजित किया। इसका मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को सोसायटी की गतिविधियों और आदिवासी समाज के उत्थान में इसके योगदान से अवगत कराना था। वेबिनार में सचिव सनत सरदार और उपाध्यक्ष कोमल पहान ने बताया कि आदिवासी छात्रों को बताया गया कि शिक्षा, करियर गाइडेंस और अन्य संसाधनों के माध्यम से सोसायटी किस प्रकार समर्थन प्रदान करती है।

## एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

**लोगों को परेशानी हुई है, जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है**

**मैथन।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनीष कुमार एवं उनकी टीम ने शनिवार को मैथन संजय चौक के समीप सड़क, एप्रोच रोड एवं अंडरपास के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मनीष कुमार ने निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले अंडरपास का काम पूरा कर लिया जाएगा और रास्ते को खोल दिया जाएगा। दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि संजय चौक में निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए वह पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने माना कि निर्माण कार्य के कारण लोगों को परेशानी हुई है, जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उनके निर्देश पर संजय चौक के समीप चार निजी ट्रेफिक गार्ड की तैनाती की गई। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई लालमणि सिंह, स्काईलार्क प्रशांत कुमार, आईटीएनएल शेख मस्तान, पवन उपाध्याय सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

## पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय झा के सुझाव पर राष्ट्रपति ने संज्ञान में लिया

**महिला अपराध से जुड़े मामले में कठोरतम कानून बनाने की थी मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय झा के महिलाओं से जुड़े अपराध को लेकर दिये गए सुझाव को राष्ट्रपति ने संज्ञान में लेते हुए उसे गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। श्री झा ने इसके लिए राष्ट्रपति का धन्यवाद ज्ञापन किया है। उन्होंने बताया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद उन्होंने पिछले दिनों राष्ट्रपति को एक पत्र भेजा था। पत्र में कानून को और कठोर बनाये जाने के लिए ग्यारह सूत्री सुझाव दिये गए थे।



सझावों में यौन उत्पीड़न के मामले में मुख्य आरोपी को फांसी की सजा देने, ऐसे कांड में संलिप्त व्यक्ति को अवयस्कता के आधार पर कोई छूट नहीं देने, अभियुक्त जब तक जेल में रहे तब तक एक दिन भी उसे किसी आधार पर पेरोल नहीं देने, सजा प्राप्त व्यक्ति को जेल के अंदर अलग सेल से बिल्कुल अकेला रखने, सजा प्राप्त व्यक्ति के सभी मौलिक अधिकार, कानूनी और संवैधानिक अधिकार से वंचित रखने, ऐसे सभी मुकदमों की जांच सीबीआई से कराने, जांच के बाद न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने का समय 30 दिन सीमित करने, निचली अदालत द्वारा 100 दिनों के अंदर फैसला अनिवार्य करने आदि शामिल थे। इन सुझावों को राष्ट्रपति ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने टुंडी में कमल खिलाने का लिया संकल्प



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** भाजपा महिला मोर्चा की बैठक शनिवार को तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित जोहार झारखंड होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपा दास की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन की बयार बह रही है। इस बार विधानसभा चुनाव में टुंडी में कमल खिलेगा। महिला मोर्चा की सदस्यों ने टुंडी में कमल खिलाने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार महतो, तोपचांची मंडल अध्यक्ष निवास तिवारी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आशुतोष पाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनीता देवी, राधिका देवी, जिला मंत्री रेखा देवी, गोमो मंडल अध्यक्ष सोनी देवी, अनीता देवी, सीमा प्रसाद, रुमा मुखर्जी, पूनम देवी, पप्पू तिवारी, रणवीर चौबे, हरिप्रसाद राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जयंती पर याद किये गये शहीद-ए-आजम, दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**कुमारधुबी।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर 28 सितंबर को मैथन रोड स्थित भगत सिंह पब्लिक स्कूल में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

स्कूल के निदेशक सह माले नेता नागेन्द्र कुमार ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह की आज 117 वीं जयंती है। देश ही नहीं, विदेश में भी लोग उनकी जयंती मना रहे हैं। 21 वर्ष पूर्व उनकी याद में भगत सिंह पब्लिक स्कूल की स्थापना हुई थी। हर वर्ष 28 सितंबर को उनकी जयंती व 23 मार्च को शहादत दिवस मनाया जाता है। आज के छात्र-छात्राएं व नौजवान भगत सिंह के विचारों को मजबूत कर ही व्यवस्था परिवर्तन के उनके सपनों को साकार कर सकते हैं।

इस अवसर पर स्कूल निदेशक नागेन्द्र कुमार, प्रधानाध्यापक विरेन्द्र कुमार, शिक्षक रोहित कुमार, बिपिन शर्मा, राहुल कुमार, रवि राय, मनु सिंह, सीमा सिंह, आयशा परवीन, रेखा यादव,अंजू कुमारी, साहिन परवीन, जूही परवीन, नाहिद परवीन, अफरीन, तमन्ना, फरहीन, रोनक परवीन, सुमन व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगे हैं जिले में चल रहे 108 एंबुलेंस

## कॉल करने के बाद भी मरीजों को समय पर नहीं होता उपलब्ध

**प्रबंधक कॉल करने वाले को ही ठहराते है दोषी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले में चल रहे 108 एंबुलेंस भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगे हैं। इस सेवा से जुड़े लोग लाचार और बीमार मरीजों को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। पहले तो कॉल करने पर इस सेवा से जुड़े लोग मरीज के परिजन का 10 से 15 मिनट बात सुनने और सुनाने में गंवा देते हैं। उसके बाद भी समय पर एंबुलेंस मरीजों तक नहीं पहुंचाया जाता है। इस कारण बहुत से मरीजों की जान भी चली जाती है। ताजा मामला एसएनएमएमसीएच में इलाज के लिए पहुंची छह दिन की बच्ची से जुड़ा है। बच्ची के पिता रोहित मुण्डा उसका इलाज कराने के लिए दुमका से शुक्रवार की रात अस्पताल पहुंचे थे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बच्ची को रिम्स, रांची रेफर कर दिया। पिता ने 108 पर 8 से 10 बार कॉल किया, उसके बाद कॉल सेंटर के लोगों से बात हुई। उन्हें बताया गया कि रात में एंबुलेंस नहीं मिलेगा, शनिवार की सुबह में मिलेगा। परंतु सुबह भी एंबुलेंस नहीं मिला। उसके बाद फिर 12 बार फोन किया। फोन लगा तो कहा गया कि दिन में एबुलेंस खाली नहीं है। अब रात में ही मिलेगा। इसी बीच दोपहर में एक 108 एंबुलेंस वाहन अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के मुख्य द्वार पर आकर लगा। यह एंबुलेंस अस्पताल में भर्ती देवघर से आए मरीज अनिल चरण मिश्रा के लिए आया था। पूछताछ में पता चला कि अनिल को सुबह ही रेफर किया गया था, इसलिए उन्हें पहले भेजना जरूरी है। इस मामले में रोहित ने बताया कि क्या करें, हम गरीब लोग हैं, हमारी सुनता ही कौन है। अस्पताल में मौजूद एक दूसरे व्यक्ति ने बताया कि एबुंलेंस के चक्कर में ही मेरी मां की जान चली गई थी। पहले तो 108 पर कॉल करने के बाद एक व्यक्ति ने फोन उठाया, पूरी जानकारी ली। उसके बाद बोला कि सीनियर से बात कीजिए। इस चक्कर में मेरा फोन होल्ड पर रखा गया। इस प्रक्रिया को पूरा करने में करीब 15 मिनट लग गया। उसके बाद भी समय पर एबुलेंस नहीं पहुंचा। उससे पहले मां ने दम तोड़ दिया था।



इस संबंध में 108 एबुलेंस प्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि यह एक आकास्मिक सेवा है। इसमें वाहन खाली नहीं रहता है। खाली रहने पर तुरंत बिना देरी किये यह सेवा मुहैया कराते हैं। जहां तक रोहित मुण्डा का सवाल है, उन्होंने सुबह में कॉल नहीं किया गया होगा, इसलिए देवघर के मरीज को एबुंलेंस दे दिया गया। लेकिन पूरी जानकारी होंने पर अनिल को एबुलेंस से उतारकर रोहित को ही रांची भेजे हैं। ज्ञात हो कि यह सरकारी सेवा है, जो मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। लेकिन इससे जुड़े लोगों की लापरवाही के कारण मरीजों को परेशानी होती है।

स्पीड न्यूज

### विधायक राज सिन्हा ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को अमर शहीद सरदार भगत सिंह की जयंती मनायी। जगजीवन नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर संतोष सिंह, सतीश रजक, विकास सिन्हा, पप्पू गुप्ता, सूरज पासवान, उमेश सिंह, कामदेव कुमार, रिंकू सिन्हा, टिंकू साव, प्रमोद अग्रवाल, सुबीर साव, भगीरथ दास, मिथुन कुमार आदि उपस्थित थे।

### अधजला शव मिलने से फैली सनसनी

**धनबाद।** भूली व गोंदूडीह ओपी से सटे इलाके में शनिवार को अधजला शव मिलने से आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई। शव को कुत्ते नोच कर खा रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना था कि यह घटना बीती रात की लगती है। किसी ने शव को छिपाकर जलाने कि कोशिश की है। यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह किसका शव है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि शव की जानकारी मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है।

### पश्चिम बंगाल भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष रागिनी सिंह से मिली



**झरिया।** पश्चिम बंगाल भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पॉल शनिवार को झरिया स्थित बिहार बिल्डिंग पहुंची, जहां भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य रागिनी सिंह ने उन्हे पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान झरिया चुनाव प्रभारी नीतीश चंद्रवंशी भी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके पहले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी रणनीतियों पर चर्चा हुई।

### राजकोट में इरकिया गांव के युवक की मौत, आजसू नेता परिजनों से मिले



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना के देवालबाड़ी पंचायत अंतर्गत इरकिया गांव के राजकिशोर महतो के बेटे मोहन कुमार महतो रोजगार के सिलसिले में कुछ दिन पहले गुजरात गए थे। वहां सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। खबर पा कर आजसू नेता तरुण गुप्ता इरकिया गांव पहुंचे और परिजनों से मिले। इस दुख घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। आजसू नेता ने कहा कि जामताड़ा की सबसे बडी समस्या पलायन है। हजारों युवा दूसरे राज्य रोजगार के लिए जाते हैं। जामताड़ा में उद्योग नहीं लगा। उद्योग रहता तो मोहन कुमार महतो की मौत गुजरात के राजकोट में नहीं होती। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में उनकी प्राथमिकता जामताड़ा में उद्योग लगाने की होगी। मौके पर निमाई सेन, इमामुद्दीन अंसारी, वासुदेव गोस्वामी, जितेंद्र मंडल,रमेश रावत आदि मौजूद थे।

# दस लाख के इनामी नक्सली ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

- दस लाख का चेक व 50 हजार रुपये नगद मिला
- डीआईजी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**गिरिडीह।** गिरिडीहमें नक्सली संगठन को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। इस बार भाकपा माओवादी संगठन में जोनल कमटी के सदस्य दस लाख के इनामी नक्सली रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा उर्फ निलेश दा उर्फ अमर दा ने राज्य सरकार की नई दिशा, एक नई पहल पुनर्वास सह आत्मसमर्पण नीति से प्रेरित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

नकस्ली के आत्मसमर्पण के बाद पपरवाटांड स्थित नए पुलिस लाइन में आज सनिवार को गिरिडीह पुलिस ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में डीआईजी हजारीबाग जोन सुनील भास्कर शामिल हुए। बताया गया कि माओवादी रामदयाल महतो ने मैट्रिक पास करने के बाद टीचर ट्रेनिंग स्कूल में अप्लाई किया, इंटरव्यू में शामिल भी हुआ, जिसमें दाखिला नही होने पर वह बीएमपी में गया। वहां सेलेक्शन हुआ, किंतु दानापुर कैंट में 1971-72 में हैजा फैला हुआ था। इसलिए उसने डर से ज्वाइन नहीं किया।

इसके बाद पुनः उसने वन विभाग में वनरक्षी के पद पर अप्लाई किया, जिसमें सेलेक्शन नहीं हुआ। 1989-90 में किसान कमेटी के नेतृत्व में उसके इलाके में फसल व जमीन जब्ती का बोलबाला था। इसी क्रम में किसान कमेटी ज्वाइन किया। यह संगठन किसी जमीन में धान काटने, फसल जब्त करने आदि कामों में सहयोग करता था। वर्ष 1989-90 में एमसीसी का नारा से प्रभावित होकर गांव किसान कमेटी में शामिल हुआ। वर्ष 1996-97 में पहली बार किसान कमेटी का नेतृत्वकर्ता बनाया गया। बाद में पार्टी कमेटी ने एरिया कमाण्डर, सब जोनल मेंबर, जोनल मेंबर और अंत में स्पेशल एरिया कमिटी का पद भार दिया। इस समय वह भाकपा माओवादी के जोनल कमेटी के मेंबर पद पर है। वह शीर्ष दस्ता के प्रशांत बोस, आशुतोष सोरेन, प्रयाग मांझी, अनल दा. मिसीर बेसरा एवं अन्य के संपर्क में रहे एवं पार्टी में काफी सक्रिय थे।

हाल के दिनों में पार्टी में नीतिगत सिद्धांत से परे कार्य किये जाने एवं आम लोगों से भयादोहन कर लेवी वसूलने के कारण वह नाराज चल रहे थे। कई बैठकें की गई परंतु बार-बार उनके सुझाव को नजरअंदाज कर दिया गया। इसी बीच विगत अगस्त में छलछलवा झरना के पास पार्टी की बैठक हुई, जिसमें उसके सुझाव को अन्य सदस्यों द्वारा नकार दिया गया। इसके बाद वह बीमारी एवं अधिक उम्र का बहाना बनाकर चलंत दस्ता से बाहर आए। तत्पश्चात पुलिस द्वारा लगातार छापामारी के कारण पकड़े जाने के भय से उसने गिरिडीह पुलिस एवं सीआरपीएफ 154/ बटा के पदाधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण की स्वीकृति दी है। इधर समर्पण के बाद नक्सली रामदयाल को दस लाख का चेक व 50 हजार रुपये नगद दिया गया।

# झारखंड की जनजातियां अब भी चिकित्सा विज्ञान से अनभिज्ञ : डॉ हीरालाल मुर्मू

## होटल वेडलॉक ग्रीन में संथाल डॉक्टर्स एसोसिएशन का सातवां वार्षिक सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोविंदपुर।** संथाल डॉक्टर्स एसोसिएशन झारखंड का सातवां वार्षिक सम्मेलन शनिवार को होटल वेडलॉक ग्रीन में समारोहपूर्वक हुआ। सम्मेलन में झारखंड के विभिन्न जिलों के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मेडिकल छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर के औषधि विभागाध्यक्ष डॉ प्रो हीरालाल मुर्मू ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना संगठन का उद्देश्य है।

आज भी झारखंड की जनजातियां चिकित्सा विज्ञान से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने विभिन्न बीमारियों और उनके निदान के उपाय बताए। कहा कि जनजातियों की आबादी में उस तरह की वृद्धि नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। विस्थापन, अज्ञानता, बीमारी आदि कई समस्याएं इस समाज के समक्ष हैं।

रिनपास के पूर्व निदेशक डॉ सुभाष सोरेन ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को पूरे आदिवासी समाज तथा पिछड़ों और दलितों के बीच पहुंचाने में चिकित्सकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि अज्ञानता और निर्धनता के कारण आदिवासी समाज की औसत आयु अन्य समाज से कम है। मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ चंपई सोरेन ने कहा कि चिकित्सा के प्रति आदिवासी समाज जागरूक हुआ है। परंतु इसे और जागरूक करना होगा। रिम्स के डॉ लखीश्वर मुर्मू व डॉ प्रो लखन मांझी आदि ने कहा कि सभी चिकित्सकों के सामूहिक प्रयास से ही सुदूर इलाकों में बसे आदिवासियों तक चिकित्सा व्यवस्था पहुंचेगी। संचालन एसएनएमएमसीएच के डॉ लालबाबू टुडू एवं डॉ लक्ष्मण सोरेन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विष्णु प्रसाद सोरेन ने किया। मौके पर एमजीएम कॉलेज जमशेदपुर के प्राचार्य डॉ दिवाकर हासदा, संगठन के अध्यक्ष डॉ जगरनाथ हेंब्रम, उपाध्यक्ष डॉ कुटलू मुर्मू, सचिव डॉ श्याम सोरेन, संयुक्त सचिव डॉ लक्ष्मण सोरेन एवं खेलाराम हासदा, कोषाध्यक्ष चंपई सोरेन, संयोजक डॉ सुनीता मरांडी, सलाहकार डॉ आनंद मोहन सोरेन, डॉ एसएल मुर्मू, डॉ जीसी मांझी, डॉ विजय मुर्मू, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ देवदूत सोरेन, डॉ विक्रम मुर्मू, डॉ रतन सोरेन, डॉ दशरथ मुर्मू, डॉ सुनीता मुर्मू, डॉ सिलबिना मुर्मू, डॉ आकाश भारती मरांडी, डॉ एलबी टुडू, डॉ लुगु राम टुडू, डॉ डीआर मांझी, डॉ सेलिना टुडू, डॉ रीता हासदा, डॉ ठाकुरमनी बेसरा, डॉ गणेश प्रसाद मुर्मू, डॉ जुझार मांझी, डॉ आरसी बेसरा, डॉ बाबूराय सोरेन, डॉ सिंगराई मुर्मू, डॉ रामदु हासदा, डॉ एचसी मुर्मू, डॉ पार्वती सोरेन, डॉ एवेलिना हासदा, डॉ रानी सोरेन, डॉ रतन सोरेन, डॉ केआर हांसदा, डॉ विजय कुमार मुर्मू, डॉ निरंजन मारडी, डॉ बाबूलाल मुर्मू, डॉ जगन्नाथ हेंब्रम, डॉ उत्पल मुर्मू, डॉ विजय कुमार मुर्मू, डॉ मंगल मांझी आदि मौजूद थे।

## जनवादी महिला समिति ने जीतपुर कोलयरी प्रबंधन पर लगाये कई आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जोडापोखर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला सचिव रीना पासवान ने जीतपुर स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर सेल जीतपुर कोलयरी के प्रबंधन पर कई गम्भीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को पत्र दे कर कहा है कि जीतपुर में ठेकेदार राकेश इंटरप्राइजेज को वर्ष 2024 में 42 करोड़ का काम मिला था। काम नही पूरा करने पर कंपनी पर 865 करोड़ का पेनल्टी लगाया गया, जिसे माफ कर दिया गया। इस मामले की जांच होनी चाहिए।

दूसरी ओर 23 अप्रैल को 14 नंबर सिम में पानी के रिसाव का बहाना बनाकर कोलयरी को बंद कर दिया गया, जिससे 700 ठेका मजदूर बेरोजगार हो गए। उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उतपन्न हो गई। खदान में पानी रिसाव को लेकर टाटा प्रबंधन, सेल प्रबंधन व बीसीसीएल प्रबंधन पूरी तरह दोषी है। बैरियर की किसने चोरी की, यह जांच का विषय है। 17,18 व 12 नंबर सिम में सैकड़ों वर्ष तक कोलयरी का संचालन कराने हेतु कोयला उपलब्ध है। वार्ता में प्रभा देवी, फूलवन्ती देवी, रामफल देवी, दिशा देवी, गिरिजा देवी उपस्थित थी।

## तोपचांची के प्रवासी मजदूर की महाराष्ट्र में ट्रेन से कटकर मौत

**खबर मंत्र संवाददाता**



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के चितरपुर पंचायत के मंझलाडीह गांव निवासी प्रवासी मजदूर गिरधारी महतो (33 वर्ष) की महाराष्ट्र में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना बीते गुरुवार की बताई जाती है। शनिवार की सुबह गिरधारी महतो का शव उसके पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने गिरधारी महतो के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। गिरधारी महतो के परिवार में मां, पत्नी सहित तीन बेटे हैं। इधर, ग्रामीणों ने महाराष्ट्र की कंपनी से मुआवजा की मांग करते हुए शव को एंबुलेंस से नहीं उतारने दिया। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी मुआवजा के तौर पर मात्र 1 लाख 50 हजार रुपए देने की बात कह रही है। जब तक उचित मुआवजा नहीं मिल जाता शव एंबुलेंस से नहीं उतारा जाएगा।

## बीएसएनल घोटाला में बीस वर्ष बाद आया अदालत का फैसला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** 44 हजार 872 रुपये के बीएसएनल घोटाला कांड मे बीस वर्ष तक चली लंबी सुनवाई के बाद शनिवार को अदालत ने फैसला सुनाया। धनबाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने वरीय अधिवक्ता शाहनवाज, अंशु श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिन्हा, कुमार मनीष की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद सभी आरोपी प्रेम शंकर प्रसाद , सुनील शर्मा, अजय राणा, हेमंत गुप्ता, प्रदीप यादव, राजेश कुमार सिंह, प्रियदर्शी अशोक, राजेश कुमार, अशोक कुमार महतो, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, ज्योति कुमार, शंकर मंडल और परमेंदर कुमार को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी करने का आदेश दिया। सीबीआई ने वर्ष 04 में कुल 16 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी।

## भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोग जख्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** जिले के जीटी रोड पर शनिवार को काशीटांड चरणी होटल के समीप भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में घटी है।

पुलिस पेट्रोलिंग के सब इंस्पेक्टर रोबिनसन मुण्डरी ने बताया कि बड़ा जमुना कल्याणपुर से गोविंदपुर की ओर जा रही ऑल्टो कार ने सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ऑल्टों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वाहन में सवार प्रदीप चंद्र डे और उनकी पत्नी संपा डे तथा उनके 3 साल के बेटे को गंभीर चोंटे आयी हैं। वहीं उनकी एक साल की बच्ची को हल्की चोट आई है। हमलोगों को गश्ती के दौरान ही जानकारी मिली। उसके बाद क्षतिग्रस्त वाहन से सभी को बाहर निकालकर उन्हें अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनके परिजनों को भी जानकारी दे दी गई है।

# एसएसपी ने दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय के सभागार में शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग हुई। समीक्षा बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार व ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व जिले के सभी थाना व ओपी प्रभारी उपस्थित थे। एसएसपी ने बैठक में लंबित कांडों के अनुसंधान तेज करने का निर्देश दिया। आपराधिक गतिविधि, अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा की गई।

बैठक में दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था आदि को लेकर थाना प्रभारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र के पूजा पंडालों में विधि व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं के आवागमन में सुरक्षा सुनिश्चित करने, असामाजिक व शरारती तत्वों पर निगरानी रखने, छेड़खानी व छिनतई की घटना ना हो, इस पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया गया।

एसएसपी ने सभी पूजा पंडाल का भौतिक निरीक्षण कर समिति से समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया। उन्होंने सभी पूजा पंडाल व मेले में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, वॉलिंटियर का पहचान पत्र सुनिश्चित करने को कहा। दुर्गा पूजा के दौरान डीजे के इस्तेमाल पर रोक रहेगी लिहाजा अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि धनबाद पुलिस सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है। किसी तरह की अफवाह एवं भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसएसपी ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और लंबित कांडों के निष्पादन करने संबंधित निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिए। सभी थाना प्रभारियों व अनुसन्धानकर्ताओं को लंबित मामलों को जल्द निष्पादित करने को कहा। उन्होने अपराध नियंत्रण के लिए सभी थाना क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने, खासकर बैंक, रेलवे स्टेशन के अलावा बाजार, मॉल व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर नियमित गश्ती सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ वाहन जांच के अभियान में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया। एसएसपी ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा साथ ही अवैध शराब व मादक पदार्थ के खरीद-बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया।

एक नजर में

### दुर्गा पूजा को लेकर नारायणपुर थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना परिसर में शनिवार को दुर्गा पूजा को लेकर बीडीओ सह सीओ मुरली यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। संचालन थाना प्रभारी चंदन कुमार तिवारी ने किया। बैठक में बीडीओ सह सीओ मुरली यादव ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी से अपील की वे मिलकर सुनिश्चित करें कि इस पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण हो और किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके।

थाना प्रभारी ने सभी पूजा समितियों से अपील की है कि वे सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करें और स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी। किसी भी परिस्थिति में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पूजा पंडाल में डीजे पर पूर्णतः पांबदी रहेगी। पूजा पंडाल के आसपास मांस-मछली एवं शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पूजा समिति के लोगो ने कहा है, यह निर्णय समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। समिति ने यह भी तय किया है कि पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष बीरबल अंसारी, रियाज अहमद, जयराम रवानी, गोलकबिहारी सिंह, उत्तम मंडल, मुखिया पोस्ता वीरेंद्र प्रताप हेम्ब्रम, राघवेंद्र नारायण सिंह आदि मौजूद थे।

### जलापूर्ति की मांग को लेकर कॉलोनी वासियों ने ठप की कोयला ट्रांसपोर्टिंग



**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत चापापुर कोलियरी के आवासीय परिसर में लगभग 20 दिनों से जलापूर्ति ठप रहने के कारण आक्रोशित कॉलोनी वासियों ने शनिवार को लगभग 3 घंटे तक कोलियरी के कोयले की ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी। बाद में कोलियरी अभिकर्ता एवं प्रबंधक द्वारा शनिवार की संध्या तक जलापूर्ति शुरू करने के आश्वासन के बाद कॉलोनी वासियों ने ट्रांसपोर्टिंग शुरू होने दी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीसीकेयू के चापापुर कोलियरी शाखा अध्यक्ष अमित मुखर्जी ने बताया कि लगभग 20 दिनों पहले भारी वर्षा के कारण कोलियरी की खदान में पानी घुस गया था। कोलियरी प्रबंधन को इसका बहाना मिल गया तथा लगभग 20 दिनों से जलापूर्ति ठप है। जलापूर्ति ठप रहने से लगभग चापापुर कोलियरी के आवासीय परिसर में रहने वाले साढ़े तीन सौ घरों के लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। लोग पुसोई नदी में जाकर स्नान कर रहे हैं एवं कपड़े धो रहे हैं। बार-बार प्रबंधन से आग्रह करने के बावजूद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। विवश होकर यह कदम उठाना पड़ा। यदि शनिवार की संध्या से जलापूर्ति शुरू नहीं होती है तो पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि वीटी पंप एवं कांटा बन से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पाइपलाइन बिछाई जा रही है। यदि खदान से पानी की आपूर्ति नहीं होगी तो वीटी पंप से जलापूर्ति की जाएगी। साथ ही प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि श्रमिकों के अवसान के मरम्मत कार्य जल्द शुरू कराई जाएगी। मौके पर उपेंद्र महतो, डी मानिकपुरी, संजय कांत, मंतोष कुमार, डब्लू सिंह, राजेंद्र आदि मौजूद थे।

### अमर क्लब सिंदरी में मनाई गई शहीद ए आजम भगत सिंह की 117 वीं जयंती



**सिंदरी।** अमर क्लब सिंदरी में सीपीआई (एम) सिन्दरी की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर शनिवार को माल्यार्पण कर उनकी 117 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद ए आजम ने देश की आजादी के लिए हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका सपना आजाद देश के सभी नागरिकों की खुशहाली का था। वर्तमान शासक को आजादी के लिए लाखों शहीदों द्वारा चुकाई गई कीमत का एहसास नहीं है। देश में कॉरपोरेट और सांप्रदायवाद के गठजोड़ से बचने के लिए शहीद भगत सिंह के बताए अनुसार समाजवाद की व्यवस्था कायम करनी होगी। मजदूर, किसान, छात्र , नौजवान एवं महिलाओं को एकजुट कर संघर्ष तेज करना होगा। इस अवसर पर सीपीआई (एम) सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, एडवा सिंदरी नगर कमेटी संयुक्त सचिव रंजू देवी, जनवादी लेखक संघ के स्वामीनाथ पांडे, शाखा सचिव गौतम प्रसाद, सूर्यकुमार सिंह, अमर क्लब के संस्थापक सदस्य राज नारायण तिवारी, सुबल चंद्र दास, नरेंद्र नाथ दास, शिबू राय प्रमोद कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### दहेज प्रताड़ना, डॉ मृत्युंजय की सजा बहाल

**धनबाद।** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने के एक मामले में हाउसिंग कॉलोनी निवासी डॉक्टर मृत्यंजय सिंह को राहत नहीं मिली। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने अधिवक्ता पंकज कुमार वर्णवाल की दलील सुनने के बाद डॉक्टर मृत्यंजय की अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए 2 वर्ष की सजा को बहाल रखने का आदेश दिया है। एक जुलाई 24 को धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सफदर अली नायर की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक रुचिका की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी हाउसिंग कॉलोनी निवासी डॉक्टर मृत्युंजय सिन्हा को दो वर्ष कैद एवं दस हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया था। प्राथमिकी नीता सिन्हा की शिकायत पर 30 मई 14 को दर्ज की गई थी।

## पेटरवार प्रमुख ने लगाये पुलिस पर कई गंभीर आरोप

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार थाना क्षेत्र के बसारिया के जंगलों में अवैध रूप से कोयला स्टॉक करने की बात सामने आई है। इस बात की जानकारी जब पेटरवार प्रमुख शारदा देवी को लगी तो, उन्होंने सबसे पहले पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा को घटना की सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार पेटरवार प्रमुख शारदा देवी ने बसारिया के जंगल में जाकर देखी तो सूचना बिलकुल सच साबित हुई। बेखौफ होकर कोयला माफिया अपना कार्य कर रहे हैं, और प्रशासन जानकर भी अनजान और चुपचाप मूक दर्शक बना देख रही है।

# तुपकाडीह स्टेशन यार्ड में बेपटरी हुई मालगाड़ी से कई ट्रेनें प्रभावित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल अंतर्गत तुपकाडीह रेलवे स्टेशन यार्ड में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। गाड़ी के पिछले हिस्से की 8वीं और 9वीं वैगन पटरी से उतर जाने के कारण अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही मंडल नियंत्रण कक्ष सक्रिय हो गया तथा अधिकारी मंडल नियंत्रण कक्ष एवं घटनास्थल पर पहुंचे और लाइन को ठीक करने का काम शुरू किया गया। डाउन लाइन को ठीक कर परिचालन शुरू कर दिया गया जिससे जो भी फंसी हुई ट्रेनें थीं उनको निकाला गया तथा समाचार लिखे जाने तक दोनों लाइनों पर परिचालन पूर्ण रूप से शुरू कर दिया गया। इस दुर्घटना के कारण कुल 22 ट्रेनें प्रभावित हुईं जिनमें से कई ट्रेनों को दूसरे मार्ग से चलाया गया।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई मनी

**बेरमो।** कथारा -शनिवार 28 सितंबर को कथारा क्षेत्र में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महा प्रबंधक कथारा क्षेत्र संजय कुमार द्वारा भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनके साथ क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में भगत सिंह के जीवन और उनके संघर्षों पर विचार प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने भगत सिंह के बलिदान और देशप्रेम को याद करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

### एक नजर में

## सीबीएसई क्लस्टर-3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस में आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर 3 अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में शुरू से ही बोकारो जमशेदपुर और रांची की टीमों का दबदबा बरकरार रहा। फाइनल मुकाबले में इन तीन जिलों की मुख्य भिड़ंत हुई। अलग अलग कैटेगरी के कुल छह मैचों में तीन बोकारो ने जीते जबकि दो पर जमशेदपुर ने कब्जा जमाया तो एक रांची की झोली में गया।

रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विद्यालय के कालिदास कला भवन में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय बास्केटबॉल की बालिका टीम के कोच उमाकांत सिंह सीबीएसई के ऑब्जर्वर संतोष कुमार तकनीकी प्रतिनिधि प्रियरंजन कुमार सिंह एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य सह प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। झारखंड बिहार के 63 विद्यालयों से 121 टीमों ने 116 मैचों में हिस्सा लिया। प्रत्येक कैटेगरी में बेस्ट प्लेयर का भी पुरस्कार दिया गया। वहीं स्कॉटिश पब्लिक स्कूल कटिहार की टीम ने सर्वश्रेष्ठ अनुशासित प्रतिभागी टीम का पुरस्कार प्राप्त किया। समापन समारोह में विजेता टीमों को शुभकामनाएं तथा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि उमाकांत सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर डीपीएस बोकारो परिवार को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहते हुए आयोजन की सफलता में सहयोग के लिए सभी ऑफिशियल एवं अन्य सभी सहभागियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने मुख्य अतिथि ऑफिशियल एवं तकनीकी पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित भी किया।

# सेफी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने बीएसएल पदाधिकारियों से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेफी चेयरमैन एवं नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ ऑफिसर्स एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट नरेंद्र बंछोर सेफी के वाइस चेयरमैन नरेंद्र सिंह ने बोकारो स्टील प्लांट के प्रशासनिक भवन में बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह एवं महासचिव अजय कुमार पाण्डेय के साथ बोकारो स्टील प्लांट के ईडी संकार्य व मानव संसाधन राजन प्रसाद एवं ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी से मुलाकात की। चूंकि बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी बोकारो में नहीं थे इस वजह से उनसे उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। इसी क्रम में बोकारो क्लब में बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने श्री बंछोर एवं नरेंद्र सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन की काउंसिल मीटिंग में उन्हें बोकारो की समस्याओं से अवगत कराया गया। इस क्रम में बोकारो में आए दिन अधिकारियों के आवास का घेराव आवास पर कब्जा अधिकारियों के प्रमोशन केपीए में बार बार बी ग्रेडिंग चिकित्सा व्यवस्था में कमी को दूर करने सहित अन्य मुद्दों पर उनसे चर्चा हुई। बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव एके पांडेय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वार्ता के दौरान सेफी अध्यक्ष ने दिवाली के पूर्व ही एकमुश्त पीआरपी भुगतान हो जाने की बात कही। साथ ही ईपीएस 95 हायर पेंशन में हो रही देरी एवं विसंगति दूर करने के लिए मंत्रालय तथा सीपीएफओ से बात कर जल्द ही समाधान करने पर चर्चा की गई।

## भगत सिंह का बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा : जीएम

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट स्थित शहीद भगत सिंह की जयंती घूम-घाम से मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा ने भगत सिंह की जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा। कहा कि सभी युवा साथियों ने भगत सिंह जी के आदर्शो को अपने जीवन में उतारने की शपथ ले। एसओ ईएंडएम जी मोहंती ने सरदार भगत सिंह के जीवन परिचय पर कहा की भगत सिंह जी ने मात्र 23 वर्ष की आयु में देश के लिए अपनी जवानी और प्राण समर्पित कर दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकोमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह ने किया।

## सफाई अभियान सह जागरूकता अभियान चलाया गया




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत बोकारो एवं करगली क्षेत्र में क्षेत्र के महाप्रबंधक के रामाकृष्ण के निर्देशन में जीएम ऑफिस से गांधी चौक करगली गेट तक सफाई अभियान सह जागरूकता अभियान चलाया गया।

उक्त कार्यक्रम में सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने का संदेश दिया गया, दुकानदारों एवं आम जनमानस के बीच जुट बैग एवं कूड़ादान का वितरण किया गया। उन्होने आमलोगो से अपील कि वे सड़क के किनारे कचरा ना फेके और अपना डस्टबीन रखे। कचरा गाड़ी पर उसमे कचरा डाले। इससे क्षेत्र की स्वच्छता बरकरार रहेगी। उन्होने अपील कि हर दिन लोग अपने घर आस-पास क्षेत्र मैं स्वच्छता को लेकर एक घंटा समय दे इससे उनका एक तरफ उनका स्वास्थ्य ठीक रहेगा और दूसरी ओर कॉलोनी और बाजार भी साफ- सुथरा दिखेगा।

## इस्पात उद्योग में सर्वश्रेष्ठ बनने को कृतसंकल्प है सेल : अमरेन्दु




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मुख्यालय में आयोजित 52वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष के प्रदर्शन को देखते हुए आगे आने वाला समय मेरे इस विश्वास को और मजबूत करता है कि एक संगठन के रूप में हम नंबर वन यानी अपने उद्योग में सर्वश्रेष्ठ बनने की आकांक्षा रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के विजन के साथ देश के सामाजिक डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे को बदलने के लिए भारत सरकार के निरंतर प्रयास ने देश के सभी क्षेत्रों में स्टील की मांग को बढ़ावा दिया है। कहा कि सेल ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान क्रमशः 20.5 मिलियन टन 19.24 मिलियन टन और 18.44 मिलियन टन हॉट मेटल क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का उत्पादन करके नए मानक स्थापित किए जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में क्रमशः 5.6% 5.2% और 6.9% अधिक है। उन्होंने उल्लेख किया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 104545 करोड़ रुपये का सर्वश्रेष्ठ विक्रय कारोबार हासिल किया। उन्होंने कहा कि सेल दो फोकस क्षेत्रों क्षमता उपयोग को अधिकतम करने और ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल करने की राह पर है।

## अमर शहीद वीर भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं : राजेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज अमर शहीद भगत सिंह के 117 वें जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय विभूति मंच के तत्वाधान में भगत सिंह स्मारक स्थल हटिया चौक,, गोड्डा में भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंच सचिव राजेश झा ने कहा कि भगत सिंह मां भारती के सच्चे सपूत थे उन्होंने भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से छुटकारा दिलाने के लिए देश के सभी क्रांतिकारी नौजवान साथियों को इकट्ठा कर ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध आंदोलन छेड़ दिया। उन्होंने गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए केंद्रीय असेंबली में बम फेंका और स्वयं गिरफ्तार हो गए। भगत सिंह से ब्रिटिश हुकूमत इतना डरते थे कि उन्हें फांसी की सजा से एक दिन पहले ही फांसी दी गई। उन्होंने हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए और देश में क्रांति के एक नई लहर पैदा कर दी। युवाओं को भगत सिंह के विचारों को पढ़ने और समझने की आवश्यकताहै। सर्वजीत झा ने कहा कि भगत सिंह व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद का नारा पूरे भारत में फैला दिया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर पवन झा, निखिल झा, सीताराम राउत, नरेंद्र मिश्रा, सुनील झा, महेंद्र दास, अजय मंडल, हेमकांत मंडल, कृष्णा मंडल, दामोदर मंडल, भंवरी देवी आदि उपस्थित रहे।

## जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**बेरमो।** शनिवार को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के अवसर पर डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो, डा0 अरविन्द कुमार उपाधीक्षक सदर अस्पताल बोकारो की अध्यक्षता में आमजनमानस में तम्बाकू के दुष्परिणाम व कोटपा-2003 के मुख्य प्रावधानो के प्रसार प्रचार हेतु जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखा कर किया गया। सिविल सर्जन बोकारो द्वारा सभी लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि जागरूकता रथ का मुख्य उददेश्य बोकारो के युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से अवगता कराना है। डा0 अभय भूषण प्रसाद ने सभी को बताया कि झारखण्ड में 38.9 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप से तम्बाकू का सेवन करते हैं जिसमें 5.1 प्रतिशत बच्चों की संख्या है जोकि मात्र 13 से 15 आयुवर्ग के हैं जो कही न कही कक्षा 7 से 10 के बच्चे हैं जो इतने कम आयु में तम्बाकू का सेवन करते है।

## बीएसएल के सीआरएम-3 में वैगन डिस्पैच का नया रिकॉर्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीआरएम 3 ने 42 वैगन के रैक को रिकॉर्ड न्यूनतम समय 11 घंटे 20 मिनट्स में डिस्पैच करने का नया रिकॉर्ड बनाया है।

ईडी मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ने सीआरएम 3 के शिपिंग क्षेत्र का दौरा किया और बीएसएल में अब तक के सबसे कम समय में 42 वैगन डिस्पैच करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सीआरएम-3 की शिपिंग टीम को बधाई दी और सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सीआरएम 3 विभाग द्वारा रिकॉर्ड न्यूनतम समय 11 घंटे 20 मिनट्स में किया गया डिस्पैच एक नया मील का पत्थर है जो दक्षता के साथ इसमें शामिल सभी लोगों के कार्य के प्रति समर्पण और टीम वर्क को प्रदर्शित करता है। मौके पर विभाग के सीजीएम अरुण कुमार के साथ सीआरएम 3 पीपीसी एवं यातायात विभाग के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## फुसरो के एक मात्र हिंदुस्तान पुल जो पूरी तरह से जर्जर एवं बेकार होता जा रहा है

**बेरमो।** भारतीय जनता पार्टी फुसरो नगर मंडल ओबीसी मोर्चा मंत्री छोटू कुमार रवानी ने कहा कि बेरमो फुसरो क्षेत्र के एकमात्र हिंदुस्तान पुल जो बहुत ही पुराना है । उस पुल से अनेकों क्षेत्र से हजारों हजार गाड़ियां प्रतिदिन गुजराती है। उस जगह पर बने सड़क बहुत ही जर्जर एवं खराब हो गया है । जिससे चलने आते जाते रह गिरोह को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है और आए दिन उस जगह पर टू व्हीलर चलने वाले लोगों को गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं और तो और फुसरो जैनामोड मुख्य मार्ग जो पीडब्ल्यूडी रोड झारखंड सरकार द्वारा बनाया गया है। वह सड़क बहुत ही जर्जर और जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं । और उस सड़क से हाईवा ट्रक कोयल लदे जो बालीडीह बोकारो लेकर जाते हैं प्रतिदिन उस मार्ग से जो कि टू व्हीलर थ्री व्हीलर एवं पैदल चलने वाले एवं अगल-बगल दुकानदारों को हाईवे ट्रक गुजरने से पूरा धूल उड़ती रहती है।

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सांस्कृतिक रंगमंच: नाटक, नृत्य और नैतिकता का संगम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /कथारा।** स्वांग स्थित नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव, बालिका शिक्षा, और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चार नाटक प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के हर हाउस ने एक सांस्कृतिक नृत्य और एक नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंदन कुमार, नोडल अधिकारी, कथारा क्षेत्र ने सत्यनिष्ठा और ईमानदारी का संदेश दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 80401 मामलों निष्पादन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो अनिल कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार शनिवार 28 सितम्बर को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में लगे राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 80,401 मामलों का निष्पादन और लगभग दो करोड़ अडतालीस लाख रुपए की समझौता राशि वसूल किया गया । इस तरह बिजली विभाग के 12,257 मामले, बैंक विभाग के 116 मामले, चेक बाउंस के 56 मामले, उत्पाद विभाग, वन विभाग, प्री लिटिगेशन के मामलों, सहित अन्य कई विभाग के मामलों का निष्पादन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से जिला जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति, एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, अधिवक्ता सुभाष कटरियार, संजय कुमार दे, जीवन सागर आदि ने संयुक्त रूप से किया ।इस अवसर पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नालसा और झालसा के तत्वाधान पूरे भारत में किया जा रहा है। आपकी उपस्थिति यह बताती है कि आप लोक अदालत के कार्य कलाप से काफी प्रभावित है। जिससे समय की और पैसे की भी बचत होती है। वहीं कोर्ट की प्रक्रिया में मामलों की निष्पादन होने में काफी समय लगता है।

## भू वापसी की मांग को लेकर ढोरी मौजा के रैयतों ने बेरमो सीओ को सौंपा ज्ञापन किया प्रदर्शन

**बेरमो।** खतियानधारी विस्थापित समिति के तत्वधान में ढोरी मौजा के दर्जनों रैयतों ने सीसीएल प्रबंधन से रैयतों की जमीन भू वापसी दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा और प्रदर्शन किया। यहां रैयतों ने अपने अपने हाथो में तख्ती लेकर जमीन वापस करो की नारे लगाए। खतियानधारी विस्थापित समिति के सचिव मोहन महतो ने कहा कि ढोरी मौजा के रैयतों की जमीन में सीसीएल द्वारा अवैध कब्जा कर खनन कार्य व निर्माण कार्य कर रही है। ढोरी मौजा के रैयतों की लगभग दो हजार एकड़ जमीन पर सीसीएल द्वारा कब्जा किया गया जिसके एवज में रैयतों को मुआवजा नहीं दिया गया। उक्त जमीन को वापस किया जाय ताकि रैयत अपनी जमीन में खेती बाड़ी कर सके और घर बना सके।

## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी सप्ताह की शुरूआत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच बोकारो द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती से लेकर महात्मा गांधी की जयंती तक स्वदेशी सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि अंत्योदय की बात करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी हमेशा कहते थे कि जब तक अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उदय नहीं होगा, तब तक इस देश का कल्याण नहीं हो सकता है। प्रान्त संपर्क प्रमुख अजय चौधरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक गंभीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे।

जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किये। जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि पंडित जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। कार्यक्रम में जयशंकर प्रसाद विनोद चौधरी कुमार संजय राकेश रंजन सुजीत श्रीवास्तव नवीन सिन्हा दीपक शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# कल्पना सोरेन ने कहा भाजपा को आदिवासी शब्द से है चिढ़

## मझगांव और चाईबासा विस क्षेत्र पहुंची मंईयां सम्मान यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्म पत्नी सह गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जोरदार प्रहार कर रही हैं। विकास कार्यों से लेकर आदिवासी समुदाय के भाषा-संस्कृति पर भी भाजपा पर सवाल खड़े कर रही हैं। मझगांव विस क्षेत्र के मंझारी में जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा भाजपा को आदिवासियों से कोई सरोकार नहीं हैं। कहा की भाजपा हमें आदिवासी भी नहीं मानती, हमें वनवासी कहती हैं। जिसे आदिवासी शब्द से चिढ़ हो वह हमारी भाषा-संस्कृति को क्या सम्मान देगी।




हो भाषा के संबंध में कहा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए निरंतर लड़ाई हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लड़ा जा रहा हैं। उन्होंने विपक्ष को ललकारते हुए कहा हेमंत सोरेन को अकेला समझने की भूल नहीं करें। राज्य की आधी आबादी यानी महिलाएं और हर वर्ग का साथ और आशीर्वाद प्राप्त हैं।

कहा की जिस व्यक्ति के पिता राज्य बचाने के लिए पूरी उम्र संघर्ष किया हो उसके बेटे को जमीन के एक झूठे मामले में जेल भेजा गया। ऐसे षड़यंत्रकारियों को राज्य की जनता सबक सुखायेगी।

ओड़िया, संथाली और हिंदी में बोलते हुए कल्पना सोरेन ने कहा मंईयां सम्मान योजना कभी रुकने वाली नहीं बल्कि चलते रहने वाली योजना हैं। कल्पना सोरेन ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए अपील किया की आगामी चुनाव में झामुमो और गठबंधन दलों का साथ दें, ताकि कोल्हान में भाजपा जीरो सीट में सिमट जाए। सभा में मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, सांसद जोबा माझी, विधायक निरल पुरती, जिप अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन आदि उपस्थित रहे।

### समय संवाद

महिषासुर को वरदान था कि कोई भी देवता या मनुष्य उसका वध नहीं कर सकता है। ऐसा वरदान पाकर महिषासुर राक्षसों का राजा तो बन ही गया था साथ ही वह लगातार देवताओं पर ही आक्रमण करता रहता था। एक बार देवताओं से युद्ध हुआ और वे हार गए। इसके बाद देवलोक में महिषासुर का राज हो गया। तब सभी देवताओं ने भगवान विष्णु के साथ-साथ आदिशक्ति की आराधना की थी। मां दुर्गा का स्वरूप धारण किया। 9 दिन तक चले भीषण युद्ध के बाद मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। महालया को मां दुर्गा के धरती पर आगमन का दिन माना जाता है।

# महालया से दुर्गा पूजा की धूमधाम आरंभ



**डॉ उषा किरण**




दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में है। महालया के साथ ही दुर्गा पूजा की शुरूआत हो जाएगी। दुर्गा पूजा के पहले महालया का अपना एक खास महत्व है। बंगाल में इस दिन को लोग खास तरीके से मनाते हैं। इसके साथ ही जिन राज्यों में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाता है उन राज्यों में भी महालया का विशेष महत्व है। लोग महालया का साल भर लोग प्रतीक्षा करते हैं। हिंदू धर्म में महालया का अपना एक अलग महत्व होता है। यह अमावस्या के आखरी दिन मनाया जाता है जो पितृपक्ष का भी अंतिम दिन होता है।

**क्या है महालया**

हिंदू शास्त्रों के अनुसार महालया और पितृ पक्ष अमावस्या एक ही दिन मनाया जाता है। इस बार यह 2 अक्टूबर को होगा। महालया के दिन ही मूर्तिकार मां दुर्गा की आंखें तैयार करता है। इसके बाद से मां दुर्गा की मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जाता है। दुर्गा पूजा में मां दुर्गा की प्रतिमा का विशेष महत्व है और यह पंडालों की शोभा बढ़ाती हैं। दुर्गा पूजा आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाता है। इस बार यह 7 अक्टूबर से शुरू हो रहा है जबकि मां दुर्गा की विशेष पूजा 11 अक्टूबर से शुरू होकर 15 अक्टूबर दशमी तक चलती रहेगी।

**ऐतिहासिक महत्व**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन अत्याचारी राक्षस महिषासुर का संहार करने के लिए भगवान ब्रह्मा, भगवान विष्णु और भगवान महेश ने मां दुर्गा के रूप में एक शक्ति सृजित किया था। महिषासुर को वरदान था कि कोई भी देवता या मनुष्य उसका वध नहीं कर सकता है। ऐसा वरदान पाकर महिषासुर राक्षसों का राजा तो बन ही गया था साथ ही साथ उसे घमंड भी हो गया था और वह लगातार देवताओं पर ही आक्रमण करता रहता था। एक बार देवताओं से युद्ध हुआ और वे हार गए। इसके बाद देवलोक में महिषासुर का राज हो गया। तब सभी देवताओं ने भगवान विष्णु के साथ-साथ आदिशक्ति की आराधना की थी। इसी दौरान देवताओं के शरीर से एक दिव्य रोशनी निकली। उसने मां दुर्गा का स्वरूप धारण किया। 9 दिन तक चले भीषण युद्ध के बाद मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। महालया को मां दुर्गा के धरती पर आगमन का दिन है। मां दुर्गा शक्ति की देवी है।

**बंगालियों में है खास महत्व**

महालया का महत्व बंगाली समुदायों में कुछ खास ही है। इसे धूमधाम से मनाया जाता है। मां दुर्गा में आस्था रखने वाले लोग इस दिन का लगातार इंतजार करते हैं और महालय के साथ ही दुर्गा पूजा की शुरूआत करते हैं। महालया नवरात्रि और दुर्गा पूजा के शुरूआत का प्रतीक है। कहा जाता है कि महालया के दिन ही सबसे पहले पितरों को विदाई दी जाती है। इसके बाद मां दुर्गा कैलाश पर्वत से सीधे धरती पर आती हैं और यहां 9 दिन तक वास करती है तथा अपनी कृपा के अमृत बरसाती हैं। महालया के दिन मां दुर्गा की आंखों को तैयार किया जाता है। मूर्तिकार इस में रंग भरते हैं। इससे पहले वह मां दुर्गा के विशेष पूजा करते हैं।

महालया के दिन पितरों को अंतिम विदाई दी जाती है। पितरों को दूध, तील, कुशा, पुष्प और गंध मिश्रित जल से तृप्त किया जाता है। इस दिन पितरों की पसंद का भोजन बनाया जाता है और विभिन्न स्थानों पर प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। इसके अलावा इसका पहला हिस्सा गाय को, दूसरा देवताओं को, तीसरा हिस्सा कौवे को, चौथा हिस्सा कुत्ते को और पांचवा हिस्सा चीटियों को दिया जाता है। जल से तर्पण करने से पितरों की प्यास बुझती है। (विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग वीमेंस कॉलेज रांची)

# परिवार में प्रेम से ही समाज मजबूत होगा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)




मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

### प्रकृति का कहर




# बच्चों की डिजिटल लाइफ पर नजर जरूरी

**अन्न अंबालिका**

बच्चे डिजिटल परिदृश्य में बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक उनकी मुट्ठी में हैं। इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। यह सच है कि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढांचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अनेक माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव होता है। इससे सुरक्षित ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है।देश में केवल 40 फीसद व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, इससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अकसर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी । चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। बच्चे अकसर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू -ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुंचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है।

साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में तीन में से एक बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं।

कुछ प्लेटफार्म पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अकसर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएं बढ़ा दी हैं। जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुंच से वंचित कर सकते हैं। ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है ।

टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है।

# गरीबों के 'ईश्वर', विद्या के सागर

**योगेश कुमार गोयल**

ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितंबर, 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला । उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की ।

'अपना काम स्वयं करो' सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कोलकाता (कलकत्ता) में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे।

सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है। ब्रिटिश शासनकाल में ऐसे कॉलेज विरले ही होते थे, जिनका संचालन पूर्ण रूप से भारतीयों के ही हाथों में हो और जहां पढ़ाने वाले सभी शिक्षक भी भारतीय ही हों किन्तु ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने सन् 1872 में कोलकाता में विद्यासागर कॉलेज की स्थापना कर यह बड़ा काम भी कर दिखाया था।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर वास्तव में एक ऐसी महान् शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि अंग्रेजों को विधवा पुनर्विवाह कानून पारित कराने को भी विवश किया। उन्हीं की बदौलत विधवाओं को समाज में सम्मान से जीने का अधिकार मिला। दरअसल उस समय हिन्दू समाज में विधवाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक थी। इसीलिए उन्होंने विधवा पुनर्विवाह के लिए लोकमत तैयार किया और उनके इन अटूट प्रयासों की बदौलत ही विधवा पुनर्विवाह कानून पारित हो सका।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत की बैठक सह स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह






अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत झारखंड प्रांत की बैठक सह स्वर्ण जयंती वर्ष समारोप समारोह का दो दिवसीय आयोजन का आरंभ रानी सती मंदिर प्रांगण में।

रानी सती मंदिर के प्रांगण आयोजित की गयी। इस समारोह में राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस , स्वर्ण जयंती आयोजन समिति की अध्यक्ष पद्मश्री छुटनी महतो जी , उपाध्यक्ष ऐंजिल उपाध्याय जी भी उपस्थित थी । आज के दिन की बैठक कुल 6 सत्रों में संचालित की गई। कार्यक्रम का आरंभ ग्राहक गीत से हुआ जिसे डॉली परिहार ने गाया ।तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम किया गया। संगठन मंत्र का वाचन किया वी प्रभु जी ने। अजय जी ने आज दिन भर होने वाले कार्यक्रम के बारे में परिचय दिया ।संगठन में बैठक का क्या महत्व है और अपने प्रतिभागियों से क्या अपेक्षा रहती है इस विषय पर सबनीस दिनकर जी ने अपना वक्तव्य दिया ।सदस्यता अभियान की समीक्षा की प्रांत सहसचिव अरविंद राणा जी ने ।

सबसे अधिकतम सदस्यता वाला जिला दुमका, सबसे अधिक कार्यक्रम करने वाला जिला पूर्वी सिंहभूम और सबसे अधिक महिला सदस्य बनाने वाली सदस्य सरिता सिंह जी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस जी ने

प्रथम सत्र का संचालन किया प्रांत सचिव अरविंद राणा जी ने किया।

द्वितीय सत्र का संचालन किया प्रांत सचिव डॉक्टर कल्याणी कबीर जी ने और इस सत्र में सभी जिला के सचिवों और संयोजकों के द्वारा अपने अपने जिला का वृत्त प्रस्तुत किया गया ।तत्पश्चात पर्यावरण आयाम प्रमुख बिमला हेंब्रम , महिला आयाम प्रमुख रूबी लाल

, विधि आयाम प्रमुख रवि प्रकाश सिंह और प्रचार आयाम प्रमुख अंशु कुमार के द्वारा भी वृत्त दिया गया। तृतीय सत्र में कुछ नवीन कार्यकताओं का नियोजन किया गया और साथ ही प्रांत संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति जी ने दायित्व बोध पर अपना बौद्धिक दिया। चतुर्थ सत्र में से गट बैठक हुआ जिसमें दिनकर जी ने टोली सदस्यों से विचार-विमर्श किया।

सभी आयाम प्रमुखों ने अपनी अपनी टोली के साथ विचार विमर्श किया । पंचम सत्र में गट सह मुक्त चर्चा और जिज्ञासा समाधान रखा गया । षष्ठ सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत, भजन ,कविता , वीर रस इत्यादि की प्रस्तुति कार्यकताओं के द्वारा दी गई।

# मांसपेसियों की मजबूती



**कुसुप पी**



**फिट** फिगर के लिए जरूरत है मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बनाने की और पिलेटीज मांसपेशियों को मजबूत बनाकर सांस की प्रक्रिया को दुरुस्त करता है। यह एक तरह की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है।

स्टेप 1 एक्सरसाइज बॉल के जरिये टमी कम करने में मदद मिलती है। अपने बायीं ओर एक्सरसाइज बॉल रखें। अब बाएं पैर को सामने की ओर मोडें। ध्यान रखें कि दायां पैर पीछे की ओर होना चाहिए। अब बाएं हाथ पर बॉल रखें। कोहनियों को थोडा मोडें। अपने दाएं हाथ को सामने लाएं। बॉल को एक हाथ से दूसरे हाथ में ले जाएं। 2-4 सेकंड रुकें और फिर उसी अवस्था में आ जाएं। स्टेप 2 पीठ के बल लेट जाएं। दोनों हाथ साइड में रखें लेकिन हथेलियों को जमीन से टिकाएं। धीरे-धीरे पैर उठाएं और पंजों को सिर के ऊपर लाने की कोशिश करें। कंधों को आराम दें और पैरों को फिर से सीधा कर लें।

स्टेप 3 पेट के बल सीधे लेट जाएं। अब अपने पैरों को थोडा फैलाएं। बॉल को सीने से दबाएं और हाथों को जमीन पर टिकाएं। इसके बाद धीरे-धीरे आगे की ओर बढना शुरू करें। ध्यान रखें कि हथेली जमीन से टिकी रहनी चाहिए। ऐसा 5-7 मिनट तक करें। थोडी देर रुकें और वापस उसी स्थिति में आ जाएं।

ये हैं फायदे...

मांसपेशियां बनेंगी स्ट्रॉन्गः इससे शरीर के जोड और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। रीढ की हड्डी के लिए तो यह बहुत जरूरी है लेकिन स्पाइन में कोई समस्या हो तो बिना डॉक्टर की सलाह के ये व्यायाम न करें।

कमर दर्द में भी लाभकारीः पिलेटीज के जरिये हाथ-पैरों को स्ट्रेच करके कमर दर्द से छुटकारा मिल सकता है। स्ट्रेचिंग से आप कमर और हिप्स की मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं।

दिन भर चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए पिलेटीज को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। इससे थकान दूर होती है और ऊर्जा स्तर मेंटेन रहता है।

# रांची में रोटरी क्लब ने किया गिफ्ट ऑफ लाइफ परियोजना का शुभारंभ




**रांची** के सभी रोटरी क्लबों ने गिफ्ट ऑफ लाइफ परियोजना का आधिकारिक शुभारंभ किया। इस पहल के तहत 6 माह से 18 वर्ष तक के दिल में छेद वाले बच्चों की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। नियमित स्क्रीनिंग राज हॉस्पिटल, रांची में प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को आयोजित की जा रही है, जबकि सर्जरी अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि में की जाएगी।

विशेष मेगा स्क्रीनिंग 18 अक्टूबर 2024 को राज हॉस्पिटल, रांची में होगी, जहां अमृता हॉस्पिटल के डॉक्टर बच्चों का परीक्षण करेंगे। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष रोटेरियन गौरव बागरॉय, रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार, हरमिंदर सिंह, डॉ. अनंत सिन्हा और डॉ. विनय धनधानिया उपस्थित थे।

# मोदी के रहते आरक्षण नहीं होगा खत्म : भाजपा

## कांग्रेस का इतिहास ही रहा है दलित विरोधी :डॉ जीतू चरण राम

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु के आवासीय कार्यालय में शनिवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने प्रेस वार्ता किया, जिसकी अध्यक्षता एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय कुमार रजक व संचालन कृष्णा रवि ने किया। जबकि प्रेस वार्ता को मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सह कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर आरक्षण के विरोध में बात की। उन्होंने ऐसा बयान देकर देश के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। डॉ राम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ही आरक्षण विरोधी रहा है। राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के कमजोर वर्ग के लोगों को उपयोग सिर्फ अपना राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए किया है। कांग्रेस कभी भी देश के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की हितैशी नही रही है। डॉ जीतू चरण राम ने कहा कि देश में कांग्रेस ने 57 वर्षों तक शासन किया लेकिन कभी भी संविधान की मूल भावना के अनुसार देश में इसे लागू नही किया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने देश के एससी, एसटी ओर ओबीसी वर्ग के लोगों के बीच दुष्प्रचार किया। यदि भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा और आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। लेकिन कांग्रेस पार्टी यह दुष्प्रचार करके भी सत्ता प्राप्त करने का अपना उद्देश्य पूरा नही कर पाई। कहा की देश के एससी, एसटी और ओबीसी सहित सभी वर्ग का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार मिल रहा है। क्योंकि वे सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलते हैं। साथ ही सभी वर्ग के लोगों का पूरा ख्याल रखते हैं।

डॉ राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी संविधान की मूल भावना का आदर नही किया और आरोप भाजपा पर लगाती है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2017 में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्व जवाहरलाल नेहरू ने जब 1956 में पिछड़ों को आरक्षण देने की बात आई तो इसे खारिज कर दिया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू कर संविधान की मूल भावना को कुचलने का कार्य किया। डॉ जीतू चरण राम ने कहा कि 1988 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने आरक्षण को अनावश्यक बताया था। जबकि 1990 में मंडल आयोग का विरोध किया था। कहा की यह इस बात का पमाण है की कांग्रेस पार्टी आरक्षण की हमेशा विरोधी रही है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका जाकर राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के विरोध में बयान देना कांग्रेस पार्टी के आरक्षण विरोधी रवैये के दर्शाता है। बताया की राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संबंध में दिये गये बयान को लेकर आज भाजपा एससी मोर्चा द्वारा देशव्यापी कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री बिनोद कुमार राम, खटीक समाज महामंत्री दीपक सोनकर, सत्यजीत चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष बालेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

# परिवर्तन के मूड में राज्य की जनता : राकेश प्रसाद

## कुजू में परिवर्तन यात्रा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**कुजू।** भाजपा के परिवर्तन यात्रा शनिवार को मांडू प्रखंड के नयामोड़ से प्रारंभ होकर डटमा मोड़, कुजू चौक पहुचा। जहां कार्यकताओं ने फूल बरसा कर रथ का स्वागत किया। साथ ही परिवर्तन यात्रा के साथ भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक जुलूस निकाल कर भ्रमण किया। साथ ही शामिल भाजपा नेताओं ने राज्य में वर्तमान सरकार को परिवर्तन करने और भारत माता की जय और घोष कर रहे थे। परिवर्तन यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल हुए। रथ नयामोड़ पहुंचने पर मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में रथ का स्वागत किया गया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने संबोधित करते हुए ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में हेमंत सरकार के नेतृत्व में झारखंड को लूटने का काम हुआ है। भाजपा के परिवर्तन रथ यात्रा सकरात्मक दृष्टि से झारखंड में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 5 साल पहले हेमंत सरकार लोगों की आंख में धूल झोंक कर 5 साल सत्ता चलाया। इसमें जेएमएम, कांग्रेस, राजद बराबर की भागीदार है। जनता की विश्वास पर खड़ा नहीं उतरने का कारण झारखंड के गांव गांव की जनता परिवर्तन की मूड में है। परिवर्तन यात्रा में रंजीत कुमार सिंह, प्राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अशोक कुमार, गिरधारी महतो, राजेंद्र प्रसाद, सर्वेश सिंह, उमेश चंद्र पटेल, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, डिंपल प्रजापति,निर्मल करमाली, राजेश प्रसाद, पंचित महतो, सुधान सिंह, प्रदीप राम, शिवम सिंह, विकास सिंह, अखिलेश प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, बाल गोविंद बेदिया वीरेंद्र करमाली, धर्मेंद्र सिंह, धनी लाल विद्या,रामानंद सिंह, नागेंद्र सिंह, संजीव सोनी, अनिल सोनी, सुदीप मेहता, अनिल कुमार अग्रवाल, शिवम सिंह शुभम गुप्ता और अन्य मौजूद थे।

## विभावि एमसीए डिपार्टमेंट में इंडक्शन मीट आयोजित

**हजारीबाग।** विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के एमसीए विभाग में शनिवार को सत्र 2024-26 के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए इंडक्शन मीट हुआ, जिसमें नए छात्रों को विवि के शैक्षणिक माहौल, विभाग की संरचना और पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई। यह जानकारी विभागीय शिक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह ने दी। बताया कि यह इंडक्शन मीट अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के दिशा-निदेशों के अनुसार आयोजित की गई है। जिसमें छात्रों को उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और वरिष्ठ छात्रों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किया। छात्र इंडक्शन मीट के तहत 30 अक्टूबर से विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किया जाएगा।

# विधायक उमाशंकर अकेला ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** कोनरा पंचायत पूर्वी भाग में डीएमएफटी मद से मो. नसीम अंसारी के घर से बरही एएनएच-2 पीडब्ल्यूडी सड़क तक पीसीसी पथ कि शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। विधायक उमाशंकर अकेला को ग्रामीणों ने फूल-माला और पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया विधायक ने झारखंड सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि इन योजनाओं से आम जनता को बड़ा लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य की इंडिया गठबंधन सरकार गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और बेटियों के जीवन में खुशियां ला रही है। इस अवसर पर ग्रामीणों में सरकार के प्रति भारी संतोष और समर्थन देखा गया, सभी ने एक बार फिर से गठबंधन सरकार को मौका देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बरही प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, बरही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधी छद्दू गोप, बरही प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनिल साहु, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष गुलजार अंसारी, स्वास्थ्य विभाग विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली, प्रखंड विकास विधायक प्रतिनिधि मो वारिस, कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम, पंसस प्रतिनिधि मो सागीर, धनवार पूर्व मुखिया वासुदेव यादव, वार्ड सदस्या प्रवीण जहां, अर्जुन यादव, संवेदक मनोज कुमार, सुरेश साव, गाजो यादव, मनोज रविदास, मिथलेश उपाध्याय, राजु राणा, बीरेंद्र यादव, कोनरा पंसस पूर्व प्रत्याशी हसबुन निशा, मीना देवी, आशा देवी, श्यामवती देवी, इशरत बानो, गुलशन आरा, जेबा निशा, मबिया खातून, पिंटू पासवान, युसुफ खान, बिनोद मालहोर, अब्दूल गनी खान, मो मुस्तकिम, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद इब्राहीम, अनवर शहजाद, मो जहुर, मेराज हुसैन, मूनेजा खातून, पुनम देवी, प्रमिला देवी, राजु रजक सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और विधायक का आभार व्यक्त किया।

## दौलत महतो बीएड कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अवलोकन कार्य हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।बीएड पाठ्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न विद्यालययों में जाकर अवलोकन कार्य किया जाना है! महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अवलोकन कार्य के महत्त्व पर कहा कि इससे प्रशिक्षुओं को विद्यालय क्रियान्वयन और कौशलपूर्ण शिक्षण कार्य में सहायता मिलती है! कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा,सहायक व्याख्याता बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अद्रश मुखर्जी, डॉ. सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ. अम्बरीश कुमार दुबे,डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,आजाद एवं समस्त प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

# अनमोल बचपन प्ले स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता

एजेंसी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए क्ले मॉडलिंग क्राफ्ट डिजाइनिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर स्कूल परिवार का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों ने सुंदर तरीके से कच्ची मिट्टी पर आकर्षित पेड़-पौधे, पशु-पक्षियों एवं जानवरों का चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कच्ची मिट्टी से बनाया गया आकर्षक चित्रों के लिए बच्चों को बधाई दी गई। बच्चों ने क्ले मॉडलिंग के माध्यम से भारतीय झंडा, फूल, रॉकेट, गेंद व पेड़ बनाकर बच्चों ने सबों का ध्यान आकर्षित किया। इसी के साथ-साथ क्राफ्ट डिजाइनिंग में बच्चों ने पेड़ की आकृति बना उसमें हरा रंग भरकर पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने हाथ में रंग लगाकर पेपर में उसकी छाप उकेरी। साथ ही ब्रश के माध्यम से सुंदर पेड़ की आकृति बनाई जो आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि क्ले मॉडलिंग क्राफ्ट एवं ड्राइंग प्रतियोगिता कराने का उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभा निखारना है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर उत्साह और उमंग जागृज होती है। निदेशक श्री सिंह ने कहा कि कला को निखारने के लिए और प्रेरित करने के लिए इस तरह का आयोजन नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, नमिता मिश्रा, भूमि कुमारी, दिव्या कुमारी, जयश्री गोस्वामी, पूर्णिमा कुमारी, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी का विशेष योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### झामुमो ने मनाया टेकलाल की पुण्यतिथि



**कुजू।** स्व टेकलाल महतो ने मांडू विधानसभा क्षेत्र का मजबूत नेतृत्व के साथ-साथ झामुमों को सींचने का काम किया था. उन्होंने झारखंडी जनता के हक व अधिकार के लिए अपना सर्वस्व जीवन न्योछावर कर दिया। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने कही। श्री महतो झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता सह मांडू के पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नयामोड़ में झामुमो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड आंदोलन में टेकलाल बाबू द्वारा अग्रणी भूमिका निभाई गयी थी। उनके बताए मार्ग पर चल कर ही झारखंडियों के सपनों को साकार किया जा सकता है। वही अपने विधायकी काल में जो विकास का कार्य किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। झारखंड को अलग राज्य बनाने में उन्होंने काफी योगदान दिया है। इससे पूर्व कार्यकताओं ने राजकुमार महतो को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद स्व टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर सागीर हुसैन, पिंकी बेसरा, संतोष कुमार, मोगलचंद्र पटेल, बोधन मांझी, रामकुमार सिंह, प्रदीप महतो, हेमलाल सिंह, बादल कुमार, प्रदीप महतो, मोहम्मद यूनुस, चेतलाल महतो, वासुदेव गंझू, धनेश्वर राम, सुरेश महतो, सावन मांझी, तुलसी महली, नासिर हुसैन, अभय सिंह, बंधन महतो, राजीव कुमार, मंगू मांझी, बीरबल महतो, बबलू मांझी, सुखदेव मांझी, सोनाराम मांझी, इसरार अहमद, इदरीस अंसारी, लालू महली, डॉ सुरेश महतो, मोहरलाल महतो, राजनाथ महतो, पुनीत करमाली, सुखदेव मुंडा, घनश्याम महतो, बलदेव मुर्मू सहित अन्य उपस्थित थे।

### माइक्रो कंप्यूटर सेंटर का मना वर्षगांठ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बैंक मोड़ पटेलनगर भुरकुंडा स्थित माइक्रो कंप्यूटर सेंटर का शनिवार को धूमधाम से समारोह पूर्वक 19वां वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक मनोज सिन्हा एवं संस्था की संचालिका सह कंप्यूटर शिक्षिका डौली सिन्हा ने केक काटकर किया। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच केक व मिठाई का वितरण किया गया। सेंटर के 19वें वर्षगांठ पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर शिक्षिका डौली सिन्हा ने कहा कि हमारे संस्था का उद्देश्य बच्चों को इस डिजिटल युग में बेहतर शिक्षा देकर रोजगार का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हमारे सेंटर में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कम शुल्क पर कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती रही है, जो आगे भी जारी रहेगा। वहीं निदेशक मनोज सिन्हा ने संस्था के 19 वर्षों की उपब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षकों के मार्ग-दर्शन में बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनका भविष्य संवारना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभय, अविनाश, अंजन, जूही, बबीता, सुप्रिया, रिया, रानी, सिमरन, ऋषभ आदि का विशेष योगदान रहा।

### परवरिश स्कूल में खो खो प्रतियोगिता



**कुजू।** परवरिश एजुकेयर विद्यालय के प्रांगण में ग्रुप ए इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें स्कूल के चार हाउस पटेल हाउस, नेहरू हाउस, बिरसा हाउस, गांधी हाउस शामिल हुए। ग्रुप ए में कक्षा 1 से 4 के कक्षाओं के विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध शिनदेशक विकास कुमार सिंह की सहमति से खेल अयोजित किया गया। खेल का आगाज विद्यालय समन्वयक रश्मि कुजूर के द्वारा हरी झंडी के द्वारा और राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। खेल के विजेता रहे पटेल हाउस रहा, वहीं फर्स्ट रनर अप नेहरू हाउस रहा। मौके पर नाजो खातून, विद्यालय की शिक्षिकाएं कंचन, प्रसाद, नंदिनी झा, रजनी कुमारी, सानू साहू, आकांक्षा मिश्रा, काजल कुमारी आदि शामिल थे।

### जेएम कॉलेज में स्वच्छता अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित जेएम कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्देशित एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्वच्छता ही संस्कार है एवं स्वच्छता ही स्वभाव है के तहत शनिवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका संचालन एनएसएस इकाई एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. गिरिधर पाठक एवं डॉ. बीके सिंह, डॉ. समां बेगम, प्रो. नीला सिंह, डॉ. अरुणजय सिंह उपस्थित थें। स्वच्छता ही संस्कार है एवं स्वच्छता ही स्वभाव है के तहत कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता चयाया। साथ ही भदानीनगर के कोल कंपनी स्थित दुर्गा मंडप परिसर की साफ-सफाई का लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

## एक नजर में

### चरही में केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर बन रहा पंडाल

**चरही।** चरही दुर्गा मंडप प्रांगण में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। मंडप का रंग-रोगन, भगवती दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती गणेश, कार्तिकेय और महिषासुर की प्रतिमा निर्माण एवं पंडाल निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दी गई है।खास बात यह है कि पंडाल का निर्माण केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर की जा रही है।इस कार्य में चरही के कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। पंडाल निर्माण मे लगभग 160 लाख रुपया की लागत आ सकता है। बता दें कि चरही में 1976 से लगातार दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। दशमी और एकादशी के दिन मेले का आयोजन किया जाता है।जिसमे क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक गांवों के लोग मेले में शामिल होते है। बताया गया कि पूजा के सफल आयोजन के लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति चरही का गठन किया गया है। पूजा की तैयारी को लेकर पहले कई दौर कि बैठक हो चुकी है। पूजा समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर,कार्यकारी अध्यक्ष मोहन महतो,उपाध्यक्ष नीरज सिंह,लाल सिंह,राजेश ठाकुर,सचिव किशुन महतो,उप सचिव सत्येन्द्र नारायण सिंह,कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रकाश, उप कोषाध्यक्ष दिलचंद रविदास और रामदेव महतो एवं अन्य श्रद्धालुओं की देखरेख में सारा कार्य किया जा रहा है। इस बार पूजा की तैयारी कुछ अनोखे तरीके से किया जा रहा है। क्लश के दिन से प्रत्येक दिन सुबह-शाम महाआरती का आयोजन किया जाएगा।पंडाल की बनावट और विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र होगा।तथा विजयादशमी की संध्या में चरही बिरसा मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।इसकी भी तैयारी की जा है।बताया गया कि सप्तमी से दशमी के तक भंडारा का आयोजन होगा।

### एनटीपीसी निदेशक ने किया कोल खनन का दौरा

**बड़कागांव।** शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन)एनटीपीसी और एन एलएम अध्यक्ष ने एनएलएम पकरी बरवाड़ीह कोयला खनन परियोजना का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य चल रही परियोजना गतिविधियों और प्रमुख विकासों की समीक्षा करना था।निदेशक (ईंधन) ने परियोजना गतिविधियों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने माइन व्यू प्वाइंट का दौरा किया जहाँ पर उन्होंने माइंस में हो रही गतिविधियों को बारीकी से निरीक्षण किया । ऑपरेशनल दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उन्होंने नए पीआइटी कार्यालय का उद्घाटन किया। निदेशक (ईंधन) के इस दौरे के दौरान अनिमेष जैन, कोयला खनन, परियोजना प्रमुख पकरी बरवाड़ीह, फैज तैयब के साथ विभागीय प्रमुख और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### संजीव बेदिया ने पीड़ित महिला को दिया चेक

**बड़कागांव।**झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के प्रयास से मुख्यमंत्री राहत कोष से किडनी से ग्रसित मदन मोहन को इलाज के लिए पत्नी नूतन कुमारी को एक लाख रुपये का चेक दिया गया । नूतन कुमारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं संजीव बेदिया को धन्यवाद दिया।और आभार प्रकट किया कहा कि आप लोग जैसा झारखंड में व्यक्ति अगर है तो हम गरीबों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं श्री बेदिया ने कहा हेमंत सरकार गरीब गुरुवा के लिए ही बना है।मौके पर शंकर साव,अनूप कुमार,सुरेंद करमाली, कयूम अंसारी,छोटू कुमार मिस्री भगत आदि लोग उपस्थित थे।

### बरही : युवक की तालाब में डूबने से मौत

**बरही।** रसोईया धमना क्षेत्र के बोलिया तालाब में शनिवार को एक हृदय विदारक घटना घटित हुई, जब 35 वर्षीय अशोक प्रजापति की तालाब में डूबने से मौत हो गई। अशोक, जो नागेश्वर प्रजापति के पुत्र थे, श्राद्ध कर्म के लिए तिनिया घाट में स्नान करने गए थे। गांव के बुधन कुम्हार की तीन दिन पूर्व मौत हुई थी, जिसके श्राद्ध के मौके पर अशोक और अन्य लोग तालाब पर पहुंचे थे। स्नान के दौरान अशोक अचानक तालाब की गहराई में समा गए। घटना के बाद, वहां मौजूद लोगों को आशंका हुई, जब काफी समय बीत जाने के बाद भी अशोक पानी से बाहर नहीं आए। घबराए ग्रामीणों ने तुरंत खोजबीन शुरू की। घंटों की कड़ी मशक्कत और प्रयासों के बाद, गांव के कुछ युवाओं ने मछली पकड़ने के जाल की मदद से अशोक का शव तालाब से बाहर निकाला। इस दर्दनाक घटना के बाद अशोक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से पुलिस प्रशासन ने शव को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया। अशोक प्रजापति अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों सहित एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अचानक मौत ने पूरे गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है। गांव में मातम का माहौल है, और हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध है। गांव के मुखिया गोविंद साहू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया, वहीं सामाजिक कार्यकर्ता तपेश्वर साहू, प्रो. बद्री साहू, हीरामन साहू, अनुज यादव, नरेश प्रजापति, गोपाल पंडित, परमेश्वर पंडित, और राजेश प्रजापति सहित अन्य स्थानीय लोगों ने भी परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। इस हादसा से गांव में शोक का माहौल है और हर कोई अशोक के परिवार के साथ इस कठिन समय में खड़ा है।

### कटकमसाडी : पांच माह के बच्चे का शव बरामद

**कटकमसांडी।** ओपी पेलावल थाना क्षेत्र के छडवा डैम के पास लगभग पांच - माह के नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है । काली मंदिर का पुजारी राजेश पांडेय ने जब उन्होंने देखा गया तब उन्होंने खबर मंत्र के अखबार कटकमसाडी रिपोर्टर को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शाहीना परवीन को सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए दल-बल के साथ पहुंचे और नवजात शिशु का शव को कब्जे में लिया, और शव को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा दिया गया।

### उच्च कोटि के स्कॉलर थे भगत सिंह : डॉ सुनील यादव

**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के प्रांगण में आज शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जयंती का शुभारंभ भगत सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानध्यापक डॉ सुनील यादव व संचालन शिक्षक विजय कुमार दास ने किया। डॉ. सुनील यादव ने भगत सिंह के जीवन पर विस्तार से बात रखा उन्होंने कहा कि भगत सिंह का जीवन युवाओं के लिए अनुकरणीय है, आजादी के आंदोलन में उनकी क्रांतिकारी भूमिका को कभी भुलाया नही जा सकता, वे स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करते हुए काफी कुछ पढा और लिखा। कहा कि वे एक बेहतरीन स्कॉलर भी थे। विद्यालय की छात्रा सौम्या कुमारी, आयुष कुमार यादव, प्रियांशी कुमारी, श्वेता कुमारी ने भगत सिंह के जीवन दर्शन पर अपना विचार साझा किया। कार्यक्रम में शिक्षक देवेंद्र कुमार, सुधा रश्मि, रश्मि टोप्पो, विक्रम प्रजापति, दिलेश्वर प्रसाद, अताउल्लाह अंसारी, किरण देवी, संजू देवी,आरती देवी व लिपिक प्रत्युष बनर्जी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### आपका हमारा पार्टी सभी सीटों पर देगा प्रत्याशी

**हजारीबाग।** आपका हमारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीत लाल ,केंद्रीय महासचिव सह कार्यकारणी अध्यक्ष देवनंदन राणा, झारखंड सचिव कृष्ण कुमार राणा, प्रदेश महासचिव उमेश राणा, जिला उपाध्यक्ष सुबोध यादव, केंद्रीय प्रवक्ता संदीप पांडेय ने कहा कि यह राजनैतिक पार्टी का गठन वर्ष 2013 में किया गया । पार्टी का मुख्य उद्देश्य शिक्षा ,स्वास्थ्य ,जल जंगल जमीन सड़क बिजली रोजगार संबंधी समस्याओं का समाधान और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से किया है।वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में 81 विधान सभा क्षेत्र में आपका हमारा पार्टी की ओर से विधायक प्रत्याशी होंगे । 50 से ज्यादा प्रत्याशी उम्मीदवारों की सूची तैयार की जा चुकी है। सभी वरिष्ट पदाधिकारी और कार्यकारणी सदस्यों ने दावा किया है की इस बार के आगामी विधान सभा में आपका हमारा पार्टी की सरकार झारखंड प्रदेश में होगा। जो अपनी सरकार राज्य में बनाएगी और झारखंड राज्य के जिला ,प्रखंड, पंचायत, गांव , मुहल्ले क्षेत्र में जमीनी स्तर से विकास कार्यों की गति देकर व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगी। बता दे की उन्होंने यह भी कहा की क्षेत्र में जन संपर्क के दौरान 81 विधान सभा क्षेत्र से पार्टी को जनता द्वारा समर्थन मिल रहा है।

## स्पीड न्यूज

### रोजगार मेला का आयोजन, 61 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**कोडरमा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के निर्देश के आलोक में जिला नियोजनालय द्वारा जेजे कॉलेज परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने किया। इस दौरान अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए जिप अयक्ष श्री यादव ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने में रोजगार मेला अहम भूमिका निभा रहा है, इसे और अधिक विस्तृत रूप देने की जरूरत है, ताकि जिले के प्रतिभावान अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए, उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपलोगों को देश, समाज और परिवार के लिए काफी कुछ करना है, ऐसे में जिस कम्पनी में भी आपको जॉब मिले, वहां बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर अपनी क्षमता का लोहा मनवाए, ताकि आगे चलकर आप लोग और उन्नति कर सकें। रोजगार मेले में 18 प्रतिष्ठानों, संस्थानों ने भाग लिया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मनु कुमार, श्रम अधीक्षक अनिल रंजन, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, अविनाश कुमार, लखन यादव, सचिन कुमार आदि मौजूद थे।

### श्रमदान से किया गया प्रखंड परिसर की साफ सफाई

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड परिसर में शनिवार को बीडीओ हुलास महतो के नेतृत्व में प्रखंड व अंचल कर्मी के साथ प्रखंड परिसर की साफ सफाई श्रमदान से किया गया। साथ ही स्वच्छता को लेकर शपथ ली गयी। वहीं स्वच्छता सेवा अभियान 14 सितंबर से 2 अक्तूबर के दौरान प्रत्येक पदाधिकारी को 100 लोगों को साफ सफाई के लिए प्रेरित करने, ना गंद्गी फैलाएंगे ना गंद्गी फैलाने देंगे इत्यादि का शपथ लिए। वहीं सफाई कार्यक्रम में मुखिया रंजीत कुमार सिंह, नाजीर रजनी रंजन, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, पंचायत सचिव श्याम सुंदर यादव, कनीय अभियंता कर्ण मेहरा, सहायक नागेश्वर राम, कनीय अभियंता शिव शंकर यादव, कनीय अभियंता पेयजल स्वच्छता विभाग जहेंद्र भगत, प्रखंड कोऑर्डिनेटर रामकुमार, जिला समन्वयक दीपक तमोली समेत प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी साफ सफाई में लगे थे।

### ई रिक्शा और मोटरसाइकिल में टक्कर, एक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लाराबाद के समीप ई रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गया, घटना शनिवार की सुबह की है। वहीं बाइक सवार युवक की पहचान 32 वर्षीय आफताब अंसारी पिता महफूज आलम गरचांच जयनगर निवासी के रूप में हुआ है। वहीं बताया जाता है कि आफताब मोटरसाइकिल से अपने भाई को कोडरमा स्टेशन छोड़ने जा रहा था, इसी दौरान घटनास्थल पर पहुंचते ही ई रिक्शा से टक्कर हो गया, जिससे वह घायल हो गया। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

### उच्च न्यायालय, मुख्यमंत्री सहित अन्य के नाम आवेदन

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य राज्यपत्रित कर्मचारी महासंघ कोडरमा के सदस्यों ने विगत 3 माह से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में पदाधिकारी, कर्मियों का वेतन नहीं मिलने को लेकर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मुख्यमंत्री सहित अन्य के नाम एक आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि 05 अगस्त 2024 को कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झुमरीतिलैया को निलम्बित का दिया गया है परन्तु अब तक किसी डीडीओ का पदस्थापन अथवा प्रभार हस्तगत नहीं किया गया है। इस संबंध में अंचल स्तर एवं उपायुक्त के द्वारा भी विभाग को सूचित किया गया है। इस परिस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का यह रवैय्या अमानवीय है। इस क्रम में सूचित करना है कि जिला में एक कर्मी के द्वारा उपर्युक्त कारण से आत्महत्या कर लिया गया।

# पेड़ में लटकता मिला दुकानदार का शव

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला है। युवक की पहचान प्रतापपुर के हुमाजांग पंचायत के नवरतन पुर निवासी रंजीत कुमार (32) के रूप में हुई है। वह प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में फोटो स्टेट का दुकान चला रहा था। शुक्रवार रात्रि में दुकान बंद करने के बाद वह घर के लिए निकला था। घर नहीं पहुंचने के बाद परिजन आसपास खोजबीन की और पुलिस को सूचना दी। शनिवार को सुबह प्रखंड मुख्यालय में ब्लॉक कार्यालय के समीप बैंक आफ इंडिया के बगल में एक पेड़ से लटकते हुए उसका शव मिला। शव मिलने से यहां सनसनी फैल गई। नाराज परिजनों और आसपास के लोगों ने प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में महावीर मंदिर चौक के समीप मृतक के शव के साथ प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि रंजीत की हत्या कर शव को पेड़ में लटका दिया गया है। सरकारी नौकरी, मुआवजे की मांग को व हत्यारे की पहचान कर गिरफ्तारिक को लेकर परिजन व अन्य प्रदर्शन कर रहे हैं। सुबह से लेकर समाचार लेकर जाने तक प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय की सभी दुकानें बंद है और आवागमन भी लोगों ने ठप करा दिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 9 बेंचो का गठन

## आठ करोड़ बयालीस लाख पचहत्तर हजार चार सौ अठत्तर रुपये राजस्व की वसूली की गई

**नौ बेंचो के माध्यम से कुल 4808 वादों का किया गया निष्पादन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका विावित उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा बालकृष्ण तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से जहां एक ओर लोगों के समय एवं पैंसों की बचत होती है, वहीं लोगों को त्वरित न्याय भी मिल पाता है। उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। वहीं जिला जज प्रथम गुलाम हैदर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है।

उन्होंने कहा कि वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊंचा है, इसके लिए यहां के सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। वहीं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा एवं सचिव मनीष कुमार सिंह ने प्राधिकार के सभी कार्यक्रमों में अपना भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि लोक अदालत वर्तमान समय किसी परिचय का मोहताज नहीं है। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया।

**सुनवाई के लिए 9 बेंचो का किया गया गठन :** राष्ट्रीय लोक अदालत में 9 बेंचो का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में प्रधान जज कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दो एवं तीन में जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, अविक्ता संजय कुमार सिंह एवं भुनेश्वर राणा, बेंच संख्या चार में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अधिवक्ता लखन प्रसाद सिंह, बेंच संख्या पांच में अपर मुख्यन्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता किर्ती कुमारी, बेंच संख्या छह में अनुमंडल न्यायिक पदाधिकारी कंचन टोप्पो एवं अधिवक्ता संगीता रानी, बेंच संख्या सात में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष आरके. तिवारी, सदस्य ममता सिंह, बेंच संख्या आठ में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी व अधिवक्ता शांति कुमारी, बेंच संख्या नौ में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा, सदस्य शिल्पी चटर्जी व अधिवक्ता टीनू कुमारी ने मामले की सुनवाई की। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल नौ बेंचो के माध्यम से कुल 4808 वादों का निष्पादन किया गया, जिसमे लंबित वादों की संख्या 1424 तथा प्री-लिटिगेशन के 3384 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल है।

### समाज सेवी व पूर्व सहायक शिक्षक की मनी पुण्यतिथि

**मरकच्चो (कोडरमा)।** समाजसेवी व सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय के पूर्व सहायक शिक्षक स्व. फणीन्द्र नाथ सहाय की 7वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास ग्राम मरकच्चो स्थित लाल नगर में उनके परिजनों व चित्रांश परिवार के लोगों द्वारा मनाई गई। इस मौके पर परिवार के सदस्यों एवं उपस्थित चित्रांश परिवार के लोगों ने स्व. फणीन्द्र नाथ सहाय की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर उनके तीसरे नम्बर के भाई मुकुल चन्द्र प्रसाद ने कहा कि स्व. सहाय एक सच्चे समाजसेवी थे, वे हिंदी के अच्छे ज्ञाता थे। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर जयंत कुमार सिन्हा, गौरी शंकर प्रसाद, रामचन्द्र प्रसाद, प्रदीप कुमार सिन्हा, बिपिन कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिन्हा, कमलेश सहाय, राकेश कुमार सिन्हा, सत्यप्रमाश सहाय, प्रणव पंकज, नितिन विमलेश, दिलीप कुमार सिन्हा, जयमंगल प्रसाद, आशुतोष कुमार सिन्हा समेत चित्रांश परिवार के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

# चौकीदार के मौत मामले में थाना को आवेदन

## प्रशाखा पदाधिकारी पर प्रताड़ित करने का लगाया गया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय में प्रतिनियुक्त चौकीदार सुरेंद्र पासवान के द्वारा जहर खा कर आत्महत्या करने के मामले को लेकर शनिवार को सदर अस्पताल में दिनभर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। वहीं दोपहर को एसडीओ रिया सिंह और एसडीपीओ जीतवाहन उरांव सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हाउस के समीप पहुंचे और घटना की जांच के साथ नियमानुसार हर सम्भव विभागीय मदद देने, दाह संस्कार के लिए अंचल कार्यालय से आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने शव को लेकर खोरकोटा चले गए। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रतिनियुक्त चौकीदार सुरेंद्र पासवान को तीन माह से वेतन नही मिलने के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, आरोप है की बीते शुक्रवार को सुरेंद्र वेतन के सिलसिले में सामान्य शाखा के पदाधिकारी से मिला था, परन्तु प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा आवंटन पर हस्ताक्षर नही कर उसे प्रताड़ित किया, जिससे परेशान होकर सुरेंद्र पासवान कार्यालय में ही जहर खा लिया, बाद में तबियत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं रांची जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। एसडीओ रिया सिंह ने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से कहा कि घटना काफी दुखदायी है, लेकिन वेतन भुगतान में लापरवाही नही हुई है, फिर भी मामले की जांच के लिए उपायुक्त के निर्देश पर कमिटी का गठन किया गया है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध विधि सम्वत कार्रवाई की जाएगी। आवेदन में मुनिया देवी ने आरोप लगाया है कि उसके पति की मौत सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी के द्वारा प्रताड़ित किये जाने से हुआ है। हालांकि आवेदन के आलोक में थाना में यूडी केस दर्ज किया गया, इस सम्बंध में थाना प्रभारी सुजित कुमार ने बताया कि फिलहाल यूडी केस दर्ज किया गया है, जांच के बाद जो मामले आएंगे, उसके अनुसार कांड में आवश्यक सुधार किया जाएगा।

# पूर्व बकायेदारों को भी मिले विद्युत बिल मांफी योजना का लाभ : सईद



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर पूर्व से चले आ रहे विद्युत बकायेदारों जिनके विद्युत कनेक्शन पूर्व में ही काट दिए गए थे, उन्हें भी सरकार की महत्वाकांक्षी बिल माफी योजना के तहत बकाया माफ करने का निवेदन करते हुए कहा कि बिजली बिल माफी योजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इस योजना का लाभ देना था, लेकिन जहां इससे 40 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ दिया जा रहा ऐसे में कई लोग इससे वंचित भी हो रहे हैं, जिनका कनेक्शन पिछले बकाया के कारण कट कर दिया गया, उनकी भी आर्थिक स्थिति अच्छी नही होगी। यही कारण है कि उनकी बिजली कनेक्शन को बकाया रहने के कारण काट दिया गया होगा। ऐसी स्थिति में मेरी मांग होगी कि ऐसे बकायेदारों का भी कनेक्शन नियमित करते हुए बिजली बिल माफ किया जाय। वहीं सईद नसीम ने पत्र में जनहित में सुझाव देते हुए कहा कि भले ही उपभोक्ताओं का बिजली का कनेक्शन चालू है या कटा हुआ है तथा पिछले 12 महीने की बिजली की औसत मासिक खपत 200 यूनिट तक है, अथवा इतनी खपत थी। ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जिसमे 6 लाख 37 हजार 95 शहरी घरेलू उपभोक्ता और 4 करोड़ 33 लाख 7 हजार 294 ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को लाभान्वित होना है।

## गुजरात के अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर बन रहा पूजा पंडाल

# माँ भवानी दुर्गा पूजा की भव्य तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के ठाकुरबाड़ी में प्रतिवर्ष की भांति 2024 में भी माँ भवानी दुर्गा माता के साथ-साथ विभिन्न रूपों वाली नौ देवियों की पूजा-अर्चना भव्य रूप से की जाएगी। लगभग 17 लाख की लागत से सुशोभित पंडाल में माता विराजमान होंगी। 3 अक्टूबर से पूजा प्रारंभ होगी और कलश स्थापना के साथ पूजा-अर्चना माता शैलपुत्री के साथ आरंभ होगी। कलश यात्रा गिद्धौर के बडकी नदी से उठाई जाएगी और अनेक देवस्थानों का भ्रमण कर कलश स्थापना की जाएगी। इस बार का पंडाल गुजरात के अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर बनाया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र होगा और माता भवानी का विराजमान होगा। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, दुर्गा माता की पूजा पहले फोटो से शुरू



हुई थी, लेकिन अब माँ की प्रतिमा बनाकर भव्य तरीके से पूजा की जाती है। पूजा की शुरूआत 1958 से हुई थी और 64 वर्षों से लगातार हो रही है। पूजा महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में पूजा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सचिन मुकेश कुमार दांगी उपाध्यक्ष, प्रनाथ दांगी कोषाध्यक्ष, मंटू दांगी और उनके 250 सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि पंडाल 80 फीट से भी ऊँचा और 55 से 60 फीट चौड़ा बनाया गया है, जिसका निर्माण बंगाल के कुरूलिया से आए मजदूरों द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 3 अक्टूबर से ही डांडिया गरबा का आयोजन भी शुरू होगा, जिसकी तैयारी में प्रेम राणा, सचिन टाइल्स मार्बल दुकान, अनिल दांगी, देवदीप पासवान और अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहते हैं और पंडाल में सीसीटीवी कैमरे भी लगे रहते हैं, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो। माता की प्रतिमा स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई जाती है, जो बेहद सुंदर और आकर्षक होती हैं। हालाँकि, पूजा में आसपास के गाँवों के लोगों का भी सहयोग रहता है, लेकिन तत्काल में पूजा का सारा खर्च पूजा समिति द्वारा उठाया जाता है।

# विधायक ने किया नव निर्मित जन नायक कपूरीं भवन का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा टाउन हॉल परिसर के पास नवनिर्मित जन नायक कपूरी भवन का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें टंडवा और केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बड़ी संख्या में नाई समाज के लोग शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय शर्मा ने की और संचालन राजेश ठाकुर ने किया। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने विधिवत रूप से फीता काटकर और शिलापट का अनावरण करके भवन का उद्घाटन किया। प्रखंड स्तरीय नाई समाज टंडवा केरेडारी के लोगों ने मुख्य अतिथि श्री दास और उनके कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। विधायक श्री दास ने कहा कि उनके विधायकी कार्यकाल के बाद पूरे विधानसभा में पहला कलम कपूर्री भवन निर्माण के लिए चलाया गया था और आज इसका उद्घाटन एक गौरवान्वित क्षण है।

उन्होंने कहा कि वे आगे भी जननायक कपूर्री ठाकुर के पदचिह्नों पर चलते हुए सभी समाजों और वर्गों के प्रति सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। प्रखंड नाई समाज अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि पूर्व शिक्षक आदित्य ठाकुर का सपना था कि कपूर्री भवन बने, जो आज पूरा हो गया है।उन्होंने नाई समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी जिला अध्यक्ष सुनिल चौरासिया, पूर्व मुखिया शंकर चौरासिया, मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, नथु प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ नेता प्रताप चौरासिया, नाई समाज उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर, सचिव रवींद्र नाथ ठाकुर, केदार ठाकुर, गोविंद ठाकुर, शिक्षक वासुदेव, बसंत, सुरेश ठाकुर, राहुल, दीपक, निरंजन, प्रकाश ठाकुर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चौकीदार बहाली की दौड़ में दो अभ्यर्थी हुए बेहोश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले मे चल रहे चौकीदार बहाली दौड़ में शनिवार को दो अभ्यर्थी बेहोश हो गए। बताया जाता है कि लिखित परीक्षा मे पास हुए अभ्यर्थियों की चंदवारा में दौड़ की परीक्षा हो रही थी। चौकीदार बहाली दौड़ के लिए सभी अभ्यर्थियों को 6 मिनट में 1600 मी की दौड़ लगानी थी। इसी बहाली प्रक्रिया में दौड़ लगाने के क्रम में दो अभ्यर्थी अचानक बेहोश होकर गिर गए, जिन्हें प्रशासन और मौके पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल मे बेहोश हुए युवक और युवती का इलाज चल रहा है। बेहोश हुए अभ्यर्थी की पहचान धीरज कुमार (19) और निशा रानी (25) के रूप में हुई है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से इनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले में 28 सितम्बर को 9 बजे से 10:30 बजे तक चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया गया।

28 सितम्बर शनिवार को कुल 07 केन्द्रों यथा एसएस प्लस 2 हाई स्कूल चतरा, एसएस प्लस 2 गर्ल हाई स्कूल चतरा, रामेश्वरलाल खंडेलवाल, सरस्वती विद्यामंदिर चतरा, नजेराथ विद्या निकेतन हाई स्कूल चतरा, इंदुमती टाइब्रेवाल सरस्वती विद्यामंदिर हाई स्कूल चतरा, आरडीएस इंटर कॉलेज चतरा, डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा कुल सातों केंद्रों पर 3349 परीक्षार्थी को शामिल होना था जिसमे 3019 परीक्षार्थी शामिल हुए, 330 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा प्रश्न पत्र के केन्द्रों तक ले जाने प्रश्न पत्र खोलने, प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर, प्रतिनियुक्त स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, गश्ती सह उड़नदस्ता दण्डाधिकारी, गश्ती पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, संबंधित केन्द्राधीक्षक के कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही थी। सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी अधिष्ठापित की गई थी। चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा विभाग द्वारा जारी निदेर्शानुसार का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए परीक्षा सम्पन्न कराया गया।

### चौकीदार पद पर नियुक्ति को लेकर शारिरिक दक्षता परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में चौकीदार पद पर नियुक्ति को लेकर चंदवारा थाना क्षेत्र के केटीपीएस रोड में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत दौड़ परीक्षा का आयोजन भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया। जिसमें लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी शामिल हुए दौड़ परीक्षा को कदाचारमुक्त, स्वच्छ और पारदर्शी बनाने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों और जिला बल के जवानों के अलावे दौड़ पर निगरानी रखने को लेकर स्टेटिक कैमरे और ड्रोन कैमरे लगाए गए थे। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दौड़ परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। वहीं होमगार्ड नियुक्ति को लेकर 29 सितंबर को दौड़ परीक्षा (शारीरिक दक्षता परीक्षा) का आयोजन किया जाएगा।

### चतरा विधानसभा राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ता समागम संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चतरा कॉलेज मैदान में शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल परिवार की ओर से चतरा विधानसभा कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व वित्त मंत्री अब्दुल बारी सिद्दकी ने झारखंड राजद प्रभारी सह पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।समागम में सभी अतिथियों ने अपने विचार रखे और आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प दोहराया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, झारखंड सरकार के उद्योग मंत्री सत्यानन्द भोगता, जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र यादव, औरंगाबाद के सांसद, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ममता भुइयां, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता देवी, प्रदेश महासचिव रश्मि प्रकाश, चतरा जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### डांडिया गरबा नृत्य अभ्यास का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के मुख्य चौक के पास शनिवार को डांडिया गरबा नृत्य के अभ्यास का शुभारंभ किया गया। अभ्यास की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके की गई। डांडिया गरबा नृत्य के अध्यक्ष प्रेम राणा और सचिव अनिल दांगी के नेतृत्व में अभ्यास करवाया जा रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि 2024 की नवरात्रि में मां भवानी दुर्गा माता की पूजा की शुरूआत के दिन से ही डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे कलाकार बेहतर कला का प्रदर्शन करेंगे। बेहतर कला प्रदर्शन के लिए अभ्यास की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष देवदीप पासवान, राजेश दांगी, महेश राणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आरएसबी कंपनी के शिविर में हुआ 525 यूनिट रक्त संग्रह

- रक्तदान महाशिविर में जोनल आईजी अखिलेश झा ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला

**खबर मन्त्र टीम**



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते जोनल आइजी अखिलेश झा व कंपनी के वाइस चेयरमैन कम एमडी एसके बेहरा व अन्य।

**जमशेदपुर/ गम्हरिया।** आरएसबी ग्लोबल के गम्हरिया स्थित आरएसवी ट्रांसमिशन प्लांट तीन में रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कंपनी के कर्मचारियों और वेंडर पार्टनर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जोनल आईजी अखिलेश झा ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान तीन लोगों की जान बचा सकता है और यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने कंपनी के इस सामाजिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इस तरह के आयोजनों को समाज सेवा का सशक्त उदाहरण बताया। इस दौरान उन्होंने कंपनी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## आइजी ने किया संवाद

इस मौके पर कंपनी के वाइस चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक एसके बेहरा, यूनियन नेता राकेश्वर पांडे, आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, संगीता बेहरा, नलिनी बेहरा, अनन्या बेहरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे। अपने गम्हरिया दौरे के दौरान आईजी अखिलेश झा ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी स्थानीय लोगों और अधिकारियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। विवीडीए और जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 525 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसके सफल आयोजन में कंपनी की एचआर प्रमुख जया सिंह समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का योगदान रहा।

# लौहनगरी के दुमुहानी घाट पर विराजमान हुए आदि योगी शिव

- स्वर्णरिखा आरती के साथ होगा स्वर्णरिखा दुमुहानी संगम घाट का उद्घाटन : बन्ना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से बन कर तैयार आदियोगी की प्रतिमा।

**जमशेदपुर।** लौहनगरी के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सह स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता जी के प्रयास से बनकर तैयार हैं सोनारी दुमुहानी संगम घाट में स्थापित आदियोगी शिव जी का अद्भुत एवं मनमोहक प्रतिमा।

स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सह स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता ने स्वर्णरिखा दुमुहानी संगम घाट में बनने वाले द्वार के अंतिम चरण के कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बड़ी घोषणा करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि स्वर्णरिखा दुमुहानी संगम घाट में बनने वाले द्वार का उद्घाटन एक बार फिर स्वर्णरिखा आरती के माध्यम से विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया जायेगा।

भव्यद्वार में स्थापित है भगवान आदियोगी शिव जी का भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा : मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से दुमुहानी का सौंदर्यकरण तेजी से हो रहा हैं, इसमें सीढ़ी निर्माण का कार्य संपन्न हो गया हैं। मुख्य द्वार में भगवान आदियोगी शिवजी का भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा स्थापित किया जा रहा हैं जो शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह स्वास्थ्यमंत्री बन्ना गुप्ता ने एक वर्ष पूर्व दोमुहानी महोत्सव में जमशेदपुर के स्वर्णरिखा और खरकाई नदी के संगम स्थल को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने की घोषणा की थी। इसके लिए व्यापक स्थल पर संगम स्थल के विकास और सौंदर्यीकरण का ब्लूप्रिंट भी उन्होंने पेश किया था। उसी ब्लूप्रिंट के तहत संगम स्थल का सौंदर्यीकरण सह विकास हो रहा है।

# झारखंड में शानदार काम कर रही हेमंत सरकार : डॉ अजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- पूर्व सांसद सह कांग्रेसी नेता ने 500 लोगों के बीच किया पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने शनिवार को गोलमुरी स्थित दुसाध भवन में 500 लाभुकों के बीच पेंशन का प्रमाण पत्र, राशनकार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस दौरान लगभग 200 लोगों के बीच वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र, 150 राशनकार्ड और 150 लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर डॉ अजय कुमार ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रही है। कुछ लोगों को राज्य में हो रहे विकास कार्य दिख नहीं रहे हैं उन्हें अपना चश्मा ठीक करा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां राज्य की आधी आबादी को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा मईंया सम्मान योजना चलायी जा रही है। वहीं दूसरी ओर सरकार युवाओं को नौकरी प्रदान कर रही है।

# सही जीवनशैली और समय पर चिकित्सा से रोका जा सकता है हृदय रोग : डॉ अभय

**विश्व हृदय दिवस आज**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा अभय कृष्णा।

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभय कृष्णा ने हृदय रोग की रोकथाम के महत्वपूर्ण उपायों पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि हृदय रोग, जो वैश्विक रूप से मृत्यु का प्रमुख कारण है, को सही जीवनशैली विकल्प और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप के जरिए काफी हद तक रोका जा सकता है। शनिवार को नारायणा हॉस्पिटल द्वारा जारी प्रेस विज्ञाप्ति में डॉ. कृष्णा ने कहा कि हृदय रोग के जोखिम कारक दो प्रकार के होते हैं- परिवर्तनीय और अपरिवर्तनीय। उन्होंने स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान और शराब से बचने, तनाव प्रबंधन और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को अपने जोखिम कारकों को समझने और समय रहते उपाय करने की सलाह दी। डॉ. अभय कृष्णा ने कहा कि जीवनशैली में छोटे बदलाव जैसे पौष्टिक आहार, व्यायाम, और तनाव प्रबंधन से हृदय रोग के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने और पर्याप्त नींद लेने की भी सलाह दी। कहा कि नींद की खराब गुणवत्ता और अपर्याप्त नींद उच्च रक्तचाप, मोटापा और मधुमेह से जुड़ी हुई है - ये सभी हृदय को नुकसान पहुंचा सकते हैं। समग्र हृदय स्वास्थ्य के लिए वयस्कों को प्रति रात 7-9 घंटे की नींद का लक्ष्य रखना चाहिए।

# व्यापार में एआई व अन्य टेक्नोलॉजी का उपयोग समय की मांग : विजय आनंद

- सिंहभूम चैम्बर की वार्षिक आमसभा चैम्बर भवन में संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




एजीएम को संबोधित करते अध्यक्ष विजय आनंद मूनका।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 73वीं वार्षिक आमसभा चैम्बर भवन, बिस्टूपुर में संपन्न हुई। आमसभा के दौरान अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने उपस्थित पूर्व अध्यक्षगणों, पदधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुये आमसभा की कार्रवाई आरंभ की। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान चैम्बर ने पूर्व अध्यक्षों के मार्गदर्शन एवं सदस्यों की कर्मठता और काम के प्रति लगन से लगातार नया आयाम स्थापित किया है उन्होंनें कहा कि एक वर्ष के दौरान व्यापार एवं उद्योगों से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास हमने किया है। चैंबर आने वाले वक्त में व्यापार के बदलते स्वरूप के तालमेल करते हुए अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निर्वहन हेतु तैयार है।

# जुगसलाई-मानगो में कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भगवान अग्रसेन महोत्सव के तहत दूसरे दिन जुगसलाई के अग्रसेन भवन में सुबह 8 बजे से बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पुरुष वर्ग में दो ग्रुप क्रमशः 19 वर्ष से नीचे में 8 एवं 19 वर्ष से ऊपर के ग्रुप में 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया, वहीं महिला वर्ग के ग्रुप में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के संयोजक थे आशुतोष काबरा, सहर्ष गोयल, हेमंत हर्ष अग्रवाल और अनुराधा केडिया। दिन में 2 बजे से जुगसलाई के अग्रसेन भवन में ही चेस प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसे दो ग्रुप क्रमशः जूनियर आयु वर्ग 6 से 9 में 20 और सीनियर आयु वर्ग 9 से 13 में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया।चेस प्रतियोगिता की संयोजक थे नमिता मित्तल, हेमंत अग्रवाल गुप्ता और हर्ष अग्रवाल।

# बुलडोजर देखते ही कहां गायब हो गये सांसद और विधायक

- डॉ अजय के सवाल पर जल-भून कर रह गये भाजपा और भाजमो के नेता
- व्यापारियों की सभा में डा अजय का विरोध किया भाजपाइयों ने डट कर दिया जवाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



गत शुक्रवार को लालबाबा फाउंड्री से अतिक्रमण हटाने आयी प्रशासन की टीम के खिलाफ व्यापारियों की आहूत सभा के दौरान आक्रोशित डॉ अजय कुमार।

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने हमला करते हुए कहा कि आज जब व्यापारियों को समर्थन की जरुरत थी, तब स्थानीय विधायक सरयू राय व सांसद विद्युत वरण महतो मौके से गायब रहे। मुझ पर आरोप लगाने वाले विधायक सरयू राय शहर में रहते हुए मौके पर नहीं पहुंचे, वहीं सांसद विद्युत वरण महतो अपनी राजनीति रोटी सेकने में व्यस्त रहे। इनका यही चरित्र है। बड़ी बड़ी बातें करते है लेकिन जब लोगों को उनकी जरुरत होती है तो वे मौके से गायब रहते है। मैंने जो कहा वो किया। जिला प्रशासन का डटकर सामना किया और उन्हें वापस लौटने पर मजबूर किया।

**हर समय व्यापारियों के साथ खड़ा रहूंगा, नहीं टुटने देंगे गोदाम और घर :** डॉ अजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन को आज हम लोगों ने रोक लिया। लेकिन इसका स्थायी समाधान कानूनी तौर पर ही निकालना होगा। इसके लिए हमें कानूनी लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि कानूनी सहयोग भी हम करने के लिए तैयार है लेकिन लड़ाई आपको ही लड़नी होगी। कोर्ट में मजबूती से अपना पक्ष रखना होगा। मेरा सहयोग एव समर्थन हर मौके पर मिलेगा।

**अपनी गलती छुपाने के लिए बीजेपी नेताओं ने किया विरोध :** व्यापारियों की सभा में बीजेपी कार्यकताओं द्वारा विरोध किए जाने पर डा. अजय ने कहा कि 25 वर्षों के शासन का पोल खुलने पर भाजपा बौखला गई है। इससे पूर्व शुक्रवार को लालबाबा फाउंड्री स्थित गोदाम को बचाने के लिए धरना स्थल पर व्यापारियों को संबोधित करने पहुंचे डॉ अजय कुमार का भाजपाइयों ने विरोध करना शुरू कर दिया। कहा कि मेरा मकसद राजनीति करना नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### राज दीदी का जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम आज



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन 29 सितम्बर रविवार को सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल परिसर के कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में होगा। इसकी मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) है। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। राज दीदी की पावन वाणी सुनने हेतु यह कार्यक्रम 15 साल से बड़े सभी महिलाओं एवं पुरूषों दोनों के लिए है। जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होंगे। दूसरे चरण का कार्यक्रम दोपहर 3 से 4 बजे तक दीदी के सानिध्य में वरदान रेकी की क्लास होगी। जिसमें नारायण रेकी और करुणा रेकी सीखी है, वही लोग वरदान रेकी की क्लास में शामिल हो सकते हैं। शनिवार की देर शाम को राजेश्वरी मोदी रांची से सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंची हैं। मुंबई से हवाई मार्ग से रांची पहुंची थी। रांची और जमशेदपुर में नारायण रेकी सत्संग परिवार के सदस्यों ने राज दीदी का भव्य स्वागत किया। राज दीदी को लाने के लिए शनिवार की सुबह जमशेदपुर से भी कई सदस्य संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल एवं प्रीति अग्रवाल (सुल्तानिया) के नेतृत्व में रांची गये थे।

### पिंकी लायेक बनीं झामुमो महिला मोर्चा का जिला सचिव



**चांडिल।** चांडिल के जिला पार्षद सदस्य सह समाजसेवी पिंकी लायेक को झामुमो महिला मोर्चा का जिला सचिव बनाया गया है। इस संबंध में झामुमो केंद्रीय कमेटी ने पत्र जारी कर दिया है। पिंकी लायेक इससे पूर्व महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रह चुकी है। जिला सचिव बनाए जाने पर पिंकी लायेक को उनके समर्थक बधाई दे रहे हैं। पिंकी लायेक के पति झामुमो नेता सह चांडिल के पूर्व जिला पार्षद सदस्य ओमप्रकाश लायेक ने कहा कि पार्टी एवं संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के कारण पार्टी ने भरोसा जताया है। पिंकी लायेक ने कहा पार्टी संगठन ने मुझे जो दायित्व दिया है उसे पुरी निष्ठा के साथ निभाने का काम करुंगी। जिला में पार्टी की मजबूती के लिए और बल दिया जाएगा।

### स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती मनी

**जमशेदपुर।** कदमा भाटिया बस्ती अशोक पथ में स्वर कोकिला एवं बॉलीवुड की महान पार्श्व गायिका लता मंगेशकर की जयंती मनायी गयी। बंगाली महिला शाखा द्वारा आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आरती प्रसाद और रुपा साह ने कहा कि लता मंगेशकर ने बहुत ही कम उम्र से हिन्दी फिल्मों में पार्श्व गायन शुरु कर दिया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### सात करोड़ की लागत से बनेंगी सात सड़कें विधायक सविता महतो ने किया भूमिपूजन



**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत स्वीकृत करीब 7 करोड़ रुपए कि लागत से चांडिल, कुंकडू, ईंचागढ व नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में 7 सड़कों का भूमिपूजन शनिवार को विधायक सविता महतो ने विधीवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि चांडिल प्रखंड क्षेत्र के एनएच 33 हारुडीह से आमड़ा कटिंग भाया भुईयाडीह तक 4.10 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण 218.650 लाख, सामुदायिक भवन गांगुडीह से सुकसारी पीडब्लूडी पथ भाया धातकीडीह तक 4.60 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण 139.195 लाख, ईचागढ़ प्रखंड के कैनाल कालीकरण पथ से बाकलतोड़ीया तक 4.30 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण 222.407 लाख, शहीद अजीत धनंजय चौक से बंगाल बॉर्डर तक 2.72 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण 150.708 लाख रुपये, बुरुडीह पीडब्लूडी पथ से सोभानदी भाया बड़ा लापांग तक 3.10 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण 114.418 लाख रुपये व दारुदा मोड़ से छोटालापांग तक 2.44 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण 71.04 लाख रुपये व नीमडीह प्रखंड में नीमडीह चालीयामा आरईओ रोड से टेंगाडीह तक 2.50 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण 74.310 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा लोगो के मांग को देखते हुए सड़क का सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, बोनू सिंह सरदार, राहुल वर्मा, कृष्णा किशोर महतो, शंकर लायेक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ताज की टीम ने बंगाल क्लब में मुष्टि युद्ध का किया मंचन, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



**जमशेदपुर।** शनिवार को थिएटर आर्टिस्ट ऑफ जमशेदपुर (ताज) के तत्वाधान में दो दिवसीय बांग्ला नाट्य महोत्सव का आयोजन रविन्द्र भवन साकची में शुरु किया गया। कार्यक्रम में अत्रयी सान्याल मुख्य अतिथि, तापस मित्रा विशिष्ट अतिथि एवं सम्मानित अतिथि पी ० के घोष ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। नाट्योत्सव के पहले दिन थिएटर आर्टिस्ट ऑफ जमशेदपुर ( ताज ) के स्थानीय नाट्यकर्मियों में मुष्टि युद्ध नाटक मंचन किया। इस नाटक में समाज के एक वर्ग के लोगों की आवाज हमेशा दबाया जाता रहा एवं शोषण किया जाता रहा पर जैसे जैसे समय बीतता गया वह वर्ग आस पास के घटनाओं से प्रेरित होकर शोषण का पुरजोर विरोध किया एवं समाज में यह सन्देश दिया अब वह अपने आपको शोषित नहीं होने देगा और न ही उनके आवाज को दबाया जायेगा। नाटक के किरदार के रूप में संजीव सेन, अरुप सरकार, सरवेन्दु सन्याल, अमित रॉय, जयदीप घोष, गौतम बनर्जी, सुष्मिता गांगुली, मनोरंजन, सन्तु बनर्जी सशक्त भूमिका निभाई। नाटक में प्रकाश- समीत बनर्जी, संगीत- सत्यदेव शिकदार, मंच सज्जा- सुशांत बोस, मेकअप- पार्थो मुखर्जी के देख रेख में हुआ। नाटक का निर्देशन तुषार दासगुप्ता ने किया। कल नाट्योत्सव के अंतिम दिन कोलकाता के विशिष्ट नाट्यकर्मियों के द्वारा पोरे पावा शोलो आना नाटक की प्रस्तुति दी जायेगी।

### साहित्यकार सविता सिंह 'मीरा' की दो पुस्तकें लोकार्पित



**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में नगर की ख्यातिलब्ध कवयित्री सुश्री सविता सिंह 'मीरा' की दो पुस्तकों मन की कही (गद्य संग्रह) तथा गुल्लक (काव्य संग्रह) का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी तथा संचालन साहित्य समिति के उपाध्यक्ष डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती' ने की। मुख्य अतिथि के रुप में लखनऊ से पधारे हिन्दी साहित्य के वयोवृद्ध साहित्यकार अमरनाथ उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा, सुधीर मिश्रा (रांची) तथा तुलसी भवन के न्यासी मुरलीधर केडिया व सचिव प्रसेनजीत तिवारी मंचासीन रहे।

### बीएसीईटी : आइआइटी दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब सत्र का सफल आयोजन



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर ने आईआईटी दिल्ली के सहयोग से वर्चुअल लैब सत्र का सफल आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को वर्चुअल लैब्स के माध्यम से ऑनलाइन प्रयोगों का अनुभव प्रदान करना था, ताकि वे अपनी प्रयोगात्मक क्षमताओं को बढ़ा सकें। वर्चुअल लैब परियोजना शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य सीमित लैब सुविधाओं वाले कॉलेजों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रयोगात्मक संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है। कार्यक्रम का संचालन श्री ईनामुल हक, सहायक प्राध्यापक, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग, ने नोडल कोऑर्डिनेटर और होस्ट के रूप में किया। मुख्य वक्ताओं में आईआईटी दिल्ली के वर्चुअल लैब्स से श्री चिराग देय सीनियर फील्ड इंजीनियर, श्री जस्सी प्रसाद कार्यकारी प्रशिक्षक, और श्री चंदन कुमार सीनियर फील्ड इंजीनियर शामिल थे। उन्होंने वर्चुअल लैब्स के महत्व, उनके उपयोग, और इंजीनियरिंग शिक्षा में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

## स्पीड न्यूज

### अशोक को उम्मीदवार बनाने की सिफारिश

पाटन। शनिवार को पलामू जिला स्थानीय बंधन मैरेज हॉल में झारखंड के सह प्रभारी बेला प्रसाद से औपचारिक मुलाकात हुई और छतरपुर विस को लेकर चुनाव लड़ने पर चर्चा हुई। बताया गया कि छतरपुर विधानसभा कांग्रेस पार्टी बहुत ही मजबूत स्थिति में है। अगर कांग्रेस पार्टी यहां अशोक पासवान को उम्मीदवार बनाती है, तो कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत के साथ यहां चुनाव जीतेगी। इसमें दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, पाटन 20 सूत्रीय अध्यक्ष रामानंद पांडे, पाटन दलित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, छतरपुर नगर अध्यक्ष मुस्ताक अहमद आलम, विनय पासवान आदि उपस्थित थे।

### भांवर में दो माह से बिजली आपूर्ति बाधित



हरिहरगंज पलामू। खड़गपुर पंचायत के भांवर विश्वकर्मा टोला का विद्युत ट्रांसफार्मर करीब दो माह पहले अत्यधिक लोड के कारण जल गया है। जिससे टोला के निवासी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। समाजसेवी विशुनदेव विश्वकर्मा ने बताया कि यहां विद्युत विभाग से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। इससे 70 घरों में कनेक्शन दिया गया है। अत्यधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर जल गया। ग्रामीणों ने विभाग से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में महेंद्र विश्वकर्मा, तिलेश्वर विश्वकर्मा, नंद कुमार मिस्त्री, रविंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा हैं।

### अमर शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा का अनावरण एक को: डॉ शशिभूषण



मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा के तरहसी चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा का अनावरण एक अक्टूबर को राजमहल विधायक अनंत ओझा करेंगे। उक्त जानकारी पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दी। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी व सनातन धर्म संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय, पलामू जिला भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी समेत सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता व समर्थक भाग लेंगे।

### जपला में खुला अर्द्धसैनिक कैंटीन शॉप



हुसैनाबाद, पलामू। शहर में जपला रेलवे स्टेशन मोड़ के समीप मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में खुली अर्द्धसैनिक कैन्टीन शॉपिंग दुकान जो आम जनता के लिए लाभकारी होगा। आमतौर पर यह कह सकते हैं ऐसे शॉपिंग दुकान केवल सेना के छावनी व बटालियन के कैंप में होता था परंतु यह सुविधा जपला शहरवासियों को भी अब प्राप्त होगा। दुकान के प्रो प्रकाश कुमार ने बताया कि यहां जनता को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री या बूट शू से लेकर सभी घरेलू उपयोगी सामग्री के एमआरपी से 5 से लेकर 30 फीसद तक छूट संभव है।

### हरिहरगंज-पिपरा में शांति समिति की बैठक



हरिहरगंज पलामू। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हरिहरगंज थाना परिसर में रविवार के दोपहर बाद 4 बजे शांति समिति की बैठक हुई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शांति समिति के सदस्यों सहित सभी समुदाय के प्रबुद्धजनों व पूजा समिति से उपस्थिति की अपील की है। पिपरा थाना परिसर में बैठक रविवार को दिन 11:30 बजे से होगी। जानकारी थाना प्रभारी बिमल कुमार ने दी है।

### विकास की अनदेखी पर बीडी ने उठायी आवाज



कुंभी कला (पलामू)। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विस क्षेत्र के समाजसेवी बीडी प्रसाद ने कुंभीकला पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास की धीमी गति और सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव पर चिंता व्यक्त की। बीडी प्रसाद ने कहा, गांवों तक विकास के लाभ नहीं पहुंच पाये हैं। ग्रामीण पेंशन और अन्य योजनाओं से वंचित हैं, क्योंकि उन्हें सही जानकारी नहीं मिलती। उन्होंने तमदागा और बनखेता में भी इसी समस्या को रेखांकित किया। मौके पर सुशील सिंह, अदरू मुनि, नवल सिंह और कीरित सिंह मौजूद थे।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषक मित्र संघ ने सौंपा मांग पत्र




पांकी/पलामू। शनिवार को कृषक मित्र संघ (झारखंड प्रदेश) के पलामू जिला इकाई ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को मेदिनीनगर शिवाजी मैदान में अपनी समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष रंजन दुबे ने किया। जिलाध्यक्ष रंजन दुबे ने केंद्रीय कृषि मंत्री को बताया कि केंद्र प्रायोजित कृषि नीति योजना के अंतर्गत आत्मा संचालित है। जिसमें झारखंड राज्य से पंद्रह हजार (15000) कृषक मित्र ग्राम स्तर पर कार्य कर रहे हैं। कृषक मित्रों को सेवा करते आज 13 वर्ष बीत गये। लेकिन इसके एवज में राज्य एवं केंद्र की सरकार हम सभी को सिर्फ 1000 राशि ही देती है।

### जीसीपीए कॉलेज में चला पोषण अभियान



छतरपुर, पलामू। जीसीपीए कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण अभियान कार्यक्रम किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य राजकिशोर लाल ने की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पोषण के महत्व और उसके लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को समझाया कि पोषण युक्त भोजन से शरीर को कितनी ऊर्जा और ताकत मिलती है और पोषण रहित भोजन से कैसे स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# राज्य के नौजवानों को वर्दी के बदले कफन दे रही राज्य सरकार : शिवराज सिंह चौहान

- भाजपा के परिवर्तन सभा में उमड़ा जन सैलाब
- भाजपा नेताओं ने परिवर्तन सभा में हेमंत सरकार की नाकामियों पर से उठाया पर्दा
- बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देने वाली हो गयी हेमंत सरकार : अमर बाउरी
- आदिवासियों को घुसपैठियों के सहारे नामोनिशान मिटाना चाहती है हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी







**खबर मन्त्र टोली**

मेदिनीनगर। भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर शिवाजी मैदान में परिवर्तन सभा की। इसमें पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में समर्थक पहुंचे थे। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। श्री चौहान ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां की सरकार नौजवानों को रोजगार देने के बदले मौत दे रही है। यह सरकार युवाओं को वर्दी के बदले कफन दे रही है। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी की पार्टी बन गयी है झामुमो। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आयेगी तो उत्पाद सिपाही बहाली एवं परीक्षा में पेपर लीक करने वाले लोगों को बख्सने वाली नहीं है। इस मामले में जो भी दोषी पाये जायेंगे उनपर कार्रवाई होगी।

**प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी** ने कहा कि जिस राज्य के हाजत में लोगों की मौत हो रही हो तो राज्य की जनता अपने आप को कहां सुरक्षित महसूस कर सकती है। यह सोचने की आवश्यकता है। हेमंत सरकार के बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देने से आज संथाल परगना से आदिवासी समुदाय गांव छोड़कर भाग रहे हैं।

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी** ने कहा कि झारखंड से आदिवासियों का नामोनिशान मिटाने के लिए हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों का सहारा ले रही है। झारखंड में लव जिहाद के साथ लैंड जिहाद हो रहा है।

**सांसद बीडी राम** ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को हेमंत सरकार रोक कर रखी है। इससे झारखंड वासियों का विकास नहीं हो रहा है। ऐसी निकम्मी सरकार मैंने कभी नहीं देखी।

**विधायक आलोक चौरसिया** ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जब योजनाओं की मांग की जाती है तो यह सरकार अड़चन लगाती है। कई योजनाएं धरातल पर उतारने के लिए सरकार के फाइल में दबा हुआ है।

**पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता** ने कहा कि विगत 4 वर्षों में पांकी में विकास की लकीरें खींची गयी है। आज पांकी विस क्षेत्र के लोग सिर उठाकर गर्व के साथ यह कहते हैं कि हमारे क्षेत्र में विकास हो रहा है।

**ये रहे मौजूद :** मौके पर छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व सांसद घूरन राम, मनोज भुइयां, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, विकास प्रीतम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, मंगल सिंह, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कामेश्वर कुशवाहा, प्रेम सिंह, जवाहर पासवान, सुनील पासवान, विनोद सिंह, दुर्गा जौहरी, श्याम नारायण दुबे, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ठाकुर महतो, रीना किशोर, सीटू गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, मनोज सिंह, विनोद सिंह, विजय ठाकुर आदि भी थे।

**प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया स्वागत**



मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान को बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने श्रीमती शंकर को हाथ जोड़ कुशल क्षेम पूछा और बुके स्वीकार किया।

**परिवर्तन सभा में बही परिवर्तन की बयार**



भाजपा ने शिवाजी मैदान में परिवर्तन सभा की थी। इसमें पलामू प्रमंडल के सभी विस क्षेत्र से लोग पहुंचे थे। वहीं पांकी विधायक हजारों समर्थकों के साथ हाथों में तख्तियां लिये सभा स्थल पहुंच परिवर्तन की बयार चला दी। कार्यकर्ताओं के उत्साह से ऐसा लग रहा था कि अब परिवर्तन होकर ही दम लेगा। लोगों ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए झारखंड में परिवर्तन होकर रहेगा ऐसे सरीखे नारे लगा रहे थे। कार्यकर्ता वाद्य यंत्र पर नाचते गाते झूमते हुए सभा स्थल पर पहुंचे।

# अंतिम बूंद खून तक करता रहूंगा सनातन धर्म की रक्षा

**पांकी विधायक ने भरी हुंकार**

- विधायक शशिभूषण मेहता ने सनातन धर्म के मानने वालों हरवे हथियार के साथ 30 को जुटने का आह्वान किया



विधायक को तलवार भेंट करते सनातनी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। शनिवार को हिन्दू समाज के लोगों ने हिंदू समाज व सनातन धर्म की रक्षा के लिए नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को तलवार देकर समाज की रक्षा करने का आग्रह किया है। समाज के इस निर्णय का स्वागत व सम्मान करते हुए पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि हिंदू समाज के लोगों जिस उम्मीद के साथ हिंदू समाज व सनातन धर्म के लोगों ने तलवार देकर समाज की रक्षा के लिए जो जिम्मेदारी दी है उस उम्मीद खरा उतरने के लिए वह अपने जान को न्योछावर कर देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक उनके शरीर में खून का एक कतरा रहेगा तब तक वह समाज की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेंगे। किसी भी परिस्थिति में कोई हिन्दू समाज व सनातन धर्म के लोगों को आंख दिखायेगा तो आंख निकाल देंगे। विधायक ने कहा कि हमारे समाज की नाबालिग बेटी को पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक सकुशल वापसी कराने में असफल साबित हो गयी है। विधायक ने सनातन धर्म के लोगों से 30 सितंबर को बेदानी मोड़ पर हरवे हथियार से लैस होकर भाग लेने का आह्वान किया है।



### मोहम्मदगंज में पूजा पंडाल को लेकर तैयारी जोरों पर

मोहम्मदगंज, पलामू। दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके लिए भव्य और आकर्षक पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा कमेटी के व्यस्थापक विवेक विशाल बंटी ने बताया कि 1.5 लाख की लागत के पंडाल बनाने में गढवा के कारीगर धनंजय, कृष्णा, निरंजन और श्यामबिहारी जुटे हैं। नवरात्र के आरंभ के साथ वाराणसी के पंडित पुष्पेंद्र पांडेय संपूट पाठ और अन्य अनुष्ठान करेंगे। पूजा की तैयारी में अध्यक्ष पंकज कुमार सहित रामजन्म राम उपाध्यक्ष, बबलू यादव महामंत्री, कमलेश कुमार मेहता सचिव, अनिल सोनी संगठन सचिव, रिंकू सोनी कोषाध्यक्ष और गीता यादव महिला मंत्री के अलावा अन्य सदस्य जुटे हैं।

# 2016 से 2020 तक के पीएम आवास लाभुकों का अबतक नहीं हुआ भुगतान, लाभुक परेशान

- लाभुकों के बकाया का भुगतान कराने के लिए निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने लिखा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हुसैनाबाद, पलामू। नगर पंचायत हुसैनाबाद के पूर्व वार्ड पार्षदों ने झारखंड के नगर विकास एवं आवास विभाग विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र में वर्ष 2016 से वर्ष 2020 के बीच के प्रति वर्ष लाभुकों का प्रधान मंत्री आवास का निर्धारित प्रक्रिया के तहत चयन हुआ था। सभी लाभुकों का किश्तवार भुगतान प्रक्रिया के तहत किया गया है। मगर प्रत्येक वित्तीय वर्ष 2016 से 2020 के बीच के कुछ लाभुकों का तीसरा एवं चौथा (दोनों) किश्त आज तक बकाया है। बकाया राशि के भुगतान को लेकर सभी लाभुक जिनका भुगतान लंबित है, लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। वह निवर्तमान वार्ड पार्षदों के पास लंबित भुगतान के लिए गुहार लगा रहे है।

**खास बातें :** निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने इस गंभीर मामले को लेकर लगातार तत्कालीन समय से ही नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक पदाधिकारियों से भुगतान कराने के लिए लिखित एवं मौखिक आग्रह करते रहे है। जब इस पर कार्यालय से कोई सकरात्मक पहल नहीं किया गया, उच्च अधिकारियों समेत प्रधान मंत्री, मुख्य मंत्री, नगर विकास मंत्री को वर्ष 2022 से ही लिखित आवेदन लगातार भेज रहे हैं। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में उन्होंने कहा है कि लाभुकों की वित्तीय हालत ठीक नहीं रहने के कारण उन्हें अपने बकायदार (दुकानदार) से भी लगातार प्रताड़ना झेलना पड़ रहा है। क्योंकि उन्होंने छड़ सीमेंट ईट आदि उधारी लेकर अपना आशियाना खड़ा किया था। उन्हें उम्मीद थी की उन्हें जिस तरह दो किस्त का भुगतान किया गया, उसी तरह तीसरी व चौथी किस्त का भी भुगतान हो जायेगा। वार्ड पार्षदों ने अधिकारियों मंत्रियों से पुनः आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री आवास के लंबित भुगतान के ममला को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कारवाई की जाए। ताकि लाभुको का बकाया भुगतान जल्द ही हो सके।उन्होंने की गई कारवाई की लिखित जानकारी भेजने का भी आग्रह किया है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व वार्ड पार्षद अखिलेश यादव,अर्जुन प्रसाद, राजेंद्र पाल,लालती देवी, मधु अग्रवाल, सुनीता देवी, सुदर्शन राम, ज्ञानजय सोनार आदि शामिल हैं।

# देश को विश्व पर्यटक के शिखर तक पहुंचाने में सब करें मदद: डॉ कौशल

- विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के तहत किया पौधरोपण
- नावा के ताली को पर्यटक के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से पौधरोपण कर किया शुभारंभ : ट्री मैन डॉ कौशल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

नावा बाजार/ पलामू। ताली चेड़ी माई धाम परिसर में शुक्रवार को विश्व पर्यटक दिवस पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए उन्हें पर्यावरण, प्रकृति व पर्यटन की सुरक्षा का संदेश दिया। कहा कि विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# देश के जीडीपी में महिलाओं का अहम योगदान : केएन त्रिपाठी

- वही जिला और राज्य संपन्न होता है, जहां विधानसभा और लोकसभा उस क्षेत्र में ज्यादा बजट पारित करता है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

मेदिनीनगर। पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी जनता को दिये पांच प्रतिज्ञा को लेकर प्रतिज्ञा यात्रा शुरू किये हैं। वह जहां भी जा रहे हैं, जनता उनका अभूतपूर्व स्वागत कर रही है। उन्होंने पांच प्रतिज्ञा जनता से की है, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि मैं जनता को दिये वादों से वचनबद्ध हूं। उसे अवश्य पूरा करूंगा। पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के विभिन्न गांवों का दौरा किया। कहा कि प्रतिज्ञा यात्रा इसलिए आवश्यक है क्योंकि जो कार्य 2014 में अधुरा रह गया था। डालटनगंज क्षेत्र पिछले 10 वर्षों में काफी पिछड़ गया है, हमारे कार्यकाल में कई योजनाएं स्वीकृत हुई थी। देश की अर्थव्यवस्था महिलाओं की कार्यप्रणाली पर पूर्णतः निर्भर है। यही कारण है कि महिलाओं का हमारे देश की जीडीपी में अहम योगदान है।

### प्रसिद्ध लोक कलाकार उदयनाथ का निधन, शोक



विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड के तोलरा निवासी प्रसिद्ध लोक कलाकार उदयनाथ तिवारी (87) का शनिवार को निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। तोलरा गांव स्थित कोयल नदी तट पर आज ही उनका दाह संस्कार भी कर दिया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे श्यामा तिवारी ने दी। अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन दुबे उर्फ बिकास, अंजू अभिमन्यु टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, नेत्री नूतन देवी सहित कई लोग शामिल हुए।

### बिहार के मंत्री का हरिहरगंज में स्वागत



हरिहरगंज पलामू। बिहार सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू के झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रभारी श्रवण कुमार का शनिवार को हरिहरगंज में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उमेश साव के आवास पर प्रेस वार्ता में श्रवण ने कहा कि झारखंड में एक दर्जन सीटों पर जदयू गठबंधन पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। सीटों के बंटवारा को लेकर गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक भी हुई है। जल्द ही सीटों का बंटवारा हो जायेगा। मौके पर कुटुंबा के पूर्व विधायक ललन भुइयां, प्रमोद सिंह, सीताराम सिंह, राजेंद्र सिंह, लव गुप्ता, विंध्याचल साव, अमित सिंह, अंतिश गुप्ता, शत्रुघ्न साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विश्रामपुर कांग्रेस का गढ़, घटक दल निभाये गठबंधन धर्म : अमृत शुक्ला

- कांग्रेस ने किया प्रेस कांफ्रेंस, कार्यकर्ताओं से पार्टी के नीति सिद्धांतों को लेकर जन-जन तक जाने की अपील



**खबर मन्त्र संवाददाता**

विश्रामपुर (पलामू)। कांग्रेस के प्रादेशिक नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां की जानता ने हमेशा कांग्रेस पर भरोसा जताया है। कांग्रेस प्रत्याशियों को जीताकर विधायक बनाया है। इसलिए विश्रामपुर विस क्षेत्र से कांग्रेस ही चुनाव लडेगी। घटक दल गठबंधन धर्म का पालन करें। क्षेत्र में भ्रम की स्थिति न बने इसका ख्याल रखें। श्री शुक्ला शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के बाद कांग्रेस द्वारा रेहला में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 35 वर्षों से सक्रिय राजनीत में हूं। सेवाभाव के साथ लोगों से जुड़कर रहा हूं। पार्टी का सच्चा सिपाही बनकर संगठन को मजबूत और विस्तारित करता रहा हूं।

### मोहम्मदगंज में लगा बिल वसूली शिविर

मोहम्मदगंज, पलामू। प्रखंड में शनिवार को स्टेशन रोड पर बिजली विभाग ने बिजली बिल वसूली के लिए एक शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 50 से अधिक उपभोक्ताओं ने कुल मिलाकर 1 लाख रुपये की बकाया राशि का भुगतान किया।शिविर में उपस्थित कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का बकाया 5 हजार रुपए से अधिक है, उन्हें जल्दी से जल्दी अपना बिल चुकता करना चाहिए, नहीं तो उनके कनेक्शन काट दिये जायेंगे। उन्होंने यह भी बताया

# अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में निकला रेबीज जागरूकता शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

हुसैनाबाद, पलामू। शनिवार को विश्व रेबीज दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें बताया गया कि रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। जिसका बचाव पूर्णतः संभव है। इसके लिए सम्पूर्ण टीकाकरण जरूरी है। रेबीज कुत्ते, बिल्ली, बंदर आदि जैसे जानवरों के काटने या खरोंचने के कारन हो सकता है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि यदि कोई भी जानवर काट ले तो उस स्थिति में तुरंत घाव को साबुन और बहते साफ पानी से तुरंत धोएं या स्परिट या अल्कोहल या घरेलु एंटीसेप्टिक का इस्तेमाल करें, घाव पर मिर्च, सरसों का तेल इत्यादि कोई अन्य पदार्थ न लगायें और अन्धविश्वास से बचें, एंटी रेबीज क्लिनिक में जायें और चिकित्सक से परामर्श अनुसार टीकाकरण का कोर्स पूरा करें।

### छतरपुर पाटन विधानसभा के भावी उम्मीदवार संदीप सरकार ने चलाया जन संपर्क अभियान



पाटन पलामू। युवा एकता मंच पलामू जिलाध्यक्ष सह छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र से भावी उम्मीदवार संदीप सरकार ने पाटन क्षेत्र के हिसरा बरवाडीह सिक्कीकला सहित विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री संदीप ने लोगों से आगामी विधानसभा में लोकल उम्मीदवार को जाति और पार्टी से ऊपर उठकर छतरपुर पाटन विधानसभा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से समर्थन करने की अपील की। छतरपुर पाटन विधानसभा के लिए इतने बड़े दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड अलग होने के 24 साल बाद भी आज तक कोई स्थानीय विधायक नहीं बन पाये हैं। बाहरी नेताओं ने इस विस क्षेत्र को किराया का घर समझ लिया है। समय पड़ने पर हमारे क्षेत्र के गरीब और भोली भाली जनता से वोट की अपील की।

# हिमांचल में एडवेंचर कैंप, जपला ए के सिंह डिग्री कॉलेज करेगा एनपीयू का प्रतिनिधित्व

- कुलपति और कुलसचिव ने दी टीम लीडर को बधाई




एडवेंचर कैंप के लिए रवाना होती जपला एके सिंह डिग्री कॉलेज की टीम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हुसैनाबाद, पलामू। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय नई दिल्ली के द्वारा आयोजित हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में एडवेंचर कैंप का प्रतिनिधि एनपीयू करेगा इसके लिए नीलांबर-पीतांबर विवि के अंतर्गत ए के सिंह कॉलेज जपला के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रमुख सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह को झारखंड के पुरुष टीम लीडर के रूप में क्षेत्रीय निदेशालय पटना के द्वारा चयन किया गया हैं। यह कैंप 30 सितंबर से 09 अक्टूबर 2024 तक अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में आयोजित होना है। जिसमे एनपीयू से चार स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। जिसमें ए के सिंह कॉलेज जपला से शुभम प्रकाश और प्रिया कुमारी तथा एम के कॉलेज पांकी से शुभम कुमार और वन्दना कुमारी शामिल है। वहीं एनपीयू के माननीय कुलपति बालकिशुन मुंडा, कुलसचिव शैलेश मिश्रा, कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप कुमार, एके सिंह कॉलेज जपला के प्राचार्य सूर्य मणि सिंह और एम के कॉलेज पांकी के प्राचार्य डॉ दिलीप राम समेत सभी लोगों ने टीम लीडर प्रोफेसर राजेश सिंह एवं चयनित चार सदस्यों को बधाई दी है।

# जिला परिषद अध्यक्ष ने नवडीहा पंचायत भवन के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



शिलान्यास के मौके पर उपस्थित जिप सदस्य व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के नवडीहा पंचायत भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास पलामू जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी ने किया। 99,50,000 रूपये की लागत से नौडिहा पंचायत का नव निर्माण कार्य किया जायेगा। नवडीहा पंचायत भवन अति जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गयी थी पंचायत भवन बहुत पुराना हो गया था। पंचायत का कार्य पंचायत भवन में नहीं हो पा रहा था। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत भवन का निर्माण बहुत जरूरी था। पंचायत जर्जर अवस्था में होने के कारण पंचायत का कार्य पंचायत कर्मी नहीं कर पा रहे थे। अब पंचायत भवन का निर्माण हो जाने से लोगों का काम पंचायत भवन में हो सकेगा। लोग आसानी से अपना काम पंचायत भवन में आकर करवा सकते हैं। समाजसेवी दया सिंह ने कहा कि पंचायत भवन के निर्माण नहीं होने से जनता का काम अवरुद्ध हो गया था। पंचायत कर्मी पंचायत भवन में नहीं बैठते थे अब पंचायत भवन का निर्माण कार्य जल्द ही हो जायेगा। इस मौके पर प्रेम सिंह, बिनित सिंह, समाजसेवी दया सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदकुमार राम, रामदाहिन सिंह, सुनील सिंह, आकाश सिंह, अमरेश प्रजापति, संतोष तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# गंडक बराज के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी

## 5 लाख 1 हजार 6 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया



एजेंसी

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** पड़ोसी देश नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र व पहाड़ी क्षेत्रों में 48 घंटा से रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश से गंडक नदी के जलस्तर में फिर एक बार लगातार वृद्धि जारी है। गंडक बराज द्वारा शनिवार की शाम को 5 लाख 1 हजार 6 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया, लेकिन अभी भी गंडक बराज के जलस्तर में भारी वृद्धि जारी है।इस सन्दर्भ में गंडक बराज के अधीक्षण अभियंता नवल किशोर भारती ने बताया कि जल स्तर में वृद्धि को देखते हुए गंडक बराज के सभी 36 फाटकों को पूर्ण रूप से खोल दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि पानी की बढ़ती स्थिति के मद्देनजर गंडक बराज पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हाई अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि गंडक बराज के जल स्तर में बनी वृद्धि को देखते हुए रात दिन बराज पर कैंप किया गया है।वहीं पल-पल की रिपोर्ट पर नजर रखी जा रही हैं। नेपाल के जल ग्रहण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही रूक-रूक झमाझम बारिश होने के कारण गंडक नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है।वही नेपाल के देव घाट से 6 लाख 38 हजार क्यूसेक पानी फोलो किया गया हैं। जिससे निचले कई इलाकों में फिर से गंडक नदी का पानी फैलने लगा है। वही गंडक नदी से सटे वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के कक्षा संख्या एम 29 एवं 30 तथा 28 धनहिया दियरा, ठाडी आदि के जंगल में गंडक का पानी और बरसात का पानी फैला रहा है। वन क्षेत्र में बरसाती पानी एवं गंडक नदी का पानी घुसने से वन्य जीव सुरक्षित जगहों की तलाश में ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। गंडक नदी के तटवर्ती गांव चकदहवा,झंडू टोला एसएसबी कैंप, बिन टोली, कान्ही टोला के आलावा ऊत्तर-प्रदेश के शिवपुर, मरचहवा आदि निचले क्षेत्रों में पानी घुसना शुरू हो गया हैं। अभियंता ने बताया कि देर शाम तक 5 लाख से अधिक गंडक नदी के जलस्तर में बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। वही एसएसबी के झंडाहवा टोला कैंप के साथ-साथ चकदाहवा,कान्ही टोला व बीन टोली आदि गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। लगभग 600 घरों में शनिवार की अगले सुबह में घुसने के बाद लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिसके चलते बाढ़ का पानी एसएसबी कैंप सहित गांव में घुस गया है। पानी बढ़ने के साथ ही लोग अपने माल -जाल के साथ चकदहवा विद्यालय व ऊंचे बांध पर शरण लेने लगे हैं। एसएसबी 21 वी वाहिनी झंडूटोला के इंस्पेक्टर सह कंपनी कमांड़र राजेन्द्र कुमार ने बताया कि गंडक नदी का जलस्तर शनिवार की अहले सुबह से अचानक बढ़ गया। जिसके चलते बाढ़ का पानी एसएसबी कैंप के साथ-साथ गांव में प्रवेश कर गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए एसएसबी के अधिकारी व जवान नाव द्वारा बचाव कार्य में जुटे गए हैं।

## मेडिकल कैंप, बोट, एंबुलेंस सभी रहें तैयार-जिलाधिकारी

**पूर्णिया।** पूर्णिया के जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार ने कोशी बैराज से अत्यधिक जल छोड़ने की संभावना को देखते हुए शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक किया। बैठक में आपदा प्रबंधन शाखा के पदाधिकारियों, जिला स्तरीय, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि कोशी बैराज के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश के कारण जल स्तर बढ़ रहा है और बैराज से छः लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने की संभावना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को इस अप्रत्याशित आपदा से निपटने के लिए एक टीम के रूप में काम करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नीचले इलाकों में लगातार माइकिंग कराने, लोगों को संभावित बाढ़ से सचेत करने, तटबंधों की निरंतर पेट्रोलिंग करने और आपात स्थिति में बचाव कार्य की तैयारियाँ पूरी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ शरण स्थलों पर मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित करने, मेडिकल कैंप और बोट एंबुलेंस की व्यवस्था करने, पर्याप्त मात्रा में दवाइयाँ और पशुचारा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक रसोई संचालन की तैयारियाँ, एसडीआरएफ टीमों की तैनाती, पॉलीथीन शीट्स की उपलब्धता, सड़क एंबुलेंस की तैयारी और प्रशिक्षित बचाव दलों के गठन पर भी जोर दिया। उन्होंने संभावित बाढ़ प्रभावित पंचायतों को चिह्नित करने, सूखा राशन की व्यवस्था करने और आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए। बैठक में 24.7 नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, ड्रोन से निगरानी करने, पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने और कटाव रोधी कार्य करने जैसे महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को हर समय मुस्तैद रहने और आपदा प्रभावित लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए संकल्पित होकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी जिला, प्रखंड और अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अभियंता और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भारी बारिश के बाद नेपाल के सरिसवा नदी में उफान



**पूर्वी चंपारण।** नेपाल के पहाड़ी व तराई क्षेत्रो में तीन दिनो से हो रही झमाझम बारिश से सीमाई शहर रक्सौल से होकर गुजरने वाली नेपाली सरिसवा नदी उफान पर है, जिस कारण शहर के कई मुहल्ले जलमग्न हो चुके है। नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से निचले इलाके में गुजर-बसर करने वाले लोग पलायन करने लगे है। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गांव से लेकर शहरी क्षेत्रो के अधिकांश इलाके में सरिसवा नदी व बारिश का पानी प्रवेश करने अफरातफरी का माहौल कायम हो चुका है। सबसे बड़ी बिडंबना तो यह है,कि रक्सौल शहर के मेन रोड पर बने सड़क से अधिक उंचाई पर नाले का निर्माण हो जाने के कारण जलनिकासी नही हो पा रहा है।लिहाजा सड़क पर करीब दो से ढ़ाई फीट पानी लग गया है। इसी प्रकार शहर के डंकन अस्पताल, वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6, 10, 20 सहित अधिकांश वार्डों में जलजमाव हो जाने से लोगों को परेशानियों का सामना कर रहे है। डंकन अस्पताल के सेंट्रल बैंक में भी पानी प्रवेश कर गया है। शहर के अधिकांश घरों में बाढ़ व बारिश का पानी प्रवेश कर जाने से लोग परेशान है। इसके साथ ही सुंदरपुर रोड स्थित वार्ड 4 में सरिसवा नदी का पानी प्रवेश कर गया है। सड़क पर करीब डेढ़ से दो फीट पानी बह रहा है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार बारिश यूं ही जारी रहा तो रक्सौल शहर के कई के वार्ड बाढ और बारिश के पानी के चपेट में होगे।

## बस्ताकोला विद्यालय के अंदर पहुंचा बाढ़ का पानी, बच्चों की करनी पड़ी छुट्टी



**किशनगंज।** जिले के मस्तान चौक स्थित बस्ताकोला प्राथमिक विद्यालय में जलस्तर बढ़ने से जल जमाव की समस्या उतपन्न हो गई है। जहां लगातार बारिशों से जलस्तर बढ़ने से मौजाबाड़ी महानंदा अपनी उफान में है। महानंदा की उफान ने कई घरों, स्कूलों को अपने चपेट में लेती हुई आगे की ओर अग्रसर बढ़ती जा रही है। यह विद्यालय मौजाबाड़ी महानंदा के किनारे अवस्थित है। शनिवार को विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि मौजाबाड़ी महानंदा की पानी विद्यालय तक पहुंच चुकी है जिस कारण विद्यालय में बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। गौर करे कि यह विद्यालय सड़क से करीब तीन से चार फीट नीचे है। विद्यालय मे कार्यालय के अलावा और कोई स्थान बाकी नहीं है जहां पानी ना पहुंची हो। विद्यालय में कोई भी कक्षा सुखा नही है जिसमें बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जाए। जैसे-जैसे जलस्तर बढ़ती जा रही है। वैसे ही कई घर व विद्यालय पानी की चपेट में आते जा रहे हैं।अगर इस प्रकार नदियों की जलस्तर बढ़ती रही तो यह आगे चलकर बाढ़ जैसी समस्या उत्पन्न कर सकती है।

## जिले में हो रही लगातार बारिश से महानंदा का बढ़ा जलस्तर



एजेंसी

**किशनगंज।** जिले के महीनगांव पंचायत व दौला पंचायत अंतर्गत फरसा डांगी, नूनिया, गोविंदपुर, बेलवा व पोरला बाड़ी इत्यादि कई गांव बाढ़ से प्रभावित है। जहां लगातार जलस्तर बढ़ने से लोगों के घरों तक बाढ़ का पानी पहुच चुका है। शनिवार को स्थानीय कुछ लोगो ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा बाढ़ के अलर्ट के अनुसार इस प्रकार की बारिश जारी रही तो 2017 जैसी बाढ़ आने की संभावना हो सकती है और अपने घर व सामान छोड़कर अन्य सुरक्षित स्थानों में पलायन करना पड़ सकता है। महानंदा अपनी उफान को बढ़ाते हुए कई घरों को क्षतिग्रस्त करते आगे की ओर अग्रसर बड़ती जा रही हैं। जिससे लोग काफी चिंतन मनन में डूबे हैं कि कहीं उनके घर व जान माल क्षतिग्रस्त ना हो जाए। वहीं दिघलबैंक प्रखंड के पत्थरघटी में रेस्क्यू स्टार्ट हो गया है। वार्ड नंबर 9 से पहली बोट से लोगों को लेकर आ गया है।

आदिवासी टोले में कुछ लोगों ने आने से मना भी किया है लेकिन समझा बुझाकर लोगों को बाहर निकलवाना चालू कर दिया गया है। पहली खेप में महिला और बच्चों को लाया गया है।

## दो दिनों के मूसलाधार बारिश में वाशिंग पिट निर्माण कार्य स्थल पर भरा पानी, काम पर लगी रोक

एजेंसी

**अररिया।** जोगबनी रेलवे स्टेशन पर 4 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन वाशिंग पिट निर्माण कार्य स्थल पर पानी भर जाने के कारण निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। करीबन 715 मीटर लंबे वाशिंग पिट के दोनों प्लेटफार्म के बीच कई फीट पानी भर जाने के कारण निर्धारित कार्यावधि में काम के पूरा होने पर ग्रहण लग गया है। निर्माण कार्य करा रही एजेंसी के अनुसार, स्थिति सामान्य होने में पंद्रह दिनों से लेकर एक महीने तक का समय लग सकता है। उन्होंने अधिक संख्या में मजदूर लगाकर निर्धारित कार्य अवधि में काम पूरा करवाने के लिए सकारात्मक प्रयास करने की बात कही।

## लगातार बारिश से जिले की नदियां उफनाई

### कई इलाकों का डीएम एवं एसपी ने लिया जायजा

एजेंसी



**अररिया।** नेपाल के तराई सहित पहाड़ी क्षेत्र में भारी बारिश के साथ जिले में तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जिले में बहने वाली परमान, बकरा, रतुआ, नूना, कनकई, कृष्णा, सुरसर आदि नदियां उफान पर हैं। फलस्वरूप अगल बगल के इलाकों में नदी का पानी फैल गया है,जिसके कारण जिले के दर्जनों गांव में बाढ़ से हालात पैदा हो गए हैं।निचले इलाकों में पानी फैलने के कारण लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। जिला प्रशासन निचले इलाकों में फैले पानी को लेकर आमलोगों से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने की अपील कर रहे हैं।वहीं बाढ़ जैसे हालात में फंसे ग्रामीणों को बाहर निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुट गई है।वहीं डीएम अनिल कुमार ,एसपी अमित रंजन, एसडीएम अनिकेत कुमार,सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह सहित अन्य अधिकारी जोकीहाट,पलासी प्रखंड सहित अन्य प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति की जानकारी ली। जिला प्रशासन के अधिकारी के साथ जोकीहाट के विधायक शाहनवाज आलम भी साथ रहे। पलासी प्रखंड के धर्मगंज और पिपरा बिजवार पंचायत के आधा दर्जन गांवों के निचले इलाकों में नदी का पानी फैल गया है। वहीं धर्मगंज से मेहरो चौक जाने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क पर तीन से चार फीट पानी बह रहा है।सैकड़ों एकड़ खेत में लगे फसल पौधे सब गए हैं। ग्रामीण सड़क कई जगह कट जाने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोग अपने घर और मवेशी को छोड़कर जाना नहीं चाह रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि जो भी मदद हो सके प्रशासन के द्वारा सभी लोगों के लिये किया जाये क्योंकि इससे पानी के कारण खेतों में लगा फसल बर्बाद हो गया है साथ ही साथ घरों में भी पानी घुस गया है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। फारबिसगंज में परमान नदी के उफान के कारण पूर्वी क्षेत्र में बाढ़ से हालात पैदा हो गए हैं। खवासपुर, रमई, घोड़ाघाट, अमहरा, खमकौल, पिपरा आदि गांव में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। पूर्व जिला पार्षद दिलीप पटेल ने दर्जनों गांव का दौरा कर प्रशासन से बचाव और राहत कार्य चलाने की अपील की। किशनगंज और अररिया बॉर्डर पर कनकई नदी लबालब बह रही है, जिसका पानी नेशनल हाईवे 327ई को पार करने लगा है। ऐसा नजारा 11 अगस्त 2027 के बाद दोबारा देखने को मिला है, तब फोरलेन पर पानी नदी की धारा के साथ बह रही थी। कनकई नदी का रौद्र रुप देख कर लोगों में संशय है। उधर आला अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। बीच रोड पर पानी चढ़ने से जोकीहाट, पलासी, सिकटी प्रखंड में लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। काशीबाड़ी, डकैता, कदमगाछी, पुरनदाह और बलिया सहित आसपास के गांव के लोग बोरिया बिस्तर समेटने लगे हैं। उधर हाईवे पर सैलाब का पानी चढ़ने से प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है।अररिया जल संसाधन विभाग की टीम, जोकीहाट बीडीओ सीओ और एसएचओ सहित अन्य अधिकारियों को हालात पर नजर बनाए रखने के निर्देश मिले हैं और मौके पर कैंप करने के लिए कहा गया है।

## सड़क का हुआ बुरा हाल, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी



हंगामा करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** गढ़वा जिले के मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र एवं प्रखंड क्षेत्रों में कई सड़कों का बुरा हाल है। वहीं बुढ़ीखांड़-करमडीह भाया अधौरा दुबे तहले का जो बुरा हाल है उसे ब्यां नहीं किया जा सकता है। इस सड़क से खरसोता भाया चाका, अधौरा, दुबेतहले, करमडीह, रामपुर, जहारसराय होते हुए मेराल की ओर जाते हैं। बताते चलें कि 15, 16 सितंबर को हुई भारी बारिश के कारण चाका एवं अधौरा गांव के बीच सड़क टुट चुका है। जिससे सड़क लगभग पांच फीट चौड़ा एवं लगभग 3 फीट गहरा गड्ढा हो चुका है। जिसके कारण सड़क से आवागमन बाधित है।

## पांच दशक बाद कोशी बैराज से सबसे अधिक हुआ कोशी नदी का डिस्चार्ज

एजेंसी



**सहरसा।** लगातार हो रही अत्याधिक वर्षा से कोशी नदी के जलस्तर में निरंतर बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए सामान्यतः बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र सिमरी बख्तियारपुर, नवहट्टा, महिषी एवं सलखुआ से संबंधित आम नागरिक को सजग, सतर्क रहने एवं आवश्यकतानुसार उच्च स्थान पर चले जाने की सलाह दी गई है। स्थानीय प्रशासन को इस आशय की सूचना लगातार प्रसारित हो, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, चंद्रयाण एवं कोपरिया को तटबंधों के सतत निगरानी हेतु निर्देशित किया गया है। अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष सिमरी बख्तियारपुर नवहट्टा, महिषी, सलखुआ को सजग सतर्क रहने एवं अन्य विभागों के सहयोग, समन्वय से बाढ़ सुरक्षात्मक, राहत संबंधी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। कोशी नदी में निरंतर बढ़ते जल स्तर को देखते हुए बाढ़ से प्रायः प्रभावित होने वाले क्षेत्रों से संबंधित आम नागरिकों को आवश्यकतानुसार सुरक्षित स्थलो पर शरण लेने की सलाह दी जा रही है।स्थानीय प्रशासन बाढ़ से सुरक्षा एवं राहत हेतु निरंतर प्रयत्नशील है।

**कोशी नदी में निरंतर बढ़ते जल स्तर को देखते हुए सामान्यतः** बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में बाढ़ से सुरक्षा एवं राहत संबंधित कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में अंचलाधिकारी सलखुआ ने सामुदायिक रसोई घर हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। बाढ़ की संभावना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन सतर्क है। क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। महिषी अंतर्गत घोंघेपुर पंचायत स्थित सलुईस गेट भ्रमण क्रम में जल स्तर सामान्य पाया गया है। वही प्रखंड अंचलाधिकारी द्वारा लाउडस्पीकर से लोगो को कोशी नदी क्षेत्र मे नही जाने तथा सभी लोगों को उंचे स्थल शरण लेने हेतु अपील किया जा रहा है।साथ ही सतत सतर्क रहने की चेतावनी दी जा रही है।

ताकि संभावित बाढ आने पर लोगों के जानमाल की क्षति ना हो। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत आगाह किया जा रहा है। ज्ञात हो कि नेपाल के तराई क्षेत्र के साथ-साथ कोसी क्षेत्र में हो रहे भारी बारिश के कारण कोसी नदी का डिस्चार्ज 5 दशक के बाद पहली बार 6 लाख क्यूसेक से अधिक पानी का डिस्चार्ज किया गया है। जिस कारण जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव ने सभी जिला अधिकारी को एहतियातन कदम उठाने एवं बाढ़ आपदा के लिए जिला स्तर पर गठित दल की गस्ती तेज करने की अपील की है।

## खबर एक नजर में

### आंगनबाड़ी केंद्र में मिला विषाक्त भोजन, 14 बच्चे बीमार

**नवादा।** नवादा नगर थाना क्षेत्र के महुली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को बच्चों को परोसे गए भोजन में मृत छिपकली मिलने से हड़कंप मच गया है। भोजन करने के बाद 14 बच्चे बीमार हो गए है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवादा सदर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र महुली में छोटे बच्चों को पढ़ाई के बाद दोपहर के भोजन में खिचड़ी परोसा गया था, जैसे ही बच्चों ने खाना शुरू किया, उन्होंने थाली में एक मृत छिपकली देखी,इसके बाद भोजन खाने वाले सभी बच्चों की तबियत बिगड़ने लगी। बीमार बच्चों को तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर के अनुसार सभी बच्चे अब खतरे से बाहर हैं। उनकी स्थिति स्थिर है। आरोप लगाया जा रहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को विषाक्त भोजन दिया गया, जिससे बच्चे बीमार हो गये हैं। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सभी बच्चों का उचित उपचार किया जा रहा है। सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### बाल विवाह भ्रूण हत्या को लेकर बैठक

**गढ़वा।** जिले के बिशुनपुरा बीडीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने शुक्रवार को प्रखंड के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक किया। बैठक में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के तत्वावधान में बाल विवाह एवं भ्रूण हत्या पर रोक सामूहिक विवाह कार्यक्रम को प्रोत्साहित जैसे कार्यक्रमों से संबंाित चलाए जा रहे जन जागृति अभियान में सहयोग करने का निर्देश दिया है। बैठक में असहाय, निर्धन, अनाथ परिवार के विवाह योग्य कन्याओं का सर्वे करा कर एवं उनका निबंध करा कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल करने का निर्देश दिया गया।

### भाकपा ने शहीद भगत सिंह की मनायी जयंती

**रमना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर भगत सिंह चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा आजादी में दिए गये अमूल्य योगदान को याद किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गणेश कुमार सिंह ने भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि हमें भगत सिंह के आदर्शो को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। किसी भी प्रकार के हो रहे अन्याय के विरुद्ध मे आम-अवाम के साथ हूं। देश के प्रति इनकी त्याग और बलिदान को कभी भुला नहीं जा सकता है। मौके पर कम्युनिस्ट गढ़वा जिला महामन्त्री रामेश्वर प्रसाद अकेला, सदस्य देवी दयाल मेहता, नगर अंचल मंत्री रामनाथ उरांव, रमना अंचल मंत्री राजकुमार भुईयां, सदस्य मूर्ति कुंवर, महेश राम, रामचंद्र राम, मुंन्द्रिका राम, शिवनाथ राम, रामविजय सिंह आदि उपस्थित थे।

### भवनाथपुर थाना में शांति समिति की बैठक

**भवनाथपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक बीडीओ नंदजी राम की अध्यक्षता में की गई। बैठक में बीडीओ नंदजी राम एवं पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों से नवरात्रि के दौरान पूजा पंडालों में होने वाली कार्यक्रम एवं प्रतिमा विसर्जन को लेकर बारी-बारी से पंचायतवार जानकारी लेते हुए पूजा के दौरान पूजा पंडालों के सामने व्याप्त खामियों को अविलंब दूर करते हुए नवरात्रि के दौरान क्षेत्र में शराब पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की बात कही। पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने उपस्थित लोगो से दशहरा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अरसली उतरी एवं चपरी दुर्गा मंदिर के पास पूजा को लेकर उपजे जमीन विवाद को वहां के ग्रामीणों के साथ एक विशेष बैठक कर मामले को सुलझाया जायेगा। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि दुर्गा पूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के पूजा पंडालों में होने वाली सीरियल कार्यक्रम के दौरान लगातार पुलिस गष्ती बढ़ाई जायेगी, साथ ही अवैध शराब पर रोक लगाते हुए पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर पूरी तरह से नकेल कसी जायेगी।

### 21 छात्रों को प्रशिक्षण के बाद बैंगलोर में मिली नौकरी

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21 छात्रों को बैंगलोर के शोभा कंपनी मे नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम, प्राचार्य बृजकिशोर ने नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वालो युवक जो कम पढ़े लिखें है,उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हो गई है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से कम करते हुए राज्य का नाम रौशन करने का आग्रह किया।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**धुरकी।** दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मानने के लिए शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। सीओ सह बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दल के लोग सहित दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में आए लोगों से दुर्गा पूजा के लिए सरकार द्वारा जारी निर्देश के तहत पूजा मनाने की अपील किया गया। प्रभारी थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडाल में या शोभा यात्रा में डीजे नहीं बजाने, शराब का सेवन नहीं करने, अफवाहों पर यान नहीं देने, पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने और पूजा पंडाल में अग्निशमन यंत्र, बालू, लाइट की व्यवस्था को रखने का सहित महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकासी द्वार बनाने सहित अन्य कई जरूरी चीजों को लेकर पूजा समितियों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वाले के खिलाफ विरुद्ध पुलिस सख्त करवाई करेगी। ऐसी सूचना पर पुलिस को अविलंब सूचना करें।

### दिव्यांग महिला का हुआ सफल नि:शुल्क सिजेरियन ऑपरेशन

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में दोनों पैरों से दिव्यांग महिला रूती देवी पति जितेंद्र बिंद लगमा थाना के ग्राम खजुरी निवासी का विगत 9 माह से इलाज डॉ. नीतू सिंह के देखरेख में निःशुल्क किया जा रहा था। प्रेगनेंसी के 9 माह पूरे होने के बाद सिजेरियन ऑपरेशन कर बच्चा को स्वस्थ निकाला गया। उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू सिंह ने बच्चा होने तक का सारा खर्च उठा लिया था। इस कार्य के लिए मरीज व मरीज के परिजन ने डॉ. नीतू सिंह एवं अस्पताल के पूरे टीम को धन्यवाद दिया। अस्पताल के प्रबंधक डॉ. निशांत सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीज के उपचार लिए पूरे अस्पताल परिवार ने सहयोग किया।

### प्रमोद कुमार होंगे नये अंचल अधिकारी

**मझिआंव।** झारखंड सरकार राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने 27 सिप्तंबर को अधिसूचना जारी करते हुए 91 अंचल अधिकारियों को इार से उधर स्थानांतरित किया गया। यह स्थानांतरण झारखंड राज्यपाल के आदेश से रामेश्वर लयांगी सरकार के उप सचिव के द्वारा ज्ञापांक 02 के तहत किया गया है। इसके तहत गढ़वा जिले के मझिआंव, केतार, खरौंधी, रमना एवं भवनाथपुर सहित अन्य अंचल के अधिकारियों को स्थानांतरित किया है। वहीं मझिआंव अंचल अधिकारी के पद पर गृह जिला निवासी प्रमोद कुमार को चतरा जिला के कान्हाचट्टी से स्थानांतरित करते हुए मझिआंव अंचल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं वर्तमान में पदस्थापित अंचल अधिकारी शंभू राम को स्थानांतरित करते हुए पलामू जिले के विश्रामपुर अंचल में पदस्थापन किया गया है।

स्पीड न्यूज

### बौद्ध सर्किट के लिए 19 से चलेगी विशेष ट्रेन

कुशीनगर। भारतीय बौद्ध सर्किट के पर्यटन सीजन के दौरान आईआरसीटीसी ने विशेष पर्यटक ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर व लुंबनी सहित कई प्रमुख स्थलों की परिक्रमा करेगी। लक्जरी सुविधाओं से युक्त यह ट्रेन 19 अक्टूबर से लेकर अगले वर्ष 22 मार्च तक सात फेरे लगाएगी। क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी गोरखपुर रविंद्र कुमार ने बताया कि पर्यटन विभाग स्पेशल ट्रेन के यात्रियों का स्वागत करने को तैयार है। उन्होंने बताया कि देसी व विदेशी पर्यटकों के लिए आईआरसीटीसी ने भारतीय बौद्ध सर्किट के लिए बुकिंग खोल दी है।

### अमेरिका में तूफान से 26 लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका में तूफान हेलेन से करीब 26 लोगों की मौत हो गई है। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्जिया प्रांत में 11 , फ्लोरिडा में सात , दक्षिण कैरोलिना में छह और उत्तरी कैरोलिना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को तूफान हेलेन के नवीनतम प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।

### सोनीपत में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, तीन की मौत

सोनीपत। हरियाणा में सोनीपत जिले के रिधाऊ गांव में एक मकान से चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में शनिवार को विस्फोट होने से दो महिलाओं और एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विस्फोट संभवतः गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और फिर आग लग गई। दुर्घटना के समय मकान में करीब बारह लोग थे। घायलों को पीजीआई, रोहतक में दाखिल कराया गया है। इनमें मकान मालिक की बेटी भी शामिल है। पुलिस ने मकान मालिक वेदप्रकाश को हिरासत में लिया है और मामले की जांच जारी है।

### नेपाल में बाढ़ से 50 लोगों की मौत

काठमांडू । नेपाल में लगातार हो रही मसूलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से शनिवार अपराह्न तक कम से कम 50 लोगों की जान चली गयी है और 36 अन्य घायल हो गये हैं। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार अपराह्न दो बजे तक कम से कम 50 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि कई लोग अभी भी लापता हैं।

### अवंतीपोरा में हथियार गोला-बारूद बरामद

अवंतीपोरा। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार देररात पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का खुलासा करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिली है। पुलिस को महत्वपूर्ण सूचना मिली थी कि जैश का एक पाकिस्तान स्थित कश्मीरी आतंकवादी ऐसे युवाओं की पहचान करने की प्रक्रिया में था, जिन्हें आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा सके।

**चुनावी दर्पण: झारखंड जरमुंडी विधानसभा**

# इंडिया गठबंधन को एनडीए से मिलेगी कड़ी टक्कर

सत्येन्द्र

- हर चुनाव में कम रहा है जीत का फासला
- 2019 में मात्र 3100 वोट से जीते थे कांग्रेस के बादल पत्रलेख






रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव का घोषण होना अभी बाकी है। इसके बावजूद हर राजनीतिक दल राज्य के प्रत्येक सीट पर जीत दर्ज करने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर चुकी है। राज्य के किस विधानसभा सीट से कौन प्रत्याशी होगा इसका मंथन भी शुरू हो चुका है। खासकर वैसे विधानसभा सीटों पर अभी से ही राजनीतिक दल अपनी नजर बना रहे हैं जहां जीत का फासला काफी कम देखा गया है। ऐसे ही सीट में शुमार है झारखंड का जरमुंडी विधानसभा सीट। राज्य गठन के बाद जरमुंडी विधानसभा सीट एक ऐसा सीट है जहां जीत का फासला दस हजार वोट से भी कम होता है। 2019 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस के बादल पत्रलेख बीजेपी के देवेंद्र कुमार से महज 3100 वोट से जीते थे, जबकि 2015 में जेएमएम के हरी नारायण राय से उनकी जीत करीब 2800 वोट से हुई थी। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि जरमुंडी विधानसभा में इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन दोनों ही मजबूत स्थिति में है और इस बार जीत के लिए दोनों गठबंधन जी जान से मेहनत कर रहा है। इसी के तहत पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हेमंता बिस्वा सरमा ने जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के सोनारायठाड़ी स्थित पूर्व मंत्री हरिनारायण राय से उनके आवास पर मुलाकात की। जिसकी चर्चा राजनीतिक गलियारों में जोरों से है।

हरि नारायण राय जरमुंडी विधानसभा से दो बार निर्दलीय विधायक रह चुके हैं और राज्य में मंत्री भी रह चुके हैं। मंत्री रहने के दौरान उनके ऊपर आय से अधिक संपत्ति के आरोप लगाए गए। उन्हें सात साल की सजा भी सुनाई गई। सजा मिलने के कारण वर्ष 2019 का चुनाव वह लड़ भी नहीं पाए थे। लेकिन इस बार उम्मीद है कि वह एनडीए गठबंधन की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार बनेंगे।

वहीं जरमुंडी विधानसभा सीट से देवेंद्र कुवर दो बार चुनाव जीते हैं हालांकि उन्होंने दोनों बार अलग-अलग पार्टी से जीते 1995 में उन्होंने झामुमो से तो वर्ष 2000 में बीजेपी की टिकट पर वे जीतकर विधानसभा पहुंचे। वहीं हरिनारायण राय 2005 और 2009 में एक के बाद एक लगातार बतौर निर्दलीय उम्मीदवार जीत दर्ज की। इसके बाद बादल पत्रलेख पिछले दो बार 2014 और 2019 से लगातार जीत हासिल करते आ रहे हैं। हेमंत सरकार में उन्हें कृषि मंत्री संभालने का भी मौका मिला। एक बार फिर उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस की टिकट पर जरमुंडी विधानसभा सीट से जीत दर्ज करेंगे। उनके कार्यकर्ताओं के कहना है कि बादल पत्रलेख ने इलाके में काफी काम किया है और यहां के मतदाता उन्हें फिर से जिताएंगे।

### दस वर्षों से कम वोट से हार रही है भाजपा

जरमुंडी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी पिछले दस वर्षों से महज कुछ वोटों से हार रही है, लेकिन इस बार के विधानसभा को जीतने के लिए एनडीए गठबंधन सारी ताकत झोंकते नजर आ रहा है। वहीं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की तरफ से बादल पत्रलेख लगातार कुछ वोटों से दो बार से जीत रहे हैं। इसलिए उन्हे उम्मीद है कि इसबार भी इंडिया गठबंधन से उन्हे ही टिकट मिलेगा और वे जीत दर्ज करेंगे।

### भाजपा से हरि नारायण समेत कई दावेदार



इधर, 20 सितंबर को असम के मुख्यमंत्री और हरि नारायण राय की मुलाकात हुई। यह मुलाकात कई मायनों में खास मानी जा रही है। हरि नारायण राय से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने जिस तरह से बयान दिया है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से हरि नारायण राय उम्मीदवार हो सकते हैं। हालांकि भाजपा की तरफ से जरमुंडी में कई दावेदार हैं। इसमें पूर्व राज्यसभा सांसद अभय कांत प्रसाद, आरएसएस और पार्टी से लंबे समय से जुड़े सीताराम पाठक, बीजेपी के प्रदेश सचिव रविकांत, जिला अध्यक्ष गौरव कांत। हालांकि अभी किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। लेकिन एक बात तय है कि इस सीट पर बीजेपी और कांग्रेस की कांटी की टक्कर जरुर होगी।

#### 2019 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| बादल पत्रलेख | कांग्रेस | 52,507 |
| देवेन्द्र कुंवर | बीजेपी | 49,408 |
| फुलकुमारी देवी | निर्दलीय | 17,313 |
| संजय कुमार | जेवीएम | 9,242 |

#### 2014 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| बादल पत्रलेख | कांग्रेस | 43,981 |
| हरि नारायण राय | जेएमएम | 41273 |
| अभय कांत प्रसाद | भाजपा | 29,965 |
| देवेन्द्र कुंवर | जेवीएम | 14,189 |

#### 2009 का चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| हरि नारायण राय | निर्दलीय | 33,512 |
| देवेन्द्र कुंवर | जेएमएम | 23,025 |
| बादल पत्रलेख | कांग्रेस | 17,955 |
| वरुण कुमार | बीजेपी | 11,197 |

#### 2005 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| हरि नारायण राय | निर्दलीय | 28,480 |
| देवेन्द्र कुंवर | बीजेपी | 22,171 |
| चक्रधर यादव | राजद | 8884 |
| मणिशंकर | कांग्रेस | 7,524 |

#### 2000 का परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| देवेन्द्र कुंवर | बीजेपी | 24,082 |
| हरिनारायण राय | बीएसपी | 19,019 |

**संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को भारत का करार जवाब**

# सीमा पार आतंकवाद का परिणाम भुगतना पड़ेगा

## लादेन को दी थी पनाह, दुनियाभर में आतंकी घटनाओं में हाथ : मंगलनंदन

एजेंसी




न्यूयॉर्क। भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेपर्दा किया है। पाक को आतंक का मसीहा बताते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएन ) में खूब खरी खोटी सुनाई। दरअसल, पाक पीएम शहबाज शरीफ ने बीते दिन जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था, जिसके जवाब में भारत ने कड़ी फटकार लगाई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम सभा में शहबाज शरीफ ने एक बार फिर कश्मीर का रोना रोने के साथ भारत के चुनौती बताई थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि दुनिया भर में आतंकवादी घटनाओं पर उसके अंगुलियों के निशान हैं और पाक को यह समझना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के उसे परिणाम भुगतने होंगे।संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलनंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए कहा, इस सभा ने आज सुबह एक दुखद घटना देखी। आतंकवाद, नशीले पदार्थों के व्यापार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए वैश्विक प्रतिष्ठा वाले सेना द्वारा संचालित देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया है। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ने लंबे समय से अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। भाविका मंगलनंदन ने आगे कहा कि पाक ने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थयात्रा मार्गों पर हमला किया है। ऐसे देश के लिए कहीं भी हिंसा के बारे में बात करना सबसे बड़ा पाखंड है। मंगलानंदन ने वैश्विक समुदाय को स्मरण कराया कि यह वही देश है जिसने लंबे समय तक अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को पनाह दी। दुनियाभर में कई आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ है। भारतीय राजनयिक ने कहा, इसमें किसी को कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उसके (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री इस प्रतिष्ठित मंच में ऐसा बोलेंगे। बावजूद इसके हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके शब्द हम सभी के लिए कितने अस्वीकार्य हैं। हम जानते हैं कि पाकिस्तान सच्चाई का सामना और अधिक झूठ से करना चाहेगा। बार-बार झूठ बोलने से कुछ नहीं बदलेगा। भारत का रुख स्पष्ट है। उसे दोहराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, सच यह है कि पाकिस्तान की नजर हमारे क्षेत्र पर है। उसने भारत के अविभाज्य और अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर में चुनाव को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है।

### कुलगाम में मुठभेड़ दो आतंकी मारे गये

**चार जवान और एक एएसपी घायल**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर हो गये जबकि चार सैन्यकर्मी और एक पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सेना और पुलिस के संयुक्त बल ने शनिवार को तड़के आदिगाम देवसर कुलगाम में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने गोलिया चलायी। दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। वहीं चार सैन्यकर्मी और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) घायल हो गये। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गये दोनों आतंकवादी संभवतः स्थानीय थे।

## दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत : मोदी

**28 सितंबर को सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के आकाओं को सबसे बड़ा सबक सिखाया था**



जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में ऐतिहासिक चुनाव हो रहे हैं, क्योंकि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार बनेगी। श्री मोदी ने कहा कि सितंबर 2016 में हुई सर्जिकल स्ट्राइक ने भारत के दुश्मनों को हिलाकर रख दिया है और अब कोई भी देश के खिलाफ साजिश रचने की हिम्मत नहीं करेगा, क्योंकि आतंकवाद के आकाओं को पता है कि मोदी उन्हें कहीं भी छुपकर ढूंढ निकालेंगे। प्रधानमंत्री ने जम्मू में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी आखिरी चुनावी रैली है, क्योंकि एक अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज 28 सितंबर है, पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सर्जिकल स्ट्राइक की सालगिरह। इसी दिन हमने दुश्मनों को उनके घरों में घुसकर मारा और दुनिया को दिखाया कि यह नया भारत है, जिसे अब और हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के आकाओं को सबसे बड़ा सबक सिखाया है क्योंकि अब कोई भी भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के समर्थकों को सबक सिखाया है कि भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत कोई नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भारत के खिलाफ कोई हरकत करता है, तो मोदी सरकार उन्हें कहीं भी छुप जाने की जगह नहीं देगी और उन्हें सबक सिखाएगी। इस बयान में प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखाया है कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है और अपने दुश्मनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकता है।

## किन्नरों ने किया पिंडदान



वाराणसी। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर शनिवार को अनादि विमल तीर्थ पिशाचमोचन कुंड पर किन्नरों ने अपने पूर्वजों की मुक्ति की कामना से पिंडदान,तर्पण किया। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर डॉ.लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में 30 से अधिक किन्नरों ने विधि विधान से अपने पूर्वजों की आत्मा की शान्ति और उनके मोक्ष की प्राप्ति के लिए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की। वर्ष 2016 से शुरू इस परम्परा के निर्वहन में किन्नरों ने अपने धर्म का पालन करते हुए चारों दिशाओं के मृत किन्नरों की अतृप्त आत्मा की शान्ति के लिए श्राद्ध किया।

### मुंबई पर आतंकी हमले की चेतावनी हाई अलर्ट जारी

मुंबई। केंद्रीय खुफिया एजेंसी की ओर से मुंबई पर आतंकी हमले की चेतावनी के बाद पुलिस ने हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुंबई पुलिस ने भीड़भाड़ वाली जगहों और धार्मिक स्थलों के साथ संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने मुंबई पुलिस को जानकारी दी है कि देश की आर्थिक राजधानी एक बार फिर आतंकियों के निशाने पर है। इसी पृष्ठभूमि में मुंबई पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है और शहर में गश्त बढ़ा दी गई है। नवरात्रि पर्व को देखते हुए प्रसिद्ध मंदिरों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इन स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के बाहर पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

## डेंगू के लिए डेंगीआल टीके का परीक्षण शुरू



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में शनिवार को डेंगू बुखार से बचाव के लिए डेंगीआल टीके का मानव परीक्षण शुरू किया गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और पैनेशिया बायोटेक के सहयोग से विकसित डेंगीआल टीके का यह तीसरा परीक्षण ह्यमानव परीक्षणह्व देशभर में 19 स्थानों पर किया रहा है। दिल्ली में एकमात्र डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल का चयन किया गया है। परीक्षण के लिए देशभर में 10 हजार 335 स्वस्थ व्यक्तियों का चयन किया गया है। इन सभी को डेंगू का टीका दिया जायेगा। प्रत्येक केंद्र पर 545 व्यक्ति हैं। संबंधित चिकित्सकों और अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि इस परीक्षण में कम्युनिटी मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री,पैथॉलाजी और मेडिसिन विभाग शामिल हैं।




# अवधारणा नहीं, साझा कर्तव्य है बाल संरक्षण : अन्नपूर्णा

एजेंसी

### कहा- दिव्यांग बच्चों पर दें विशेष ध्यान



नयी दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि दिव्यांग बच्चों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक है। बाल संरक्षण केवल एक अवधारणा नहीं है, यह हमारा साझा कर्तव्य है। खासकर जब बात विकलांग बच्चों की हो। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को यूनिसेफ के सहयोग से भारत के सर्वोच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति के तत्वावधान में आयोजित परामर्श के 9वें चरण को संबोधित कर रही थी। सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित परामर्श कार्यक्रम कानूनी संघर्ष में बच्चों (सीआईसीएल) और देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों (सीएनसीपी) पर विशेष जोर देने के साथ, दिव्यांगता की अंतसंबंधता को संबोधित करने पर केंद्रित था। परामर्श का उद्देश्य हितधारकों के बीच संवाद को बढ़ावा देना और बच्चों, विशेषकर विकलांग बच्चों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि उत्पन्न करना था। अन्नापूर्णा देवी ने कहा कि हमारी आबादी का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बच्चों का है, आज की सभा उनके कल्याण और सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, केन्द्र सरकार प्रत्येक बच्चे के लिए एक सुरक्षित और पोषणपूर्ण वातावरण बनाने के लिए समर्पित है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बाल संरक्षण के लिए बढ़ा हुआ आवंटन इस प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अद्वितीय चुनौतियों का सामना करने वाले दिव्यांग बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हर बच्चा, अपनी परिस्थितियों की परवाह किए बिना, आगे बढ़ सके और अपनी पूरी क्षमता का अहसास कर सके कार्यक्रम की शुरूआत सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, डॉ. न्यायमूर्ति धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने उद्घाटन भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने एक समावेशी समाज के निर्माण के महत्व पर जोर दिया, जहां हर बच्चा, अपनी क्षमताओं के बावजूद, अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त हो। सर्वोच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने विकलांग बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और इस महत्वपूर्ण कार्य में सभी हितधारकों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

### डिजिटल क्रांति ने पूर्वोत्तर में भी आमजन के जीवन को सरल बनाया : बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि डिजिटल क्रांति ने देश के सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्र में आमजन के जीवन को सरल बनाने का काम किया है। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जोन -3 के सम्मेलन में शामिल होने मिजोरम के दौरे पर आए श्री बिरला एजल के बड़ा बाजार पहुंचे और दुकानदारों तथा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार करने वाली महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने बांस से बनी हैट, ऑर्गेनिक फल और कुछ अन्य कलाकृतियां खरीदी। उन्होंने सभी उत्पादों की खरीदारी डिजिटल पेमेंट के जरिए की। अध्यक्ष ने यूपीआई के जरिए दुकानदारों को राशि की भुगतान की।

